WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर ,सोमवार, 21 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष - एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 158 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जिस तरह प्यार करने वाले डरते नहीं ठीक उसी तरह भ्रष्टाचार करने वाले भी नहीं डरते। उनका तकिया कलाम होता है कि जब भ्रष्टाचार किया तो डरना क्या? सत्ता में रहते भ्रष्टाचार का नंगा नाच करते हैं और सत्ता से हटने के बाद जब वे नपते हैं तो एक ही माला जपते हैं कि यह बदले की कार्यवाही है। चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए पुष्पा स्टाइल में यह डायलॉग मारते हैं - मैं झुकेगा नहीं। इन नंबरियों और दस नंबरियों के लिए तो तत्काल प्रभाव से भ्रष्टाचार को उनका जन्म सिद्ध अधिकार घोषित कर देना चाहिए।

संसद का मानसून सत्र आज से, पेश किए जाएंगे 8 नए विधेयक

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान केंद्र सरकार 8 नए विधेयक पेश करेगी और अन्य लंबित विधेयकों पर भी चर्चा होगी। सरकार का मुख्य ध्यान आयकर विधेयक 2025 पर है, जिसे बजट सत्र में 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया था। आयकर विधेयक को भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा की अध्यक्षता वाली संसद की चयन समिति ने संशोधनों के साथ स्वीकार कर लिया है। अब इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद संसद में पारित करने के लिए लाया जाएगा।

अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 शामिल है। इसके अलावा, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को हर छह महीने में संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी, इसलिए इसके विस्तार के लिए भी एक विधेयक लाया जाएगा। जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2025 भी इस सत्र में पेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य कारोबारी सुगमता और नियामक अनुपालन में सुधार करना है। इसके अलावा, अन्य सात विधेयकों पर भी चर्चा होगी, जो पहले पेश किए जा चुके हैं। मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले विधेयकों में लदान विधेयक 2024, समुद्री माल ढुलाई विधेयक 2024, तटीय नौवहन विधेयक 2024, गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025, आयकर विधेयक 2025, मणिपुर वस्तु

एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक 2025, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक 2025 शामिल हैं। यह सत्र सरकार और विपक्ष के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा का केंद्र होगा। विपक्ष ने भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग की है।

संसद के मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दल के नेताओं ने कई गंभीर मुद्दे उठाए। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भारत-पाकिस्तान और चीन सीमा पर दो मोर्चों की चुनौतियों और विदेश नीति पर चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को संसद में आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। गोगोई ने आगे कहा, काफी समय बीत चुका है और सरकार को अपनी चूक के ऊपर अपनी बात रखनी होगी। युद्ध के लिए हमने अपनी सेनाओं को पूरा समर्थन दिया। इसके पश्चात जो घटनाक्रम हुआ है, उस पर प्रधानमंत्री मोदी को प्रकाश डालना चाहिए क्योंकि जो बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से आ रहे हैं, वे कहीं न कहीं भारत की गरिमा और सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। आज चुनाव आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ वार्तालाप करने से भी हिचकिचा रहा है। रक्षा और विदेश नीति पर बात रखना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि मणिपुर में कुछ ही महीनों में शांति बहाल हो जाएगी, लेकिन लगभग 2.5 वर्ष हो चुके हैं और वहां अभी तक शांति स्थापित नहीं हुई है। गोगोई ने बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने पर चिंता जताई और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया। गोगोई ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग की कल्पना की थी, लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। वहीं समाजवादी पार्टी सांसद राम गोपाल यादव ने पहलगाम आतंकी हमले में खुफिया विफलता को गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों पर सवाल उठाया कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भारत की विदेश नीति को असफल करार देते हुए कहा कि आज शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार: किरेन रिजिजू

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले रविवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है।

किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए बताया, संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के फ्लोर नेताओं की एक बैठक हुई। इस सत्र में कुल 51 राजनीतिक दल और निर्दलीय सांसद भाग लेंगे। इन 51 दलों के 54 सदस्य आज बैठक शामिल हुए। 40 लोगों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी। बहुत सकारात्मक बैठक हुई । सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की स्थिति बताई और इस सत्र में लाने वाले मुद्दे उठाए। हमने

सरकार की ओर से सभी प्वाइंट लिखे हैं। हमने कहा है कि सदन अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर अच्छे से काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। यह सरकार के साथ विपक्ष की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे बताया कि छोटे-छोटे दल है, विशेषकर जिस पार्टी के एक या दो सदस्य होते है, उनको सदन में बोलने शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रेन में सीट को लेकर दो महिलाओं में मारपीट, एक ने फोड़ा सिर

बिलासपुर/नवप्रदेश । रायगढ़-बिलासपुर लोकल ट्रेन (गाड़ी संख्या 68737) में सीट को लेकर दो महिला यात्रियों के बीच हुई मारपीट की घटना सामने आई है। रेलवे सुरक्षा बल और शासकीय रेलवे पुलिस बिलासपुर ने रेल मदद शिकायत (संदर्भ संख्या 2025071906865) के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। शिकायतकर्ता युवरानी सिंह ठाकुर (42), पति विजय ठाकुर, निवासी चांपा रेलवे स्टेशन, गणेश होटल के पास, ने बताया कि उनकी सहयात्री अनन्या गुरु (30), पिता सुधांशु गुरु, निवासी रायगढ़, के साथ सीट पर बैठने की व्यवस्था को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई।ट्रेन में सीट को लेकर दो महिलाओं में विवाद के बाद एक महिला ने दूसरी का सिर फोड़ दिया। जिसके बाद महिला को गंभीर हालत में बिलासपुर के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

वियतनाम के हालोंग बे में क्रूज जहाज पलटा, 37 लोगों की मौत

बीजिंग (आईएएनएस)। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, 19 जुलाई को वियतनाम के क्वांग निन्ह प्रांत के हालोंग खाड़ी में क्रूज जहाज पलटने से 37 लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 10 अन्य लोगों को बचा लिया गया है। रिपोट्र्स के अनुसार, क्रूज जहाज पर 48 यात्री सवार थे, जिनमें सभी वियतनामी थे, तथा चालक दल के पांच सदस्य थे। अभी भी चार पीड़ितों की पहचान की पुष्टि की जानी है। इसके अतिरिक्त, पहले बचाए गए 11 लोगों की संख्या को घटाकर 10 कर दिया गया, क्योंकि एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 19 जुलाई को अचानक आए तूफान के कारण क्रूज जहाज पलट गया।

अमेरिका ने मेक्सिकन उड़ानों पर लगाए नए प्रतिबंध

वॉशिंगटन(आईएएनएस)। अमेरिका ने मेक्सिको पर द्विपक्षीय विमानन समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उसकी उड़ानों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिकी परिवहन विभाग ने कहा कि मेक्सिको 2022 से अमेरिका-मेक्सिको एयर ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट (2015) का पालन नहीं कर रहा है। विभाग के मुताबिक, मेक्सिको सरकार ने अचानक स्लॉट रद्द कर दिए और अमेरिकी मालवाहक विमानों को राजधानी के मुख्य हवाई अड्डे बेनिटो जुआरेज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हटाकर नए हवाई अड्डे पर ले जाने के लिए मजबूर किया।

मेक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रादोर ने इसे भीड़भाड़ और 2026 फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर जरूरी बताया था।

अमेरिकी परिवहन सचिव सीन पी. डफी ने तीन अमेरिका फर्स्ट उपायों की घोषणा की। इसके तहत कहा गया कि सभी मेक्सिकन एयरलाइनों को अमेरिका में अपनी उड़ानों का शेड्यूल परिवहन विभाग के पास दाखिल करना होगा। कोई भी बड़ा यात्री या मालवाहक चार्टर विमान अमेरिका से आने-जाने से पहले विभाग की अनुमति लेनी होगी। साथ ही, डेल्टा एयरलाइंस और एरोमैक्सिको की साझेदारी से एंटीट्रस्ट छूट वापस ली जा सकती है।

डेल्टा और एरोमैक्सिको ने 2016 में साझेदारी की थी और वे इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। कंपनियों ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई की सजा उन्हें नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे दो दर्जन रूट प्रभावित होंगे और करीब 800 मिलियन डॉलर की उपभोक्ता बचत पर असर पड़ेगा।

सीएम विष्णुदेव साय का कांग्रेस पर हमला

कांग्रेस के पास अब बोलने को कुछ नहीं बचा, जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर होना चाहिए विश्वास

दुर्ग/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस द्वारा पत्रकार वार्ता के माध्यम से लगाए जा रहे आरोप और ईडी की कार्रवाई पर सीएम विष्णुदेव साय ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के पास बोलने के लिए कुछ बचा नहीं है। क्योंकि लगातार विधानसभा, लोकसभा और फिर नगर निगम, नगर पंचायत में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर विश्वास होना चाहिए और अगर एजेंसियां गलत हैं, तो घोटाले में संलिप्त लोगों की जमानत याचिका खारिज क्यों हो रही है।

दरअसल, सीएम साय का यह बयान तब आया है जब ईडी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। वहीं उनसे शराब घोटाले के मामले में पूछताछ की जा रही है। इस गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ के खनिज संसाधनों को अडानी को बेचने की तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ अब अडानी प्रदेश बनने जा रहा है। इसका विरोध करने पर कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, विधायक देवेंद्र यादव और मेरे बेटे चैतन्य बघेल को भी इसी साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। वहीं आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने बेटे से मिलने ईडी कार्यालय पहुंचे थे।

बरेका की ऐतिहासिक उपलब्धि, 2500वें विद्युत रेल इंजन का किया निर्माण

बनारस (वार्ता)। बनारस रेल इंजन कारखाने ने 2017 में दो विद्युत इंजन के निर्माण के साथ अपना सफर शुरू किया था और अब इसने 2500वें इंजन बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है।

कंपनी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की रोज नई ऊंचाइयों को छू रही है। बरेका ने अब तक 10,822 लोकोमोटिव बनाये हैं, जिनमें 7498 डीज़ल इंजन और 2500 विद्युत इंजन शामिल है। इनमें से 641 गैर-रेलवे ग्राहकों के लिए, 174 निर्यातित डीज़ल इंजन, 01 ड्यूल ट्रैक्शन इंजन, 08 कन्वर्जन इंजन शामिल हैं।

बरेका ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 472 इलेक्ट्रिक लोको का निर्माण किया है। यह बरेका की उत्पादन क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और तकनीकी सामर्थ्य को दर्शाता है।

श्रीनिवासन और सुदर्शन वेणु से मिलकर खुशी हुई: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी के वेणु श्रीनिवासन और सुदर्शन वेणु से मिलकर उन्हें अपार खुशी हुई। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आज एक पोस्ट में कहा,मैं कच्छ की सुंदरता को दर्शाने और मोटरसाइकिल सवारों को वहाँ जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास की सराहना करता हूँ।

दरअसल टीवीएस मोटर कंपनी के अध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और उनके पुत्र सुदर्शन वेणु ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री 'रण उत्सव 2025 कॉफी टेबल बुक भेंट की।

मोदी ने आज सुबह इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर री-पोस्ट की। उन्होंने कच्छ की खूबसूरती को दर्शाने के लिए वेणु श्रीनिवासन के प्रयासों की सराहना की।टीवीएस के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को

टीवीएसएम रण उत्सव 2025 कॉफ़ी टेबल बुक भेंट की।

उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी में टीवीएस मोटर कंपनी ने गुजरात पर्यटन के साथ साझेदारी में रण उत्सव में एक असाधारण मोटरसाइकिलिंग अनुभव का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र की संस्कृति, प्राकृतिक दृश्यों और विरासत को प्रदर्शित किया गया जो युवाओं के बीच कच्छ को एक पर्यटन स्थल के रूप में लोकप्रिय बनाने के मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित है।

बिजली की चपेट में आने से 2 की मौत, 6 घायल

बलरामपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिल रहा है. यहां खेती कार्य में जुटे नाबालिग समेत 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 6 लोग गंभीर रूप से घायल है, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। पूरा मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बेलसर गांव में कुछ लोग खेत में काम कर रहे थे. मोबाइल चलाने के दौरान उनपर आकाशीय बिजली गिर गई. हादसे में नाबालिग की मौत हो गई. अन्य लोगों को शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. इलाज के दौरान सुवेश्वर नगेशिया ने दम तोड़ दिया. फिलहाल घायलों का इलाज जारी है। घायलों का नाम -संतोष तिग्गा पिता बहादुर तिग्गा उम्र 40 वर्ष जाति शेष पृष्ठ 6 पर

तेल आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा रहा कदम भारत: हरदीप सिंह

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि भारत तेल आत्मनिर्भरता की ओर लगातार और आत्मविश्वास से कदम बढ़ा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपने ऊर्जा भविष्य को कदम दर कदम सुरक्षित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स0 पर कहा कि 10 लाख वर्ग किलोमीटर अपतटीय क्षेत्र अब तेल क्षेत्र अन्वेषण के लिए खुला है, जबकि 99 प्रतिशत 'नो-गो0 क्षेत्रों में मंजूरी दे दी गई है। ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) के तहत पेश किए जा रहे तेल और गैस ब्लॉकों ने पहले ही वैश्विक और घरेलू ऊर्जा कंपनियों का ध्यान

आकर्षित किया है और बोली के दसवें दौर में भागीदारी और निवेश के लिए नए मानक स्थापित होने की उम्मीद है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस महीने तेल और गैस क्षेत्र में तेजी लाने की योजना के तहत तैयार किए गए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियमों, मॉडल राजस्व साझाकरण अनुबंध (एमआरएससी) और पेट्रोलियम पट्टे के नए नियमों के ड्राफ्ट पर फीडबैक और सुझाव आमंत्रित किए। ये तेल और गैस क्षेत्र में अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लागू किए जा रहे अग्रणी नीतिगत सुधारों की एक सीरीज है। तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 में मार्च 2025 में संशोधन किया गया था और नए पीएनजी नियम ओएएलपी राउंड दसवें से पहले तीन महीने के भीतर आ गए हैं, जो इस क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के तहत वैश्विक स्तर पर इस तरह का सबसे शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

मौत का वाटरफॉल बना रानीदहरा | कई घंटों बाद मिला एक लापता युवक

तीन युवकों के बहने से फिर मचा हड़कंप, एक की मौत

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला विकासखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रानीदहरा जलप्रपात में रविवार को एक और दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। बाढ़ के तेज बहाव में तीन युवक बह गए, जिनमें से एक की मौत हो चुकी है, एक युवक को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि तीसरा अब तक लापता रहा जिसे देर शाम ढूंढ लिया गया है । इस घटना में एक मौत हुई है।

लगातार हो रही बारिश के कारण जलप्रपात में अचानक उफान आ गया और यह सुंदर स्थल एक बार फिर जानलेवा बन गया। बीते तीन वर्षों में यहां आठ लोगों की जान जा

चुकी है, जिससे यह क्षेत्र अब मौत के वाटरफॉल के नाम से पहचाना जाने लगा है। बार-बार हो रही घटनाओं के बावजूद प्रशासन की निष्क्रियता और सुरक्षा उपायों की कमी चिंता का विषय बन चुकी है।

मुंगेली निवासी नरेंद्र पाल (45 वर्ष), पिता अवतार सिंह अपने साथियों के साथ रानीदहरा पहुंचे थे। बारिश के कारण अचानक आए बाढ़ के पानी में वे बह गए और डूबने से उनकी जान चली गई। सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने उनका शव बरामद किया। वहीं बेमेतरा जिले से आए दो युवक मोटर साइकिल से लौटते समय नाले में आई बाढ़ की चपेट में आ गए। एक युवक को खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जबकि शेष पृष्ठ 6 पर

लापरवाह तंत्र का परिणाम

यह हादसा कोई अपवाद नहीं, बल्कि उस लापरवाह तंत्र का परिणाम है जो चेतावनियों के बावजूद हर बार निष्क्रिय रहता है। अगस्त 2024 में डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे तुषार साहू, सितंबर 2024 में नागपुर निवासी अलफाज अंसारी, और सितंबर 2023 में राहुल ठाकुर व शुभम झरिया की इसी स्थान पर डूबकर मौत हो चुकी है। अब नरेंद्र पाल की मृत्यु और एक युवक के लापता होने की खबर ने दुख और डर दोनों को और गहरा कर दिया है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने रानीदहरा को मौत का जलप्रपात कहना शुरू कर दिया है। न चेतावनी बोर्ड, न सुरक्षा घेराबंदी, न कोई रेस्क्यू पोस्ट—प्रशासनिक लापरवाही हर दुर्घटना के पीछे मौन रूप से उपस्थित रहती है। हर वर्ष यहां जानें जाती हैं, लेकिन सीख नहीं ली जाती

भारत त्वरित भुगतान में ग्लोबल लीडर बना

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत त्वरित भुगतान में दुनिया में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। यूपीआई से अकेले जून माह में 24.03 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन 18.39 अरब ट्रांजैक्शन के माध्यम से हुआ है। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से रविवार को जारी किए गए नोट में दी गई। बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत और दुनिया भर में शेष पृष्ठ 6 पर

राजरंग

घर का भेदी कौन

असम कांग्रेस अपने विभीषण को ढूंढ़ने में जुटी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री तरूण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई को राज्य की कमान देने के बाद राहुल गांधी की टीम की उम्मीदें बढ़ गई हैं। गोगोई को राज्य अध्यक्ष बनाने के बाद राहुल गांधी की टीम को लगता है कि गोगोई की अगुआई में बीजेपी के पांव राज्य से उखड़ जाएंगे। यह तो तब होगा, जब पार्टी में एकता होगी। लेकिन असम में ऐसा दिख नहीं रहा। गुवाहाटी में पिछले दिनों कांग्रेस आलाकमान की मीटिंग हुई थी। उसमें राहुल गांधी ने नेताओं से कहा कि जैसे ही असम में कांग्रेस की सरकार बनेगी, हिमंत विश्वसरमा जेल जाएंगे। मीटिंग खत्म होने के पहले ही यह बात हिमंत तक पहुंच गई और तत्काल उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया भी जता दी। इससे साफहै कि अरसा पहले कांग्रेस छोड़ चुके हिमंत के कई वफादार उनकी पुरानी पार्टी में हैं। अब कांग्रेस पता लगा रही है कि कौन वह शख्स जिसने खबर लीक की और राहुल गांधी की किरकिरी हो गई।

गणेश परिक्रमा में बढ़ती रौनक

बीजेपी में इन दिनों उन नेताओं के घर की रौनक बढ़ गई है, जिनका नाम अध्यक्ष पद के लिए चल रहा है। गणेश

परिक्रमा करने वालों की भीड़ जुटने लगी है। इसमें एक ऐसे भी नेता शामिल हैं, जो अरसे से पार्टी में किनारे हैं। लेकिन सदा से ही महत्वपूर्ण रहे हैं..हाल ही में बीजेपी का एक राज्य स्तरीय नेता उनसे मिला, उसने अपनी कुछ व्यक्तिगत समस्या भी बताई। किनारे लगे नेताजी ने उसकी निजी समस्या तो सुलझा दी, लेकिन उन्होंने पार्टी वाली उनकी चिंता को दूर करने से हाथ खड़े कर दिए..भाई..इससे हमें दूर रखो...आपकी सेहत के लिए यही अच्छा रहेगा...

चुनावी मौसम में बाहुबली पर डोरे

बिहार के एक बाहुबली नेता हैं प्रभुनाथ सिंह..पहली बार समता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में सांसद चुने गए..तब वे लालू यादव के खिलाफ आग उगलते थे...लेकिन अब वे उन्हीं के राष्ट्रीय जनता दल में हैं...हत्या के एक मामले में वे सजायाफ्ता हैं..हाल ही में उनके छोटे भाई दीनानाथ सिंह का निधन हो गया..उनके निधन के बाद अजब नजारा दिखा..परोल पर छूटे प्रभुनाथ सिंह के घर एनडीए नेताओं का तांता लग गया.बीजेपी नेता जनार्दन सिग्रीवाल, बृजभूषण शरण सिंह, नीरज शेखर, सम्राट चौधरी आदि आते रहे, शोक संवेदना व्यक्त करते रहे। लेकिन राजद का कोई बड़ा नेता नहीं दिखा..इस दौरान प्रभुनाथ सिंह के घर छपरा जिले के मसरख में भारी भीड़ जुटी। एक बात और, शोक की घड़ी में सबसे एनडीए या बीजेपी के सबसे ज्यादा ठाकुर नेता जुटे। तो क्या बिहार विधानसभा चुनावों में प्रभुनाथ को लेकर फिर कोई खिचड़ी पकने वाली है..क्या प्रभुनाथ पर बीजेपी और जेडीयू डोरे डाल रहा है...बिहार में इन दिनों ये चर्चा-ए-आम है....

अफसरों पर सवाल से अफसर नाराज

बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर चार जून को हुई भगदड़ और उसमें हुई मौतों को लेकर हुई जांच की एक रिपोर्ट सामने आ गई है। इस रिपोर्ट में पुलिस अफसरों और रायल चैलेंजर ऑफ बेंगलुरू को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसे लेकर कर्नाटक की आईपीएस लॉबी बेहद नाराज है। राज्य के पुलिस अफसर आपसी बातचीत में इसका ना सिर्फ विरोध कर रहे हैं, बल्कि अभियान भी चलाए हुए हैं। नाराजगी सरकार से ज्यादा है कि वह लीपापोती कर रही है और जिम्मेदार दोषियों को नहीं। आईपीएस लॉबी के दबाव में अगर आने वाले दिनों में कोई नई जांच रिपोर्ट आ जाए तो हैरानी नहीं होनी चाहिए..कम से कम बंगलुरू के लोग तो ऐसा ही मान रहे हैं..

– राजदार

नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी, विस्फोटक और हथियार बरामद

पटना (आईएएनएस)। बिहार में पुलिस और एसटीएफ को नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता मिली है। गया और औरंगाबाद जिलों में अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गया के छक्करबन्धा जंगल में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए हथियार और सामान बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार छक्करबन्धा जंगल में नदी के पास हुई इस कार्रवाई में एक देसी पिस्तौल, एके-47 की 41 गोलियां, इंसास राइफल के कारतूस, नक्सली पर्चे, रसीद और कुछ आपत्तिजनक सामान मिले हैं। पुलिस का कहना है कि ये सामान नक्सलियों ने वहां छिपाकर रखे थे। इसी तरह, औरंगाबाद जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मदनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने पहाड़ के इलाके से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए तीन किलो बारूद, 50 मीटर तार और अन्य सामान बरामद किए। बताया गया कि यह छापेमारी बिहार एसटीएफकी विशेष टीम ने की थी। पुलिस ने अब इस मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आगे की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार पुलिस और एसटीएफ लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही हैं। इसी अभियान के तहत 14 जुलाई को एसटीएफ और जमुई पुलिस ने जमुई के चिहरा थाना क्षेत्र के पचकटिया के जंगल और पहाड़ी इलाकों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान पुलिस ने 46 डेटोनेटर, नक्सली किताबें और कुछ अन्य सामान बरामद किया था।

कोलकाता एयरपोर्ट पर एनएसजी ने किया काउंटर-हाइजैक और आतंकरोधी अभ्यास

कोलकाता(आईएएनएस)। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआई) पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने 18-19 जुलाई की रात एक व्यापक काउंटर-हाइजैक और आतंकरोधी संयुक्त अभ्यास किया। यह अभ्यास विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और हवाई अड्डे से जुड़े पक्षों के साथ समन्वय में किया गया, ताकि किसी जटिल सुरक्षा संकट की स्थिति में तैयारियों की जांच की जा सके। एनएससीबीआई सूत्रों के अनुसार, अभ्यास के तहत 18 जुलाई को रात 9:34 बजे एक ए320 विमान के ÷हाइजैक÷ की झूठी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दी गई, जिसमें 75 डमी यात्री और चालक दल मौजूद थे। विमान को तत्काल आइसोलेशन बे में ले जाकर घेराबंदी की गई।

शुरुआती प्रतिक्रिया में, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने विमान को चारों ओर से घेर लिया, जबकि खुफिया ब्यूरो (आईबी) और गृह मंत्रालय (एमएचए) के अधिकारियों ने हाइजैकर्स से वार्ता शुरू की। जब वार्ता विफल रही, तो एनएसजी की काउंटर-हाइजैक टास्क फोर्स ने समन्वित अभियान चलाकर विमान पर धावा बोला। इस ऑपरेशन में सभी डमी यात्रियों और चालक दल को सुरक्षित रूप से बचाया गया

और हाइजैकर्स को खत्म कर दिया गया। यह अभियान 19 जुलाई को सुबह 2:15 बजे समाप्त हुआ।

इसके साथ ही एक आतंकरोधी अभ्यास भी 18 जुलाई को रात 9:00 बजे शुरू हुआ, जिसमें एएआई कार्यालयों पर सशस्त्र आतंकवादी हमले का परिदृश्य रचा गया। 12 कर्मचारियों को बंधक बनाकर भवन की बिजली आपूर्ति काट दी गई।

इस स्थिति से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने परिसर को घेरा और अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कड़ी प्रतिरोध और काल्पनिक हताहतों का सामना करना पड़ा।

हाइजैक ऑपरेशन की समाप्ति के बाद एनएसजी की टीम ने ब्रीफिंग लेकर बंधक संकट को संभाला। एक योजनाबद्ध अभियान के तहत एनएसजी कमांडो ने छह आतंकवादियों को मार गिराया और सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया। यह ऑपरेशन सुबह 4:25 बजे समाप्त हुआ।

हमारा प्रयास जनता की समस्याओं को हल करना : पीयूष गोयल

मुंबई (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के लोककल्याण कार्यालय में रविवार को आयोजित जनता दरबार में नागरिकों की विभिन्न शिकायतें सुनी गईं और 15 शिकायतों का तत्काल निपटारा किया गया। सांसद पीयूष गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास नागरिकों की समस्याओं को हल करना है। इस दौरान नगर निगम, म्हाडा, हाउसिंग सोसाइटी और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सामने आईं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से नागरिकों से सीधे संवाद किया और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर सांसद गोयल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कांदिवली स्थित लोककल्याण कार्यालय में आयोजित इस जनता दरबार में कई नागरिकों ने अपनी शिकायतें और निवेदन प्रस्तुत किए। कुछ मामलों में तत्काल कार्रवाई कर राहत प्रदान की गई।

सीएम योगी ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

लखनऊ (आइएएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर मेरठ पहुंचे। हाईवे से गुजर रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा के दौरान भक्तों से सतर्क और जिम्मेदार रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां श्रद्धा और भक्ति का माहौल है, वहां कुछ लोग इस पवित्र यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके ऊपर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को निशाना बना रहे हैं। सीएम योगी ने कांवड़ियों से अपील की कि वे अपने बीच छिपे उपद्रवियों को पहचानें और तुरंत प्रशासन को सूचित करें।उन्होंने कहा, भगवान शिव मंगलकारी देवता हैं। कांवड़ यात्रा में सभी भक्तों को एक-दूसरे की परेशानियों का ध्यान रखना चाहिए।

हमारा दायित्व है कि यात्रा के दौरान स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखें। कोई भी शिव भक्त कानून को अपने हाथ में न ले और किसी भी गलत गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दे।सीएम योगी ने चेतावनी दी कि जो लोग कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं। दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने कनाडा और मलेशिया के लिए नियुक्त किए विशेष दूत

सियोल(आईएएनएस)। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने रविवार को कनाडा और मलेशिया के लिए विशेष दूत नियुक्त किए हैं। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति की प्रवक्ता कांग यू-जंग ने एक लिखित ब्रीफिंग में बताया कि कनाडा जाने वाली टीम का नेतृत्व सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के सांसद किम ब्युंग-जू करेंगे, जिसमें सांसद मेंग सुंग-क्यू और किम जू-यंग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मलेशिया जाने वाली टीम का नेतृत्व पूर्व मंत्री किम यंग-चून करेंगे, जिसमें डीपी सांसद नाम इन-सून और युन कुन-यंग शामिल होंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा की टीम मंगलवार को रवाना होगी और कनाडाई सरकार के प्रमुख अधिकारियों से मिलकर ली प्रशासन की सुरक्षा, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान देते हुए दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करेगी।

'इटली का चश्मा' हटाएंगे तो राहुल गांधी को भारत की प्रगति दिखेगी: तरुण चुघ

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर जोरदार पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने मेक इन इंडिया पर सवाल उठाए। राहुल ने कहा कि यह मेक इन इंडिया है या फिर 'जस्ट असेंबल इन इंडिया' है। तरुण चुघ ने राहुल के इस बयान को भारत की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल का मजाक उड़ाने वाला बताया। रविवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी का 'मेक इन इंडिया' को 'असेंबल इंडिया' कहना उद्योगों और भारत की इंडस्ट्री का अपमान है। उन्होंने कहा कि 2014 में कांग्रेस ने धीमी अर्थव्यवस्था सौंपी थी, लेकिन पीएम मोदी ने इसे तेजी से बढ़ाने का काम किया, और आज भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के करीब है।चुघ ने आगे कहा कि राहुल गांधी को मजबूत भारत की तरक्की दिखाई नहीं देती है क्योंकि वह आंखों पर इटली का चश्मा

लगाकर देखते हैं। वे भारत की प्रगति नहीं देख पा रहे, और उन्हें विदेशी दृष्टिकोण और इटली का चश्मा हटाकर भारत की चमक देखनी चाहिए। इंडी अलायंस की बैठक पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी अलायंस, विशेष रूप से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, पाकिस्तानी सेना और मीडिया के दुष्प्रचार को बढ़ावा दे रहे हैं। ये नेता भारतीय सेना के शौर्य और पीएम मोदी की विदेश नीति पर सवाल उठाकर पाकिस्तान के एजेंडे को समर्थन दे रहे हैं। विदेश नीति पर सवाल उठाकर ये लोग भूल गए हैं कि वे देश पर हमला कर रहे हैं।

अलगाववादियों और पाकिस्तान के साथ टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा आज कांग्रेस की भाषा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे की स्थिति यह हो गई है कि वह राहुल गांधी को खुश करने के लिए पीएम मोदी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया। आपातकाल लगाने के साथ संविधान के साथ छेड़छाड़ की। नेहरू, इंदिरा, राजीव और राहुल गांधी इसके लिए जिम्मेदार हैं। तरुण चुघ ने बंगाल की ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था भगवान भरोसे है। उन्होंने टीएमसी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए, जिसमें ममता बनर्जी की सरकार पर अपराधियों के साथ साठगांठ और हिंसा को नजरअंदाज करने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र की गूंज नहीं, बम विस्फोट की गूंज सुनाई देती है। 9 दिनों में 4 धमाके। लेकिन, फिर भी ममता बनर्जी खामोश हैं। यहां रक्षक ही भक्षकों के साथ हैं, तो कानून व्यवस्था कैसे अच्छी रह सकती है?

सुप्रिया सुले ने महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा की उठाई मांग

मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने संसद के मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में महाराष्ट्र के कई गंभीर मुद्दों को उठाया। उन्होंने बेरोजगारी, किसान आत्महत्या, महिला आरक्षण विधेयक और प्राइवेट मेंबर्स बिल पर चर्चा की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री के विधानसभा में ताश खेलने के वायरल वीडियो को शर्मनाक बताया। उन्होंने केंद्र सरकार पर महाराष्ट्र में दबाव डालने का आरोप लगाया और इस पर खुली चर्चा की मांग की। सुप्रिया सुले ने कहा, हमें बताया जाता है कि केंद्र का दबाव है, लेकिन इसकी सच्चाई संसद में सामने आनी चाहिए।

उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने की समयसीमा और प्राइवेट मेंबर्स बिल पर चर्चा की भी मांग की। सुप्रिया सुले ने कहा, महाराष्ट्र में बेरोजगार और किसान आत्महत्या कर रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार के एक मंत्री ने ही बयान दिया था कि जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 में 750 किसानों ने आत्महत्या की। हर तीन घंटे में एक किसान अपनी जान दे रहा है। ऐसे में कृषि मंत्री का विधानसभा में ताश खेलना शर्मनाक है। उन्होंने कहा, जब संसद में ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध की चर्चा हो रही है, तब कृषि प्रधान देश के एक राज्य के मंत्री का ताश खेलना शर्मनाक है। सुप्रिया सुले ने कहा, बेरोजगारी, किसानों की कर्जमाफी न होना और हिंजेवाड़ी में ट्रैफिक की समस्या जैसे मुद्दों को लेकर दिल्ली आए हैं ताकि संसद में इन पर चर्चा हो और समाधान निकले।

राहुल गांधी को संघ के राष्ट्रवाद के बारे में कुछ नहीं पता : आरपी सिंह

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरएसएस और सीपीआई(एम) में भावना की कमी को लेकर दिए गए बयान पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे आरएसएस के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं। राहुल गांधी के आरएसएस-सीपीएआई(एम) वाले बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ÷मैं मानता हूं कि वे आरएसएस के बारे में ज्यादा नहीं जानते, लेकिन

अगर वे कभी संघ की शाखा में जाते तो उन्हें समझ आता कि संघ राष्ट्रवाद की बात कैसे करता है। हालांकि, उनके दादा, दादी और परनाना लेफ्ट के साथी रहे हैं। उनका अलायंस भी लेफ्ट के साथ है, अब इसका जवाब तो लेफ्ट वालों को देना होगा। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे के खिलाफ हुई ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए। प्रियंका गांधी के आरोपों पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, ÷सच्चाई यह है कि रॉबर्ट वाड्रा का मामला पूरी तरह स्पष्ट है। सभी जानते हैं कि उन्होंने डीएलएफ से पैसे लिए, उस पैसे से जमीन खरीदी, जमीन का उपयोग बदला, और फिर उसी जमीन को (जो करीब 7-7.5 करोड़ रुपए में खरीदी गई थी) 58 करोड़ रुपए में बेचकर 50 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया।

एक ही दिन में स्वदेश लौटे 1,500 से ज्यादा अफगानी

काबुल (आईएएनएस)। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने रविवार को बताया कि एक ही दिन में 1,500 से ज्यादा अफगान शरणार्थी परिवार अपने वतन अफगानिस्तान लौट आए हैं। यह लोग पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौटे हैं। सरकारी मीडिया एजेंसी के अनुसार शनिवार को कुल 1,576 शरणार्थी परिवार अफगानिस्तान लौटे। इनमें 81 परिवार पाकिस्तान से, जबकि 1,495 परिवार ईरान से अपने वतन लौटे हैं। समाचार एजेंसी के अनुसार अफगानिस्तान लौटने वाले सभी लोगों को क्रॉसिंग प्वाइंट पर जरूरी सहायता प्रदान की गई है। मेजबान देशों ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों को वापस जाने के लिए कहा है। इसके चलते पिछले कुछ महीनों में अफगान शरणार्थियों की वापसी में तेजी आई है।

पहलगाम हमले से लेकर बिहार मतदाता सूची तक संसद में उठाएंगे कई बड़े मुद्दे : प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने इंडी गठबंधन की बैठक के बाद कई अहम मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा और विपक्ष के रुख को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी दल एक स्वर में सहमत हुए कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो पहलगाम में पर्यटकों पर हमला हुआ, वह सिर्फ आतंकवादी हमला नहीं, बल्कि एक बड़ा इंटेलिजेंस फेल्योर था। पूरी दुनिया जानती थी कि वहां पर्यटक जा रहे हैं, लेकिन कश्मीर पुलिस को खबर नहीं थी? वहां की पुलिस केंद्र सरकार के अधीन आती है क्योंकि वहां उपराज्यपाल शासन है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए पूछा कि आतंकी कहां गए? जमीन खा गई या आसमान निगल गया?

बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य में दलितों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अल्पसंख्यकों और गरीब सवर्णों के नाम मतदाता सूची से भाजपा के इशारे पर हटाए जा रहे हैं। यह लोकतंत्र की हत्या है और इसे संसद में जोरशोर से उठाया जाएगा। विदेश नीति पर केंद्र सरकार की नाकामी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया। यह विदेश नीति की विफलता का प्रमाण है। इसके साथ ही उन्होंने गाजा में जारी हिंसा, चीन के आक्रामक रवैये और ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने के चीन के निर्णय को लेकर भी केंद्र को घेरा।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि विपक्ष संसद में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को जोर-शोर से उठाएगा।

सनसनीखेज वारदात... चार संदिग्धों को कोलकाता के आनंदपुर स्थित एक गेस्टहाउस से हिरासत में लिया गया

चंदन मिश्रा हत्याकांड में बड़ी सफलता, मुख्य आरोपी तौशीफ कोलकाता से गिरफ्तार

पटना(आईएएनएस)। चर्चित चंदन मिश्रा हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी तौशीफ उर्फ बादशाह सहित कुल चार संदिग्धों को कोलकाता के आनंदपुर स्थित एक गेस्टहाउस से हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, सभी को कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार ले जाया गया है, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट

नहीं हो पाया है कि सभी आरोपी सीधे तौर पर पटना कांड से जुड़े हुए हैं या नहीं। बता दें कि 17 जुलाई को पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पारस हॉस्पिटल में चंदन कुमार मिश्रा को गोली मार दी गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पटना पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, इनपुट और अन्य पहलुओं पर गहनता से जांच की गई। इसी क्रम में कोलकाता पुलिस और एसटीएफ के सहयोग से कोलकाता में छापेमारी कर मुख्य आरोपी तौशीफ उर्फ बादशाह को हिरासत में लिया गया। साथ ही, निशु खान और एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा गया है। शुरुआती पूछताछ में यह बात सामने आई है कि हत्या की साजिश निशु खान के आवास पर रची गई थी और वारदात को अंजाम मुख्य रूप से तौशीफ ने दिया। पुलिस अब अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है और इस मामले से जुड़े हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है। बिहार पुलिस ने बताया कि पटना पुलिस सभी आरोपियों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत पटना लाने की तैयारी कर रही है। इस पूरे मामले में कोलकाता पुलिस और एसटीएफ का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। कोलकाता पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने लगातार पटना पुलिस को हर जरूरी सहयोग प्रदान किया। आपको बता दें कि बिहार के कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा जेल में बंद थे, लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उसे पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा था। इसी दौरान, अपराधियों ने चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

बेवजह मेरे बेटे को फंसाया जा रहा हम लड़ाई लड़ते रहेंगे: भूपेश

मनी लॉन्ड्रिंग : बेटे चैतन्य से मिलने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सपरिवार पहुंचे ईडी कार्यालय

रायपुर/ नवप्रदेश। शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिमांड पर भेजे गए चैतन्य बघेल से मुलाकात करने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को सपरिवार ईडी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बेवजह मेरे बेटे को फंसाया जा रहा है। हम लड़ाई लड़ते रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि चैतन्य की गिरफ्तारी के बाद सबसे पहला राहुल गांधी का और उनके बाद प्रियंका गांधी का फोन आया था। बेटे से मिलकर कहा कि अगर आज चैतन्य के दादा जिंदा होते तो खुश होते, क्योंकि वे बहुत से मुद्दों पर जेल जाते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिनके बयान हो चुके हैं, उन पर भी उनका और उनके बेटे का नाम लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापामारी की थी। इस दौरान उनके बेटे चैतन्य बघेल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर दोपहर को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया था।चैतन्य बघेल से कथित रूप से जुड़ी कंपनियों को कथित शराब घोटाले से अर्जित लगभग 17 करोड़ रुपये की 'अपराध आय प्राप्त हुई। लगभग 1,070 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ ही चैतन्य बघेल की भूमिका भी एजेंसी की जांच के दायरे में है. ईडी ने दावा किया है कि घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेबों में लगभग 3200 करोड़ रुपये से अधिक की रकम गई है।

कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का धरना

चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर शराब घोटाले के संबंध में ईडी पूछताछ कर रही है. वहीं दूसरी ओर चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में सुबह से ईडी कार्यालय के पास राजीव गांधी चौक पर कांग्रेस युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के नेता-कार्यकर्ता धरना दे रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सपरिवार बेटे से मुलाकात करने के लिए आने की वजह से ईडी कार्यालय के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

... और ईधर केदार कश्यप ने किया कांग्रेस के झूठ का पर्दापाश

जारी किए,कोयला आबंटन और पेड़ों की कटाई के भूपेश बघेल सरकार के कई दस्तावेज

रायपुर/ नवप्रदेश। वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेलजी बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेशजी अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे? मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह जी की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में काँग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था।

संक्षिप्त खबरें

आध्यात्मिक और धार्मिक बनने के लिए सामाजिक बनना आवश्यक : श्री मनीष सागर जी महाराज

रायपुर/ नवप्रदेश। टैगोर नगर पटवा भवन में रविवार को विशेष प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने जीवन में सुधार का प्रारंभ कहां से करें सभी को समझाया। उन्होंने कहा कि आज से ही नई शुरुआत करें, जिसकी उपेक्षा करना शुरू कर दिए थे उसे वापस अपने निकट लाएं और जिसके प्रति कुछ वहम पाल लिए थे उसे हटाकर सब कुछ अच्छा है ऐसा मानकर जीवन जीने का प्रयास करें और अपने घर परिवार को स्वर्ग जैसा बनाएं। ऐसा करके हम अपने परिवार के साथ आध्यात्मिक यात्रा में आगे बढ़े।उपाध्याय भगवंत ने कहा कि निज पर शासन फिर अनुशासन अर्थात् अपने आप पर नियंत्रण आवश्यक है। आत्म-नियंत्रण ही अनुशासन को दर्शाता है। जब हम अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों पर पूरी तरह से शासन कर लेते हैं, तभी हम अनुशासन की ओर बढ़ सकते हैं। अनुशासन केवल बाहरी नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि यह आंतरिक शक्ति और आत्म-नियंत्रण का परिणाम है। ये हमें अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने में मदद करता है।

लूट-हत्या की वारदात के बाद एक्शन में पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी समेत प्रदेशभर में अधिकतर बदमाश से ई कॉमर्स वेबसाइट से चाकू मंगवाकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं.।बीते दिनों मंदिर हसौद थाना इलाके के पेट्रोल पंप के मैनेजर की दो युवकों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी थी। इस वारदात में इस्तेमाल चाकू को ऑनलाइन साइट से मंगवाया गया था. इस जानकारी के बाद रायपुर पुलिस ने ईकॉमर्स वेबसाइट और कोरियर डिलवरी कंपनी के कर्मचारियों पर एक्शन लिया है. फ्लिपकार्ट और कोरियर कंपनी के 2 मैनेजर, 1 सुपरवाइजर, 3 डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के मुताबिक, पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार दो बदमाश अभनपुर निवासी कुणाल तिवारी उर्फ लालू और समीर टंडन ने पूछताछ में बताया कि उन लोगों ने फ्लिप कार्ट में ऑनलाइन ऑर्डर कर चाकू मंगवाया था. उसी चाकू से उन लोगों ने पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या की थी। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर फ्लिक कार्ट और चाकू डिलीवर करने वाली इलास्ट्रिक रन कोरियर कंपनी के कर्मी गुलरेज अली, मोहित कुमार, अभिजीत गोस्वामी, दिनेश कुमार, हरिशंकर साहू और आलोक साहू को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के खिलाफ थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 293/25 धारा 125(बी), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

ग्रीन आर्मी खोलेगी नि:शुल्क झोला वितरण केंद्र

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़: पॉलीथिन के अभिशाप से धरती को मुक्ति दिलाने के अपने महत्वाकांक्षी मिशन में, ग्रीन आर्मी संस्था राजधानी के शीतला बाज़ार, पुरानी बस्ती को पॉलीथिन-मुक्त बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। 5 जुलाई, 2025 को शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत, आज 19 जुलाई को चलाए गए अभियान में उत्साहजनक शुरुआती रुझान देखने को मिले हैं! ग्रीन आर्मी एक माह के भीतर शीतला बाज़ार को पूरी तरह से पॉलीथिन-मुक्त करने के अपने दृढ़ संकल्प की ओर तेज़ी से कदम बढ़ा रही है। ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने बताया कि यह केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि एक पूर्णकालिक मिशन है, जिसके लिए संस्था की पुरानी बस्ती, ब्राह्मण पारा और बुढ़ापारा की टीमें दिन-रात समर्पित भाव से काम कर रही हैं।

केंद्र सरकार की नई पहल रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना

नए कर्मचारियों के साथ नियोक्ताओं के लिए भी प्रोत्साहन राशि

रायपुर/ नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण क्षेत्र में नए रोजगार सृजन, कामगारों के लिएसमाजिक सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार करने और उन्हें आर्थिक स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य सेरोजगार आधारित प्रत्साहन योजना (ईएलआई) की घोषणा की गई है। 01 अगस्त2025 से प्रारंभ की जा रही इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी लगने और कर्मचारी का यूएएन जनरेट होने पर कर्मचारी को प्रोत्साहन के तौर पर छै-छै महीनों के अंतराल में दो किश्तों में अधिकतम 15000/ रू. की राशि प्रदान की जाएगी और दूसरी ओर भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत पंजिकृत संस्थानों के नियोक्तओं को नए रोजगार सृजन पर एवं 06 माह के समापन पर प्रति कर्मचारी अधिकतम 3000/ रु. की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी । इस योजना के क्रियान्वयन से नए रोजगारों के सृजन केसाथ ही कामगारों को आर्थिक स्थिरता प्राप्त होगी । इस योजना का लाभ 01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा जिसके अंतगतएक लाख रु. तक वेतन पाने वाले कर्मचारी ही इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्रहोंगे ।

प्रोत्साहन राशि की पहली किश्त 06 माह की सेवा और दूसरी किश्त 12 महीने कीसेवा के साथ ही कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही प्रदान की जाएगी । विनिर्माण/उत्पादन क्षेत्र के संस्थानों के लिए यह योजना दिनांक 01 अगस्त से 31जुलाई 2029 तक एवं अन्य संस्थानों के लिए दिनांक 01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक प्रभावी होगी ।

महिला ने संत पर लगाए गंभीर आरोप

मुझे न्याय नहीं मिला तो उसी के घर के सामने करूंगी आत्मदाह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक बाबा के खिलाफ गंभीर आरोप सामने आए हैं। बोरियाखुर्द, नवरंग चौक निवासी प्रमिला बाबुरिक (लोधी क्षत्री) ने कुशालपुर निवासी अमनदत्त ठाकुर उर्फ स्वामी अभिरामदास पर ये गंभीर आरोप लगाए है। महिला ने चेतावनी दी है कि यदि उसके आरोपों पर जांच के बाद उसे न्याय नहीं मिला तो वे परिवार के साथ उक्त बाबा के घर के सामने आत्मदाह करने के लिए बाध्य होगी. ये शिकायत रायपुर एसएसपी से की गई है। महिला ने संत अमनदत्त ठाकुर उर्फ अभिरामदास पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने उनके छोटे पुत्र प्रशांत कुमार बाबुरिक को धर्म के नाम पर बरगला कर उसे सन्यास के लिए उकसाया। परिवार का कहना है कि उक्त बाबा भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर वृंदावन के आश्रम में ले जाता है, जहां उन्हें नौकरों की तरह काम करने के लिए मजबूर किया जाता है।

प्रमिला ने आरोप लगाए है कि उनका परिवार निम्न वर्ग से है और उन्होंने अपनी हैसियत से अधिक खर्च कर प्रशांत की शिक्षा पूरी कराई थी, ताकि वह परिवार का सहारा बने। लेकिन संत अमनदत्त ठाकुर ने उनके बेटे को भागवत कथा जैसे आयोजनों में शामिल होने के बाद सन्यास के लिए प्रेरित किया।



अमलीडीह जोन-10 में वर्ल्ड मिशन सोसाइटी चर्च ऑफ़ गॉड का स्वच्छता अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड मिशन सोसाइटी चर्च ऑफ़गॉड की युवा वालंटियर ग्रुप् र्स्ध्रं ढ्ढह द्वारा आज अमलीडीह जोन क्रमांक 10 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 11 बजे शुरू हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया।इस मौके पर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकार का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान ने जनआंदोलन का रूप लिया है, जिसमें ऐसे स्वयंसेवी संगठनों का योगदान महत्वपूर्ण है।

वहीं वार्ड क्रमांक 56 के पार्षद एवं जोन क्रमांक 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी ने कहा कि संस्था जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि माताएं, बहनें और युवा इससे जुड़कर रायपुर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाएंगे, जिससे आने वाले समय में देश भी स्वच्छता में नंबर वन बन सकेगा।

ASEZ WAO ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि संस्था रायपुर, छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत और दुनियाभर में नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाती है। उनका उद्देश्य सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि 'माता के प्रेम' की भावना से समाज में शांति, सुरक्षा और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है।वालंटियर्स ने कहा कि जब एक व्यक्ति पहल करता है, तो दूसरे भी प्रेरित होते हैं और इसी तरह जागरूकता फैलती है। इस अभियान के जरिए संस्था ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज और बेहतर भविष्य संभव है।

सुविचार

सभी को जिंदगी में कुछ ऐसे लोग भी मिलते हैं जो साथ बैठकर तो हंसते हैं और पीठ पीछे डसते हैं। - अज्ञात

एसआईआर का विरोध समझ से परे

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व वहां की मतदाता सूची के गहन परीक्षण का जो निर्देश दिया है उसे लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्षी पार्टियों ने एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था लेकिन वहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की कार्यवाही पर हस्तक्षेप करने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि एसआईआर को उचित भी करार दे दिया। इसके बाद भी बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन के नेताओं द्वारा मतदाता सूची की गहन जांच को लेकर लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साधा जा रहा है। राजद के नेता तेजस्वी यादव तो चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगा रहे हैं और मर्यादा की सारी सीमा लांघकर यह विवादास्प्द बयान भी दे चुके हैं कि दो गुजराती यह तय नहीं कर सकते कि बिहार में कौन वोट देगा और कौन वोट नहीं देगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी लगातार एसआईआर का विरोध करते आ रहे हैं। इनकी देखादेखी अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने भी चुनाव आयोग की इस कार्यवाही की मुखालफत शुरू कर दी है। उनका यह विरोध वाकई समझ से परे है। बिहार में 2003 भी में भी एसआईआर हुई थी और उस समय राबड़ी देवी बिहार की मुख्यमंत्री थी। उस समय चुनाव आयोग की इस कार्यवाही का किसी ने विरोध नहीं किया था। अब दो दशकों के बाद जब फिर से बिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची की गहन जांच कर रहा है तो विपक्षी पार्टियां इस पर आपत्ति उठा रही है। जबकि अभी तक बिहार के किसी भी मतदाता ने इस प्रक्रिया को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। एसआईआर का काम 80 प्रतिशत से ज्यादा पूरा हो चुका है और लगभग 35 लाख वोटरों के नाम काटे जाने की तैयारी की जा रही है। किन्तु अभी तक ऐसा एक भी व्यक्ति सामने नहीं आया है जिसने अपना नाम वोटर लिस्ट से काटे जाने की शिकायत दर्ज कराई हो। इस 35 लाख वोटरों में से 12 लाख वोटर वे हैं जिनकी मौत हो चुकी है लेकिन अभी भी मतदाता सूचियों में उनके नाम दर्ज थे। इसलिए उनका नाम काटना उचित ही है। इसी तरह 17 लाख लोग बिहार छोड़कर अन्य प्रदेशों में स्थाई रूप से जाकर बस गये हैं। इसलिए उनका नाम भी मतदाता सूची से काटा जा रहा है। अन्य जो लगभग पांच लाख नाम कटने जा रहे हैं उनमें से कई वोटर ऐसे हैं जिनके नाम दो स्थानों की अलग अलग मतदाता सूची में दर्ज हैं। इन्हीं में कुछ ऐसे भी हैं जो या तो बांग्लादेशी हैं या रोहिंग्या हैं जिन्होंने अवैध रूप से घुसपैठ की है। विपक्षी पार्टियों को ऐसी घुसपैठियों के नाम काटे जाने से दिक्कत हो रही है क्योंकि ये उनके परंपरागत वोट बैंक हैं। वैसे भी 24 जून तक ऐसे लोग जिनके नाम मतदाता सूची से काटे जाने हैं वे अपना दावा आपत्ति से पेश कर सकते है और अपनी नागरिकता के दिखा सकते हैं। चुनाव आयोग की यह कार्यवाही पूरी तरह से पारदर्शी है क्योंकि एसर्आइआर के काम में सभी राजनीतिक पार्टियों के हजारों एजेंटो का सहयोग लिया जा रहा है। इसके बाद भी विपक्षी पार्टियों के नेता एसआईआर का विरोध कर रहे हैं और चुनाव आयोग पर पक्षपात पूर्ण कार्यवाही का आरोप लगा रहे हैं। एसआईआर को लेकर कुछ सुपारीबाज यूट्यूबर भी अपना एजेंडा चला रहे हैं और एसआईआर को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उनके ट्वीट को भी विपक्षी पार्टियों के नेता सोशल मीडिया पर प्रसारित कर तिल का ताड़ बनाने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक यूट्यूबर के खिलाफ भ्रम फैलाने के आरोप में एक बीएलओ ने एफआईआर दर्ज करा दी है। तब से यूट्यूबर फरार है। इस तरह सुनियोजित रूप से एसआईआर विरोध किया जा रहा है और अब तो इसका विरोध बिहार की सीमा पार कर बंगाल तक जा पहुंचा है। गौरतलब है कि बिहार के बाद अब बंगाल सहित अन्य राज्यों में भी चुनाव आयोग मतदाता सूची की गहन जांच कराने जा रहा है। यही वजह है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अभी से एसआईआर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उन्होंने यह चेतावनी दे दी है कि वे बंगाल में चुनाव आयोग को एसआईआर नहीं कराने देंगी। उनकी यह धमकी ही इस बात का प्रमाण है कि बंगाल में बड़ी संख्या में घुसपैठिये हैं जिनका नाम कटने की संभावना से वे बौखला गई है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ सेवा व्रत ही पूर्ण व्रत है। सेवा अपनाइए ! सेवा से ही गोविंद प्रसन्न होते हैं, गुरु प्रसन्न होते हैं।

◆ नौकरी में जूझना पड़ता, एक साधारण फुटबॉल खेलने में जूझना पड़ता, मजदूरी करने में जूझना पड़ता, हर वक्त संघर्ष करना, हर वक्त जूझना पड़ता है इस दुनिया में और अमूल्य भगवान हरि गुरु का प्रेम, आनंद, शन्ति पाने के लिए क्या तुम्हें संघर्ष नहीं करना पड़ेगा ??

◆ जब भगवान ने तुम्हें हमें जन्म दिया तब स्वयं सदगुरु रूप में इस पश्थ्वी पर अनंत रूपों में विचरण करने के लिए आए। तुम्हें ढूंढा, खोजा और तुम्हें अनंत अवसर दिए सही से, करुणा से, कठोरता जिस भी प्रकार से तुम्हारा ये जीवन पाप मुक्त होकर, दुखों का नाश कर आनंद, प्रेम, शांति, मस्ती का फौहार बन जाए वो सारे नियम कायदे कानून चलते सद्?गुरु भगवान समान रूप से सभी शिष्यों पर प्रयोग करता है। बड़े प्रारंभ से मैंने कहा है-चुनाव है जगत या जगदीश तुम्हारा मन, तुम्हारी सोच, तुम्हारे विचार !

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 21 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1884-कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर की शुरुआत हुई। 1930-भारतीय कवि और फ़िल्मी गीतकार आनंद बख्शी का जन्म। 1940-सोवियत संघ ने एस्टोनिया लातविया और लिथुआनिया पर कब्जा किया। 1947-प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी चेतन चौहान का जन्म। 1960-श्रीलंका (सीलोन) में सिरिमावो भंडारनायके विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। 1962-भारत चीन के बीच सीमा पर युद्ध। 1963-काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया। 1969-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चन्द्रमा पर उतरे। 1972-भूटान के तीसरे राजा जिग्मे दोरजी वांग्चुक का निधन।

युद्ध के मैदान की तरह मीडिया के मैदान में भी खतरों का सामना जरूरी

आलोक मेहता

1990 में लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री हुए और कुछ समय बाद एक ईमानदार अधिकारी पशुपालन विभाग में गरीबों को पशु बांटने के नाम पर करोड़ों के घोटाले से जुड़ी लगभग एक फ़ाइल ही हमारे पास ले आए। उसमें मुख्यमंत्री लालू यादव के दस्तखत वाले दस्तावेज भी थे। मैंने स्वयं उस दस्तावेज सहित विस्तृत खबर छाप दी। अगले दिन उसके फ़ॉलोअप में भी सहयोगियों ने खबर लिखी। नतीजा यह हुआ कि तीसरे दिन मुख्यमंत्री लालू यादव और उनकी पार्टी के समर्थकों ने संपादकीय कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन आदि किए और चार-पाँच किलोमीटर दूर संस्थान की प्रिंटिंग यूनिट पर हमला किया तथा आग लगाने की कोशिश भी की। दिन का समय था और बहुत अधिक नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन यह हमला पटना से लेकर दिल्ली तक चर्चा में आ गया।

। पुरानी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' का प्रसिद्ध गीत है- 'प्यार किया तो डरना क्या।' इसलिए समाज में यही कहा जाता है कि मुहब्बत हो या जंग का मैदान, भय की कोई गुंजाइश नहीं है। यही बात मेडिकल प्रोफेशन के डॉक्टर हों या मीडिया के पत्रकार, किसी भी सही ऑपरेशन या सही समाचारों और विचारों के लिए डरकर काम नहीं कर सकते। सेना का सिपाही कारगिल की ऊंचाई हो या राजस्थान का रेगिस्तान, जब अपना कर्तव्य निभाता है तो खुद की सुरक्षा के लिए किसी इंतजाम की मांग नहीं करता है। मेरी राय में मीडिया से जुड़े व्यक्तियों के लिए भी भयमुक्त रहने और खतरा मोल लेने की स्थिति आदर्श होती है। हाल ही में कुछ राज्यों में मीडिया से जुड़े कुछ पत्रकारों, कार्टूनिस्ट अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आधार पर सक्रिय स्वतंत्र लेखकों या आंदोलनकारियों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई को लेकर विवाद उठ रहे हैं। इसके लिए प्रादेशिक अथवा केंद्र की सरकार के प्रमुख नेताओं पर आरोप लगाए जा रहे हैं। विदेश में बैठे कुछ संगठन इस मुद्दे पर अतिरंजित रिपोर्ट जारी करते रहते हैं। ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है जैसे भारत में इस तरह के दबाव पहली बार हो रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि पिछले दशकों में भी प्रिन्ट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कानूनी कार्रवाई के अलावा राजनीतिक संगठनों और नेताओं द्वारा आतंकित करने के प्रयास किए जाते रहे हैं। भारतीय प्रेस परिषद, एडिटर्स गिल्ड, पत्रकारों की यूनियन और अदालतों के रिकार्ड में ऐसे अनेक मामले देखे-पढ़े जा सकते हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि पहले या अब पत्रकारों पर दबाव बनाना या अनुचित ढंग से उन पर कानूनी प्रकरण दर्ज करना या मीडिया संस्थानों पर हमला न केवल निंदनीय है, ऐसे तत्वों पर अंकुश भी आवश्यक है। दूसरी तरफ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग सुप्रीम कोर्ट तक अनुचित मानती है। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कुछ मामलों में पुलिस की कार्रवाई को गलत भी ठहराया। इसलिए यह धारणा गलत है कि देश में असहमतियों, आलोचनाओं और प्रामाणिक तथ्यों के आधार पर काम नहीं किया जा सकता है।

इस संदर्भ में पत्रकारिता के अपने कुछ अनुभवों का उल्लेख करना उचित लगता है। इन दिनों बिहार में मीडिया को डराने के प्रयास की बड़ी चर्चा है। कुछ ऐसा संयोग रहा है कि मैं स्वयं 1988 से 1991 तक बिहार में नवभारत टाइम्स जैसे प्रतिष्ठित अखबार में स्थानीय संपादक रहा और बाद में भी अन्य राष्ट्रीय दैनिकों तथा साप्ताहिक पत्र-पत्रिकाओं में संपादक रहा, जिनकी प्रसार संख्या बिहार में अच्छी-खासी रही है। बिहार में रहते हुए तीन वर्षों के दौरान कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्रियों और फिर जनता दल (बाद में राष्ट्रीय जनता दल) के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मीडिया पर दबाव और हमलों की घटनाओं का साक्षी ही नहीं भुक्तभोगी भी रहा हूँ। उस समय झारखंड बिहार का ही हिस्सा था और धनबाद में हमारे एक संवाददाता अशोक वर्मा को सही खबरें लिखने के लिए पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक पीटे जाने की घटना हुई। यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चित हुआ और एडिटर्स गिल्ड ऑफइंडिया के वरिष्ठ संपादकों की एक टीम ने आकर पूरी स्थिति पर एक रिपोर्ट भी जारी की। वहीं उस संवाददाता या अखबार ने प्रदेश या केंद्र की सरकार को दोषी नहीं ठहराया। अपेक्षा यह की गई कि सरकार और अदालत स्वयं दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करें। कांग्रेस राज में ही आरा, बक्सर के एक अच्छे संवाददाता रामेश्वर उपाध्याय को हटाने के लिए एक कांग्रेसी विधायक ने ही मुझे फोन किया। मेरा उनसे कोई परिचय भी नहीं था। मेरा उत्तर यही था कि तथ्यों पर आधारित खबरें लिखने वाले किसी रिपोर्टर को उनके या किसी के दबाव से नहीं हटाया जा सकता। वह संवाददाता अपना काम करता रहा। कुछ सप्ताह बाद पता चला कि विधायक महोदय ने अपने इलाके के एक थाने में यह रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके गाँव के घर में डकैती की घटना हुई और डकैती की योजना इस अखबार के संपादक आलोक मेहता ने बनाई थी। यही नहीं उस विधायक ने विधानसभा में भी इसी तरह का बेबुनियाद हास्यास्पद आरोप लगाया। हमारे अखबार से निकाले गए एक व्यक्ति ने अपने पर्चेनुमा अखबार में इस आरोप को छाप दिया। लेकिन हमने इस मामले में कोई हंगामा नहीं किया। पुलिस में एफआईआर भले ही दर्ज हुई लेकिन किसी तरह की कार्रवाई पुलिस नहीं कर पाई। उस संवाददाता के साथ हम अपना काम पहले की तरह करते रहे और उस विधायक या क्षेत्र की गड़बड़ी की खबरें छपती रहीं।

इसी तरह कांग्रेस के एक प्रमुख नेता और सहकारी संगठन के प्रमुख तपेश्वर सिंह की आर्थिक अनियमितताओं पर प्रामाणिक दस्तावेजों के साथ एक रिपोर्ट हमने लिखी। अगले दिन उनके परिवार के एक सदस्य देर शाम अखबार के दफ्तर पहुंचे। जब उन्हें पता चला कि संपादक दफ्तर में नहीं हैं तो उन्होंने हमारा पता पूछा। हमारे एक सहयोगी ने फोन पर हमें बताया कि तपेश्वर सिंह की खबर को लेकर एक सज्जन बहुत उत्तेजित हैं और घर का पता पूछ रहे हैं और सहयोगी ने यह आशंका भी व्यक्त की कि इस व्यक्ति की जेब में रिवाल्वर भी रखा हुआ है। मैंने अपने साथी से कहा कि आप उन्हें पता बता दीजिए क्योंकि आप नहीं बताएंगे तो भी वह पता लगा ही सकते हैं। वह व्यक्ति थोड़ी देर में ही मेरे फ्लैट पर पहुंचे।

स्त्रियों के आर्थिक विकास से जुड़ी राष्ट्र की मुख्य धारा

संजीव ठाकुर

महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60त्न महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं।

भारत में महिलाओं के विकास का अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी

इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25त्न से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60त्न महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50त्न भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यहाँ वहाँ जहाँ तहाँ

यहाँ वहाँ जहाँ तहाँ, निगाह देखती जहाँ दिशा-दिशा सुगंध है कली-कली निखार है। पुकारती पिया-पिया नदी सधी सधी चले कि गीत प्रेम के सुना रही हरेक धार है।। मिठास सी घुली-घुली हवा खुली खुली चली निशा धुली-धुली लगे बड़ी भली-भली लगे, खिली-खिली सजी-सजी हरी भरी धरा लगे नवीन वेश धार के खड़ी यहाँ बहार है।। - **आशा पाण्डेय ओझा**

हम न हारे, इसलिए

हम न हारे, इसलिए तो शत्रु हारे। शौर्य - साहस, निज हृदय लेकर चले थे। जीत के अरमान, अंतस में पले थे। इसलिए तो, हम त्वरित मैदान मारे।। हम कदाचित, हिंद का जयनाद कर दें। या समर की ओर, अपने पांव धर दें। शत्रु तब भयभीत, होते हैं हमारे।। शत्रु भी हैं, शक्तिशाली जानते हैं। तीक्ष्ण उनके बुद्धिबल को मानते हैं। किंतु जीते हम, मनोबल के सहारे।। - **भाऊराव महंत**

कोई मंजिल तो ज़रूरी नहीं रास आई हो

कोई मंजिल तो ज़रूरी नहीं रास आई हो। जिस मुसाफ़िर के मुकद्दर में ही तन्हाई हो। हाले दिल पूछने वाला नहीं होता कोई। सिर्फ कानों में जहां गूंजती शहनाई हो। नाम भूले से भी होंठों पे मेरा मत लाना। चाहती मैं भी नही प्यार की रुसवाई हो। इश्क का सिर्फ़वो ही लुत्फ़े सफ़र जानेगा। जिस ने इस राह में ठोकर भी कभी खाई हो। मेरी पहचान को इक शख़्स मुझे काफ़ी है। मैं नही चाहती औरों से शनासाई हो। फिर तरसती हुई आँखे हैं सुलगती सांसें। भीग जाऊँ ज़रा,बदली भी कहीं छाई हो। क्यूँ भला ढूंढती फिरती है इनायत साथी। ये भी मुमकिन है, मिले जो भी वो हरजाई हो। - **शोभा किरण 'इनायत'**

सोच ज़रा कि तू क्या है, मेरे प्यार का

सोच ज़रा कि तू क्या है, मेरे प्यार का दरिया है। मेरे जिस्म की जान है तू, और मुझमें तेरा हिस्सा है। मेरे काँधे पर है तू, मेरा एक ही चेहरा है। तेरा इश्क़ इबादत है, मेरा इश्क़ भी सजदा है। चलती है धड़कन तुझसे, तू है तो दिल ज़िन्दा है। सदियों से मैं ख़ाली थी अब जाकर तू ठहरा है। तेरे बिन वजूद मेरा, अंधा गूँगा बहरा है। तेरे बिन तेरे संग राधे कृष्ण - मीनू

वीणा मन सम्मोहती, मधुमय तेरी याद

वीणा मन सम्मोहती, मधुमय तेरी याद! सघन निविड़ साधे रही, नीरवता अनुनाद !! नीरवता अनुनाद, उदधि हृदय में ज्वाला! मुखरित एकालाप, विकल करती मधुशाला !! स्पन्दित चंचल बूँद , सजल गुंजार प्रवीणा! ज्योति व्यथित गम्भीर, विरह मन बाजे वीणा!! - **जयोत्सना सक्सेना**

हवा कान मे कह गई,ज्आएगा चितचोर।

हवा कान मे कह गई,ज्आएगा चितचोर। सागर उमड़ा प्यार का,मन मे उठे हिलोर।। जहां स्वार्थ की भावना,लेने लगे हिलोर । रिश्तों की रस्सी वहां, होती है कमजोर।। मेघा काले हो गये, ज्ज्.लगे बदलने रंग। आया सावन झूमकर, मन में उठी उमंग ।। - **रमेश शर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिये थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज आर्थिक लाभ की संभवनाएं भी रहेंगी परन्तु आप अपने मन के विचार अथवा व्यवसाय का प्रचार संकोची वृति रहने के कारण खुल कर नही कर सकेंगे।

वृषः आज आपका स्वभाव अन्य दिनों की अपेक्षा शांत रहेगा। हास-परिहास करने से आस-पास का वातावरण हल्का बनाएंगे। लेकिन आज किसी परिजन के विपरीत व्यवहार पर क्रोध आने से कुछ समय के लिए अशांति बनेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये हानिकर है प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करें धन सम्बन्धित कार्य आज टालना ही बेहतर रहेगा।

कर्कः आज भी दिन आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा लेकिन आज आप संबंधों को ज्यादा महत्त्व दें अन्यथा धन की लालसा में लोगो से दूरी बना लेंगे आज आर्थिक स्थिति में स्वाभाविक बढ़ोतरी होगी ज्यादा हाथ पैर ना मारें।

सिंहः आज के दिन आपकी दिनचार्य आनंद प्रदान करेगी। नौकरी पेशाओ को आज कार्य क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

कन्याः आज का दिन हर तरह से पिछले दिन की अपेक्षा बेहतर रहेगा लेकिन आज आप किसी की बातों तो तुरंत उत्तर ना दे ना ही किसी से प्रतिशोध की भावना रखे अन्यथा अनुकूलता का लाभ मिलना मुश्किल रहेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिये विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। कार्य भार अधिक रहेगा परन्तु सेहत आज नरम रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन सुख-समृद्धि दायक रहेगा। व्यवसाय में भी उन्नति होगी साथ ही मित्र परिचितों के बीच सम्मान बढेगा।

धनुः आज के दिन आप जितना भी परिश्रम करेंगे निकट भविष्य में शीघ्र ही इसका लाभ धन अथवा अन्य उपहार सम्मान के रूप में मिलेगा।

मकरः आज का दिन आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि तो कराएगा परन्तु आज धैर्य की कमी रहने के कारण इसका लाभ नही उठा पाएंगे।

कुंभः आपका आज का दिन कलह क्लेश की भेंट चढेगा आज घर एवं बाहर के लोगो का अमर्यादित आचरण आपको आवेश में रखेगा आपके अंदर भी धैर्य की कमी रहने के कारण बात बात पर किसी से भी उलझ पड़ेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिये नई खुशिया लाएगा। आज आर्थिक रूप से स्थिति सुदृढ़ बनेगी फिर भी धन संबंधित मामलों में ज्यादा सावधानी बरतें अन्यथा आपके भाग्य का लाभ किसी और के हिस्से में भी जा सकता है। स्वभाव में अकड रहने से किसी से मन की बात नही कर सकेंगे। दोपहर से घर एवं बाहर का वातावरण अनुकूल होगा मन इच्छित कार्य कर सकेंगे। आलस्य रहेगा लेकिन जिम्मेदारियों को समय पर पूर्ण करेंगे।

QUIZ TIME

1) हिमाचल प्रदेश द्वारा हाल ही में नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए शुरू की गई पहल का नाम क्या है?

2) चांग'ए 6 मिशन किस देश से संबंधित है?

3) कालिदास द्वारा रचित महाकाव्य कुमारसंभव में कुमार कौन हैं?

4) हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने ग्लेशियर संरक्षण के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में किस वर्ष को घोषित किया है?

5) नोट्रे-डेम कैथेड्रल किस देश में स्थित है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संकल्प (2) चीन (3) कार्तिकेय (4) 2025 (5) फ्रांस

शब्द सागर

राजीव भवन में कांग्रेस की अहम बैठक, भाजपा लूट रही प्रदेश को, चक्काजाम से होगा विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी स्थित राजीव भवन में कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज , नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित तमाम वरिष्ठ नेता और कांग्रेस विधायक शामिल हुए। धमतरी विधायक ओंकार साहू ने भी इस बैठक में विशेष रूप से भागीदारी दर्ज कराई और बैठक के पाश्चात्य उन्होंने अपनी दोटूक राय मीडिया के सामने रखी।

विधायक ओंकार साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश के संसाधनों को सुनियोजित तरीके से लूटा जा रहा है। चंद उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए जंगलों की कटाई कर प्रदेश की हरियाली को नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने चैतन्य बघेल पर हुई ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण बताया। साहू ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

कांग्रेस पार्टी ने इस कार्रवाई के खिलाफ प्रदेशभर में आंदोलन का ऐलान किया है। विधायक साहू ने बताया कि 22 जुलाई को प्रदेश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, जिलों और प्रमुख शहरों में चक्काजाम कर आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

अंग्रेजी माध्यम आदर्श महा. में प्रवेश संबंधी समीक्षा बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रवेश के इच्छुक पालकों के सवालों का समाधान भी किया गया। प्राचार्य ने सभी विभागाध्यक्षों तथा कार्यालय सहायकों को निर्देशित किया कि सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसके लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत उन्हें एसबीआई कलेक्ट के शुल्क पोर्टल में ऑनलाइन शुल्क जमा करना होता है। महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए महाविद्यालय में बीकॉम में कुल 90 सीट, बीए में कुल 60 सीट, बीएससी गणित में कुल 60 सीट एवं बीएससी कंप्यूटर साइंस में कुल 60 सीट सीटें हैं। 19 जुलाई 2025 तक प्रवेश के लिए तीन सूचियां जारी हो चुकी हैं। प्रवेश प्रभारी रवि देवांगन ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में बीकॉम में 45, बी.ए. में 01, बीएससी गणित में 04 तथा बी.एससी. कंप्यूटर साइंस में 20 विद्यार्थियों ने अब तक प्रवेश ले लिया है। उन्होनें बताया कि तृतीय चरण में जारी सूची के अनुसार 25 जुलाई तक विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। 25 जुलाई को वरीयता सूचियां में प्रवेश नहीं ले सके विद्यार्थी तथा प्रतीक्षा सूची के सभी विद्यार्थी ओपन काउंसलिंग के तहत महाविद्यालय की रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिया जाएगा। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन शुल्क के अलावा ऑफ्लाइन तरीके से भी नामांकन शुल्क 150 रुपए, शारीरिक शिक्षण शुल्क 50 रुपए, ऑनलाइन प्रोसेसिंग शुल्क 50 रुपए, तथा अप्रवासन शुल्क 360 रुपए जमा करना होता है। समीक्षा बैठक में महाविद्यालय वाणिज्य संकाय प्रवेश प्रभारी तरुण कुमार बांधे, विज्ञान संकाय प्रवेश प्रभारी रवि देवांगन, कला संकाय प्रवेश प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर, कार्यालय प्रभारी जगतारण दास बघेल, कार्यालय सहायक शेषनारायण साहू तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर नानक साहू उपस्थित थे।

गुलशन सिन्हा की जगह पुरषोत्तम गोस्वामी बने महामंत्री

गरियाबंद भाजपा संगठन में नियुक्ति को लेकर घमासान

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। गरियाबंद भारतीय जनता पार्टी के गरियाबंद जिला संगठन में इन दिनों अंदरूनी घमासान मचा हुआ है। विवाद की जड़ है कोपरा मंडल अध्यक्ष पद पर हुई एक नियुक्ति, जो सीधे-सीधे पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशों की अवहेलना प्रतीत हो रही है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर की कार्यशैली पक्षपातपूर्ण और नियमविरोधी हो गई है। कोपरा मंडल में 46 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बना दिए जाने से पार्टी के भीतर असंतोष की आग सुलग रही है, जो अब खुलकर सामने आ गई है। वहीं खड़मा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल महामंत्री गुलशन सिन्हा की शिकायत जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के पास किया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए चंद्राकर के द्वारा गुलशन सिन्हा के स्थान पर पुरषोत्तम गोस्वामी की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जबकि महामंत्री गुलशन सिन्हा के द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दिया ही नहीं गया हैं। यह तो भाजपा अध्यक्ष की मनमानी हैं। यह कार्यकर्ताओं का कहना हैं।

संगठन में बढ़ता असंतोष, जिला अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ी

जब से जिला संगठन ने कोपरा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की हैं।जिसमें उसी विवादित मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों के नाम शामिल किए गए। इससे कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया है। बिना सक्रिय सदस्य के ही पद बाटने का आरोप हैं। एक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा अगर पार्टी के नियम ही नहीं माने जाएंगे तो अनुशासन और पारदर्शिता का क्या मतलब यह पार्टी की साख को नुकसान पहुंचाने वाला निर्णय है।

जिला अध्यक्ष पर गंभीर आरोप

भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे नियमों का पालन नहीं कर रहे और अपनी पसंद के लोगों को ऊपर चढ़ाने के लिए नियमों को दरकिनार कर रहे हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब जिलाध्यक्ष की भूमिका पर विवाद हुआ हो।

प्रदेश संगठन की भूमिका पर भी प्रश्न

अब सवाल यह भी उठ रहा है कि जब प्रदेश संगठन को पूरे मामले की जानकारी है। शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं तो फिर जांच को लटकाया क्यों जा रहा है। यह कार्यकर्ताओं का कहना हैं।

शिकायतों की झड़ी, कार्रवाई ठप

पार्टी के नाराज़ कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संयोजक, संगठन निर्वाचन अपील समिति के प्रमुख और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सह-संयोजक सच्चिदानंद उपासने और संगठन मंत्री पवन साय से इस मामले की लिखित शिकायत की। 18 मार्च को कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर जाकर संगठन मंत्री से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात के बाद पवन साय नेकार्यवाही की बात कहीं। पांच माह बाद भी कोपरा मंडल में कार्यवाही शून्य हैं। लेकिन अब पांच महीना गुजर चुका है और न तो रिपोर्ट सामने आई, न ही किसी नियुक्ति को रद्द किया गया।

अब सबकी निगाहें प्रदेश संगठन पर टिकी हैं। अगर समय रहते निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो गरियाबंद जिले में भाजपा के अंदर बगावत की स्थिति पैदा हो सकती है। कार्यकर्ताओं ने साफ चेतावनी दी है कि अगर उनकी आवाज़ को दबाया गया तो प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

नियमों की धज्जियां और संगठन की चुप्पी

भाजपा के केंद्रीय संगठन ने देशभर में मंडल अध्यक्ष पद के लिए आयु सीमा 35 से 45 वर्ष तय की है। लेकिन गरियाबंद जिले के कोपरा मंडल में एक 46 वर्ष के कार्यकर्ता को मंडल अध्यक्ष बना दिया गया ।जिनकी उम्र स्कूल के दस्तावेज़ों के अनुसार 16 जून 1978 है यानी वे 46 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं ।सबसे बड़ा सवाल यह है कि खड़मा में दो माह पहले ही भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्राकर के ही सहमति से नियुक्ति किया गया था। अब शिकायत के बाद महामंत्री की नए नियुक्ति किया गया हैं। कोपरा मंडल के कार्यकर्ताओं का कहना हैं कि कोपरा अध्यक्ष नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष मुकदर्शक बने हुए हैं। कब होंगी कार्यवाही कार्यकर्ताओं को समय का इंतजार हैं ।वहीं जिला अध्यक्ष की दोहरे चाल से कार्यकर्ताओं में नाराजगी हैं।

अवैध शराब के साथ एक कोचिया गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा पुलिस नशे के खिलाफ अभियान छेड़ी हुई है। पुलिस की टीम नशे के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के साथ एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 35 पौवा शेरा देशी मदिरा मसाला भी जब्त की गई है। दरअसल, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध शराब रखकर बेचने की फिराक में हैं। सूचना के बाद पुलिस सतर्क हो गई और मौके के लिए रवाना हो गई।

पुलिस ने नवापारा-छांटा मार्ग में हनुमान मंदिर के पास अवैध शराब के साथ एक कोचिया को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शंकर पिता टिकू निर्मलकर बताया। वह पारागांव के रहने वाला हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35 क्वार्टर शेरा देसी शराब मसाला शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 3500 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला मंडल ने रोपे गायत्री गौशाला में 55 पौधे

महासमुंद/नवप्रदेश। भलेसर स्थित वेदमाता गायत्री गौशाला परिसर में गायत्री शक्तिपीठ की महिला मंडल ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कुल 55 फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। फलदार पौधों में आंवला, बादाम, बेल, कदंब, काजू, कटहल, आम, जामुन, नींबू, मौसंबी, अमरूद, रामफल आदि व बरगद, पीपल, नीम, पारिजात, कचनार, गुड़हल, बोहार जैसे छायादार एवं औषधीय महत्व के पौधों का भी रोपण किया । पूर्णिमा साहू के साथ लक्ष्मी राहंगडाले, नीतू साहू, भगवती साहू, करुणा ध्रुव, शारदा प्रजापति, धनेश्वरी वर्मा, निशा चंद्राकर, चंद्रकला साहू, प्रेमलता साहू एवं कुंती यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की सफलता में मीना नायक, रामकुमारी नागदेवे, धनीराम चक्रधारी व गौशाला प्रबंधक सीताराम सोनी का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ जीवनदायिनी प्रकृति को संजोने का संदेश दिया गया।

कुलेश्वर महादेव का अलौकिक श्रृंगार व शुभ दर्शन

राजिम/नवप्रदेश। सावन के पवित्र महीने में त्रिवेणी संगम में स्थित भगवान श्री कुलेश्वरनाथ का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सावन का दूसरा सोमवार होने से बड़ी संख्या में भक्तगण दर्शन, पूजन करने पहुंचेंगे।

नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नवापारा के बच्चे अभनपुर ब्लॉक में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किए

■ गायत्री परिवार द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 - 25 के विकासखंड स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ अभनपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपाल तिवारी संयोजक संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं द्वारिका प्रसाद चंद्राकार रायपुर के कर कमलों से अभनपुर विकासखंड में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किये आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा कक्षा पांचवी के यश कंसारी पिता विष्णु कंसारी प्रथम एवं गगन साहू पिता भगवत साहू द्वितीय को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं छात्रोपयोगी पुस्तक माला का सेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।

इस अवसर पर गोपाल यादव शाला के प्रधानपाठक नवापारा नगर गायत्री परिवार के प्रमुख ट्रस्टी पवन यदु, मंगल सेन, मोहन मानिकपन तथा बच्चों के माता-पिता विष्णु कंसारी, भागवत साहू, जमुना साहू उपस्थित थे।

वाहन चालक को डंडे से पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। पिकअप चालक ने वाहन मालिक के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। वार्ड -10 इमलीभाठा निवासी राजेश उर्फसोनू साहू ने शिकायत की है कि वह वर्तमान में ग्राम भुरका निवासी भुनेश्वर साहू का महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी06 जीवाय 6045 को चलाता है। एक माह पूरा होने पर उसने वेतन वाहन मालिक से मांगा। जिसने दो-तीन दिन तक टालमटोल किया । बाद 16 जुलाई की रात लगभग 8.30 बजे महासमुंद में ओवर ब्रिज के पास काम पूरा कर पहुंचा तो वहां भुनेश्वर पहुंचा और उस दिन के काम का हिसाब पूछा। बाद उसने वेतन मांगा तब वाहन मालिक ने गाड़ी में रखे डंडे से उसके साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

मैं धरसींवा हूं विकास के लिए नहीं, अब इंसाफ़के लिए तरस रहा हूं

धरसींवा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सटा धरसींवा क्षेत्र आज एक ऐसी कड़वी सच्चाई का गवाह है, जहां विकास के वादे हर चुनाव में गूंजते हैं, पर धरातल पर सिर्फ़ मायूसी और उपेक्षा की गर्द जमी है। यह इलाका न केवल कृषि प्रधान था, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी एक सशक्त पहचान रखता था। लेकिन समय के साथ विकास के नाम पर इसे सिर्फ़ एक उद्योगिक उपयोग का क्षेत्र बना दिया गया।

विकास की जगह प्रदूषण, रोज़गार की जगह शोषण

धरसींवा-सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से क्षेत्रवासियों को रोज़गार, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना की उम्मीद थी। लेकिन हकीकत ये है कि फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और रसायन ग्रामीणों की सांसों में ज़हर घोल रहे हैं।

गंदे नालों और रसायनों से खेती योग्य ज़मीन बर्बाद हो गई है। रोज़ाना भारी ट्रकों की आवाजाही से गांव की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। दुर्घटनाएं आम हो गई हैं - आए दिन श्रमिकों की मौत, आगजनी और गैस रिसाव की खबरें आती हैं। स्थानीय लोगों को स्थायी रोजगार के बजाय ठेके पर शोषण और न्यूनतम मजदूरी का सामना करना पड़ता है।

धरसींवा की करुण पुकार

पहचान मिट रही है

जहाँ एक ओर फैक्ट्री मालिक और नेता विकास की झूठी तस्वीरें खींचवाने में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर धरसींवा का युवा वर्ग पलायन को मजबूर है।

गाँवों में स्कूलों की हालत जर्जर, स्वास्थ्य केन्द्र या तो बंद रहते हैं या डॉक्टर नहीं, और पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं।

एक शिक्षिका बताती हैं,

बच्चे आते हैं पढ़ने लेकिन स्कूल में न बेंच है, न शौचालय। कई बार बिजली भी नहीं होती। क्या यही है स्मार्ट शिक्षा ?

सुरक्षा पर सवाल

धरसींवा क्षेत्र में उद्योगों के कारण अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। शराब, जुआ, चोरी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां अब आम होती जा रही हैं। पुलिस प्रशासन की भूमिका अक्सर सवालों के घेरे में रहती है।

विस में विधायक चातुरी ने समाज कल्याण विभाग जानकारी मांगी

महासमुंद/नवप्रदेश। विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन प्रश्नकाल के दौरान सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से समाज कल्याण विभाग को प्राप्त राशि और व्यय की जानकारी ली। विधायक के प्रश्न के लिखित जवाब में समाज कल्याण मंत्री ने अशासकीय संस्था फार्च्यून फाउंडेशन को साल 2023-24 में 21.59 लाख, वर्ष 2024-25 में 11.65 लाख, 2025-26 में 10 लाख व अनुदान देयक के रूप में 11.67 लाख देने की जानकारी दी। विधायक चातुरी नंद ने प्रश्नकाल के दौरान जब मंत्री से पूछा कि फॉर्च्यून फाउंडेशन को कितनी राशि अनुदान दी गई जिस पर मंत्री ने मौखिक जवाब में वर्ष 2023 -24 में 23.59 लाख रुपए अनुदान देने की जानकारी दी। मंत्री के जवाब पर विधायक चातुरी नंद ने आपत्ति ली और मंत्री के लिखित और मौखिक जवाब में अंतर होने पर टोकते हुए गलत जानकारी देने वाले अफसरों पर जांच करने की बात कही। विधायक नंद ने फॉर्च्यून फाउंडेशन को स्वीकृत राशि और उनके खर्च की भी जानकारी ली जिस पर मंत्री ने पृथक से जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही।

हर हर महादेव... सावन में भक्तों का मंदिरों में मेला

पंचकोशी धाम के कर्पूरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में गूंजा हर हर महादेव

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। सावन के पवित्र महीना में हर सोमवार को पंचकोशी धाम कोपरा के कर्पूरेश्वरनाथ महादेव श्रद्धालुओं से मंदिर गुलजार हो रहा हैं। सुबह से ही भक्तों की भीड़ महादेव कोपेश्वर नाथ जो कोपरा नगर के शमशान घाट में स्थित हैं। पंचकोशी यात्रा में जनवरी माह में भी यात्रियों की टोली भारी भीड़ के साथ महादेव के दरबार पहुंचते हैं। कोपेश्वर महादेव का दर्शन करने से जीवन धन्य होता हैं। यह महादेव कपूर के समान गोरा हैं। बताना जरूरी है कि सोमवार को भक्त गण हर हर महादेव के जय घोष करते हुए मंदिर पहुंच रहे हैं।

गरियाबंद अंचल सहित आस पास क्षेत्र से भक्तगण दर्शन के लिए पहुंच रहें हैं। जहां शिव है वही जीव है शिव के धाम जाने के लिए यदि तकलीफ मिले तो हम उसे सहन कर लेंगे और भोलेनाथ का धाम हम जरूर पहुंचेंगे ऐसे भक्तों का कहना हैं। भक्त गण स्नान के बाद भी कर्पूरेश्वरनाथ महादेव ने जलाभिषेक कर रहें हैं। भक्त गण बिल्वपत्र धतूरा कनेर एवं नारियल चढ़ा पूजन आरती कर सावन माह में परिवार की खुशहाली के लिए भी कामना कर रहें हैं। मंदिर प्रांगण में सोमवार को हर हर महादेव का जयघोष से गूंजता हैं।

कोपरा शिव का धाम है। यहां आने के बाद श्रद्धालु अपने आपको प्रसन्न पाते हैं ।कमल की पांच पंखुड़ी पर यह पंचकोशी धाम स्थित हैं। उसमें से एक प्रमुख धाम कोपेश्वर महादेव हैं ।कोपेश्वर मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल देवदास ने कहा कि यहां का शिवलिंग कपूर के समान उज्जवल है। भगवान भोलेनाथ को कर्पूरगौरम शब्दों के साथ स्मरण किया जाता है। वैसे भी इस नगर की स्थापना भगवान भोलेनाथ के डमरु के आकार पर हुआ है। पंचकोशी पीठाधीश्वर सिद्धेश्वरानंद महाराज के नेतृत्व में पंचकोशी यात्री हर साल कोपरा नगर पहुंचते हैं। खिलेश्वर गोस्वामी ने बताया कि सावन के महीने में सोमवार के व्रत बहुत खास माने जाते हैं ।कहते हैं कि भगवान शंकर प्रसन्न होने पर मनवांछित फल देते हैं। ऐसा भी कहा जाता हैं कि सावन में भगवान शिव और माता पार्वती धारती पर आकार अपने भक्तों के कष्ट दूर करते हैं।

सावन के ही महीने में भगवान शिव के लिए रुद्राभिषेक किया जाता हैं ।अलग अलग चीजों से भगवान को रुद्राभिषेक करने अलग अलग फल मिलते हैं। इसके अलावा भक्त गण भगवान को बेलपत्र आदि अर्पित करते हैं।

बेलसोंडा में विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। बेलसोंडा में शनिवार को हुलसी चंद्राकर ने कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में बेलसोंडा के उचित मूल्य राशन दुकान (सोसाइटी)सड़क का निर्माण, मुख्य मार्ग से गौशाला तक सीसी रोड का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के निवासियों को आने-जाने में आसानी होगी और दलदल की समस्या से निजात मिलेगी।

इस अवसर पर बेलसोंडा सरपंच प्रीति धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, पंचगण राजू चंद्राकर, कुंती धीवर, शिव यादव, सरपंच प्रतिनिधि त्रिभुवन धीवर, रवि चंद्राकर, शीलू चंद्राकर और पंचायत सचिव नेहा उपाध्याय उपस्थित रहे। हुलसी चंद्राकर ने कहा कि वह अपने क्षेत्र के निवासियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

■ न्यूज गैलरी

लूट के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव। नंदई चौक राजू बिल्डिंग मटेरियल के पास दो युवकों से रुपए लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी ने बताया कि रेल्वे स्टेशन से देवघर बाबाधाम जाने के लिये निकला था। शाम 4:30 बजे नंदई चौक पर काले रंग की होण्डा बाईक पर सवार तीन अज्ञात लड़कों ने उसकी मोटर सायकल को रोक दिया। तीनों में से एक लड़के ने प्रार्थी को चाकू दिखाकर रुपये की मांग की। प्रार्थी ने 100 रुपए दिये। लेकिन वे नहीं माने। प्रार्थी के बांये जांघ पर चाकू से वार कर चोट पहुँचाते हुए डराकर उन्होंने जेब में रखे 500 रुपए के नोट निकाल लिये। इसके बाद तीनों लड़के भाग गए। प्रार्थी द्वारा आसपास के लोगों से पूछने पर तीनो लड़के का नाम प्रदीप पटेल निवासी सागरपारा, घनश्याम जोशी व एक अन्य नाबालिग बालक होना बताया गया। थाना बसंतपुर में अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश शुरू की गई। तीन घंटे के भीतर आरोपी प्रदीप पटेल, घनश्याम जोशी और नाबालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल और नाबालिक को बाल सम्प्रेक्षण गृह राजनांदगांव में दाखिल किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, सउनि. मनमोहन साहू, किशोर यादव, दीपक जायसवाल, कुश बघेल, जामिन्द्र वर्मा, आशीष मानिकपुरी और अतहर अली की अहम भूमिका रही।

पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी ने लगाई आग, पति भी झुलसा

खैरागढ़। पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी द्वारा मिटटी तेल डालकर आग लगा ली। उसे गंभीर हालत मे सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामला मदराकुही ग्राम का है। घटना में महिला का पति भी गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर आनन फानन में एंबुलेस बुलाकर अस्पताल पहुँचाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाजार चौक में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास रहने वाले राजकुमार साहू (34 वर्ष) की पत्नी ममता साहू (33 वर्ष) ने दोपहर में पति के साथ विवाद के बाद घर में रखे मिटटी तेल को शरीर पर डालकर आग लगा ली। इस दौरान घर पर महिला का पति, सास और चार बच्चे भी मौजूद थे। महिला ने आग खुद लगाई या लड़ाई के दौरान पति द्वारा लगाया गया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। एंबुलेंस ने दोनों को सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, दोनों का प्रारंभिक इलाज किया गया। सूचना के बाद थाना प्रभारी अनिल शर्मा दलबल के साथ सिविल अस्पताल पहुँचे और कार्यवाही शुरू की। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि महिला 80 फीसदी से ज्यादा झुलस गई है। पति भी काफी गंभीर रूप से झुलसा है। दोनों के बयान दर्ज नहीं हो पाए हैं।

बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन

खैरागढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने उपस्थित बैंक अधिकारियों और जिला अधिकारियों को स्व सहायता समूहों को बैंक लोन, शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समयबद्ध और सरल प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति मिलेगी। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल और नेशनल रिसोर्स पर्सन सुधाकर सतपथी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बिहान मिशन की भूमिका, उद्देश्य और क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी।

4 एकड़ में बने तालाब की सफाई कर ग्रामीणों ने बनाया वाटर रिचार्ज का स्त्रोत

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासन स्तर पर जारी अभियान मिशन अमृत सरोवर के तहत बारिश के पानी को सहेजने जिले मे बड़े पैमाने पर कार्य किये जा रहे हैं। छुईखदान विकासखंड में 21 अमृत सरोवर बनकर तैयार किए गए हैं। प्रत्येक अमृत सरोवर में 10 हजार क्यूबिक मीटर पानी भराव क्षमता बनाया गया है। तकनीकी मापदंड के अनुरूप बने सरोवरों मे वर्षा जल संचयित हो रहा है। ये सरोवर भूगर्भ के जल स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

ग्राम पंचायत पेंडरवानी में चार एकड़ क्षेत्र में बने अमृत सरोवर तालाब का जीर्णोध्दार किया गया है। सरपंच दुलेश्वरी धुर्वे ने बताया कि तालाब में गाद जमा होने के कारण तालाब के जलधारण क्षमता में कमी आ गई थी। कई साल से तालाब की सफाई न होने के कारण पानी गंदा हो गया था। तालाब को पुनर्जीवित करने ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों की

बैठक आयोजित कर महात्मा गांधी नरेगा योजना से तालाब के जीर्णोद्धार के लिये कुल 9.99 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। ग्रामीणों, महिलाओं की भागीदारी और मेहनत से तालाब का जीर्णोध्दार किया गया। इस कार्य से 522 ग्रामीणों को सीधे रोजगार के अवसर मिला। 3526 रोजगार दिवस सृजित हुआ। गांव को जल संरक्षण का साधन भी उपलब्ध हो गया।

जन भागीदारी से निर्मित अमृत सरोवर से गांव के भूजल स्तर मे वृद्धि हुई है। वर्षा की चुनौती से निपटने के लिए अमृत सरोवर के रूप मे सिंचाई का स्थायी साधन मिल गया है। इस सरोवर से आसपास के लगभग 30 एकड़ खेत सिंचित होंगे। सरोवर में मछलीपालन भी प्रस्तावित है। भूजल स्तर की गिरावट को देखते हुए अमृत सरोवर योजना के तहत जल संरक्षण के प्रयास किये गए। ग्राउंड वाटर रिचार्ज क्षमता में वृद्धि हुई है।

वृहद वृक्षारोपण अभियान में सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

बालोद जिले ने रचा नया इतिहास : 1 लाख 74 हजार पौधे रोपकर लिया संरक्षण का संकल्प

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की विशेष पहल पर बालोद जिला प्रशासन और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बालोद जिलेवासियों ने आज 1 लाख 74 हजार पौधे रोपकर कीर्तिमान स्थापित किया है। जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर और पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वृहद वृक्षारोपण अभियान सह वन महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और आम

नागरिकों ने पौधरोपण के अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हरित बालोद के परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी नगरीय निकायों सहित विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों और विकासखण्ड मुख्यालयों में आयोजित समारोह को वेबएक्स के माध्यम से वर्चुअल संपर्क स्थापित किया गया। समारोह में नगरीय निकायों में नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों के अलावा अधिकारी-कर्मचारी व आम नागरिकों द्वारा पौधरोपण किया गया। जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में आयोजित समारोह में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच सहित अधिकारी-कर्मचारियों, गणमान्यजनों और ग्रामीणों द्वारा पौधरोपण किया गया।

जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, राजेन्द्र कुमार, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक, सुरेन्द्र साहू सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अपने माँ के नाम पर एक-एक पौधे का रोपण किया। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण कर रोपे गए पौधे का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।

सांसद पांडेय ने जल संसाधान मंत्री कश्यप को लिखा पत्र

■ **नहरों की रिमाडलिंग, लाइनिंग और विस्तारीकरण करने मांगे 10 करोड़**

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने जिले के किसानों की चिंता करते हुए कृषि व सिंचाई संबंधी होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बजट में शामिल जिले के महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखा है। सांसद पांडेय ने जल संसाधन मंत्री को लिखे पत्र में पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत हाफ नदी में बकेला व्यपवर्तन योजना के नहरों का विस्तारीकरण कार्य करने 60 करोड़, घोघरा व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का रेसिंग कार्य और नहरों की रिमाडलिंग, लाइनिंग और विस्तारीकरण कार्य के लिए 10 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

सांसद ने सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत दमऊनाला व्यपवर्तन के नहर का लाइनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 99 लाख 54 हजार की स्वीकृति प्रदान करने की मांग भी की है। ये कार्य होने पर जिले के किसानों को कृषि और सिंचाई में लाभ मिलेगा। सिंचाई की समस्या दूर होगी।

सांसद पांडेय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। मोदी की गारंटी व विष्णु के सुशासन से छत्तीसगढ़ संवर रहा है।

कुलपति ने रात एक बजे किया संगीत विवि के कैपंस-एक का निरीक्षण, सो रहे थे गार्ड

■ **काम में लापरवाही करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी**

खैरागढ़/नवप्रदेश। संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो लवली शर्मा के रात्रि निरीक्षण के दौरान सुरक्षा गार्ड सोते मिले। विश्वविद्यालय की सुरक्षा की दृष्टि से कुलपति कैम्पस निरीक्षण करने गत दिवस रात 1 बजे कैम्पस 1 पहुँची थी। इस दौरान सुरक्षा गार्ड नींद में थे। एक गार्ड टेबल पर और दूसरा गार्ड गेस्ट हाउस के कमरे में गद्दा लगाकर कम्बल ओढ़कर सोया था।

कुलपति के पहुंचते ही कर्मचारी उठे और दूसरे कर्मचारी को उठाया। कुलपति

द्वारा पूछताछ करने पर पैर में चोट लगने का बहाना बनाने लगा। कुछ देर बाद सुरक्षा गार्ड कैंपस का निरीक्षण कर रही कुलपति के पीछे चलने लगा। कुलपति ने पैर में चोट लगने के बाद चलने पर सवाल किये तो गार्ड जवाब नहीं दे पाया।

कुलपति संगीत विवि के गेस्ट हाउस पहुंची। वहां एक कर्मचारी कमरे में सोते मिला। पूछने पर कर्मचारी ने मोबाईल चार्ज करने की जानकारी दी। कुलपति ने दोनों सुरक्षा कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने, काम में लापरवाही करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी। कुलपति ने विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को काम के प्रति सजग रहकर ईमानदारी से काम करने कहा है।

स्कूली छात्रों ने मां के नाम रोपे पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मिशन लाइफ के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम 2.0 का संचालन किया जा रहा है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के सहायक संचालक डॉ. एम सुधीश संकुल केंद्र टेड़ेसरा, संकुल केंद्र सोमनी, संकुल केंद्र बघेरा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए। शिक्षा विभाग की ओर से किये जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम में एपीसी राजकुमार चाफेकर भी मौजूद रहे। माध्यमिक शाला बघेरा के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ, पीआर झाड़े, एपीसी मो रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक,

मनोज मरकाम, कामिनी साहू, जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग के एपीसी विवेक शर्मा विकासखंड राजनांदगांव के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगत सिंह ठाकुर ने भी पौधारोपण किया। शाला के छात्रों ने अपनी माता के नाम से पौधे लगाए। छात्रों की माताएं भी उपस्थित रही। इसके पूर्व भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों द्वारा अपने घरों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें शाला में दर्ज संख्या में ज्यादा पौधे लगाए गए एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में जाम, जामुन, करंज, गुलमोहर, अशोक के पौधे लगाए गए। राज्य स्तर और जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा शाला का निरीक्षण किया गया। बच्चों और शिक्षकों के कार्य की सराहना की गई। स्मार्ट क्लास, पौधों में कोड और शाला की समस्त गतिविधियों से प्रभावित हुए।

इस अवसर पर संकुल केंद्र बघेरा के संकुल समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, सुनीता ठाकुर, संजीव कुमार जांगड़े टेड़ेसरा से नमिता देवांगन, सोमनी से बबीता गिरी, ग्राम बघेरा की सरपंच ऐश्वर्या देशमुख, हायर सेकंडरी स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन, माध्यमिक शाला बघेरा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमबाई साहू, उपाध्यक्ष सरिता मंडावी, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अलेन वर्मा, दीप्ति साहू, हिना साहू व कल्पना रामटेके उपस्थित रहे।

भोरमदेव मंदिर परिसर में नपा अध्यक्ष के साथ टीम ने किया स्वच्छता श्रमदान

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता संकल्प की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए भोरमदेव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अध्यक्ष व उनकी टीम ने स्वयं श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, गलियारों, कांवरिया मार्ग और मंदिर के अंदरूनी हिस्सों की सफाई की। नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों को अपने धार्मिक स्थलों की सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। श्रमदान के दौरान उपस्थित

सभी लोगों ने स्वच्छता का संदेश फैलाने और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर बाबा भोरमदेव का दर्शन करने पहुंचते है और अपनी मनोकामना के लिए बाबा से अर्जी लगाते हैं।

श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को भोरमदेव मंदिर में होगा स्वच्छता श्रमदान

भोरमदेव मंदिर परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान अध्यक्ष चंद्रवंशी ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को मंदिर परिसर में सफाई कर श्रमदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रावण मास शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है और इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह न सिर्फ भक्ति का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम भी है।

श्रावण मास के बाद फिर तालाबों में होगा श्रमदान

उन्होंने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में गंभीर पहल की जा रही है। टीम द्वारा अब तक 14 रविवार को तालाबों में श्रमदान किया जा चुका है। श्रावण मास के बाद तालाबों की सफाई का कार्य आरंभ किया जाएगा, ताकि वर्षा जल का संरक्षण बेहतर ढंग से किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल स्त्रोत उपलब्ध हो सकें।आज श्रमदान के दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, अजय ठाकुर, पार्षद डोनेश राजपूत, योगेश चन्द्रवंशी, दीपक सिन्हा, मनीषा साहू, सुरेंद्र पांडे, अनिल साहू, केशरीचंद सोनी, हरीश साहू व अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आयुक्त ने वार्डो में साफ-सफाई का लिया जायजा

■ **शीतला मंदिर रोड के कार वाशिंग सेन्टर का नल कनेक्शन काटने के दिये निर्देश**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने शीतला मंदिर वार्ड, नंदई, फ्लाई ओव्हर के नीचे, साफ सफाई कार्य का निरीक्षण कर स्वास्थ्य अमले को बेहतर तरीके से सफाई के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शीतला मंदिर रोड के कार वाशिंग सेन्टर का नल कनेक्शन काटने निर्देशित किया। शीतला मंदिर रोड में आयुक्त ने साफ सफाई कार्य का जायजा लिया। बुढ़ा तालाब के किनारे सफाई कार्य की सराहना करते हुए तालाब के किनारे अच्छी

तरह सफाई करने और तालाब में कचरा, झिल्ली व पन्नी जाने से रोकने के लिये जाली लगाने कहा। उन्होने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता के साथ कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। शौचालय मरम्मत कार्य में कुछ शौचालय में गुणवत्ताहीन कार्य होने पर नाराजगी जताई। आयुक्त ने कार वाशिंग सेन्टर में नल से वाहन धोते देख नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार वाशिंग में पानी ज्यादा लगता है। नल से धुलाई करने पर पानी का अपव्यय होता है। सभी कार वाश सेन्टर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सफाई निरीक्षण कार्य के दौरान फ्लाई ओव्हर के नीचे गंदगी देख सफाई करने के निर्देश दिए।

पेज 1 का शेष

सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर ....

का कम समय मिलता है, क्योंकि संख्या के हिसाब से संसद का सिस्टम चलता है। इसको हमने संज्ञान में लिया है। छोटी पार्टियों के नेता को बोलने का पर्याप्त समय कैसे दें, इसको सुनिश्चित करने पर भी हमने सहमति जताई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कई अहम मुद्दे है, जिस पर सभी दलों ने अपने विचार रखे हैं कि इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। हम तो खुले दिल से इन मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। हम नियम और परंपरा के तहत चलते है और इन चीजों को बहुत अहमियत देते हैं।

किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विभिन्न दलों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें बहुत अच्छी और प्रभावी रहीं और उन सभी अच्छे अनुभवों को राष्ट्र के सामने शेयर किया जाना चाहिए। हमें इसका स्वागत करना चाहिए।

संसद के मानसून सत्र से ....

कोई भी देश भारत के साथ खड़ा नहीं है, जो पहले कभी नहीं हुआ।

संविधान के अनुच्छेद 326 का उल्लंघन

उन्होंने बिहार में मतदाता सूची से लाखों लोगों के नाम हटाए जाने को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया और कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 326 का उल्लंघन है।

बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा ने कहा, ओडिशा में स्थिति बेहद गंभीर है। महिलाओं और बच्चियों पर लगातार हमले हो रहे हैं। सच तो यह है कि आज ओडिशा सरकार पूरी तरह से अक्षम, विफल है और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है, इसलिए हम राज्य के अन्य मुद्दों के अलावा, इन सभी मुद्दों को संसद में उठाएंगे। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे पर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश और बिहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों को मकान देने के वादे के बावजूद बुलडोजर चलाने की कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की।

उन्होंने विमान दुर्घटना में भारतीय पायलटों को दोषी ठहराए जाने पर भी सवाल उठाया और उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूल बंद करने को दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बताया।

बिजली की चपेट ...

उरांव पता बेलसर थाना शंकरगढ़ ,सुशीला तिग्गा पति संतोष तिग्गा उम्र 35 वर्ष जाति ऊरांव पता बेलसर थाना शंकरगढ़। संतोष अगरिया पिता भोला अगगरिया उम्र 24 वर्ष पता बेलसर थाना शंकरगढ़।धनेश्वर अगरिया पिता धरमपाल उम्र 19 वर्ष पता बेलसर थाना शंकर गढ़। मन रखनन पिता स्वर्गीय लूथे उम्र पच्चीस वर्ष जाति अगरिया पता बेलसर थाना शंकर गढ़। लोखनाथ पिता पिता बच्चू राम राम उम्र 55 वर्ष जाति कंवर पता इंदाकोन थाना शंकरगढ़।

मृतकों के नाम-मनेश्वर अगरिया पिता धर्मपाल (18)पता बेलसर थाना शंकरगढ़। सुवेश्वर नगेशिया पिता पता भरतपुर (37)। थाना शंकरगढ़।

तेल आत्मनिर्भरता की...

बड़ा अन्वेषण और उत्पादन बोली दौर है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, उद्यमियों और उद्योग जगत के लीडर्स के लिए भारत में तेल और गैस की खोज पर विचार करने का यह एक बेहतरीन समय है। भारत के ऊर्जा भविष्य में निवेश करना पहले कभी इतना आसान, तेज या लाभदायक नहीं रहा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन लगभग 100 प्रतिशत भौगोलिक और जनसंख्या कवरेज के साथ प्रत्येक भारतीय के दैनिक जीवन का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, यह 2014 में 55 शहरों से बढ़कर 300 से ज्यादा शहरों और कस्बों तक, 25 लाख रसोई से बढ़कर अब 1.5 करोड़ घरों तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के शहरी गैस वितरण नेटवर्क ने एक क्रांति ला दी है।

तीन युवकों के बहने से फिर...

दूसरा युवक लापता था जिसकी तलाश में पुलिस तथा गोताखोरों की टीम लगातार प्रयास कर रही थी आखिर देर शाम लापता युवक को ढूंढ लिया गया ।

भारत त्वरित भुगतान ...

सभी रियल टाइम डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है।रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अब यह प्रतिदिन 64 करोड़ से ज्यादा लेनदेन संभालता है, जो वीजा जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों से कहीं ज्यादा है, जो प्रतिदिन लगभग 63.9 करोड़ लेनदेन संभालती हैं।यह उपलब्धि काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूपीआई केवल नौ वर्षों में इस मुकाम तक पहुंच गया है। यूपीआई प्लेटफॉर्म वर्तमान में 49.1 करोड़ व्यक्तियों और 6.5 करोड़ व्यापारियों को सेवाएं प्रदान करता है और 675 बैंकों को एक ही प्रणाली के माध्यम से जोड़ता है। इसने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देशभर के लोगों विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को आसान और किफायती तरीके से डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिली है। आईएमएफकी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सफलता वर्षों के डिजिटल आधारभूत कार्य और समावेशी विकास के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग की एक मजबूत दृष्टि का परिणाम है। यूपीआई, जिसकी शुरुआत एक भुगतान प्रणाली के रूप में हुई थी, अब सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में एक वैश्विक मानक बन गया है। यूपीआई का प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में मौजूद है। फ्रांस में इसकी शुरुआत यूरोप में इसके प्रवेश का प्रतीक है, जिससे वहां यात्रा करने वाले या रहने वाले भारतीय निर्बाध भुगतान कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

जिले में अब तक 358.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 1 जून से 20 जुलाई तक 358.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 465.2 मिमी अहिवारा तहसील में और न्यूनतम 279.0 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 304.0 मिमी, तहसील पाटन में 439.0 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 297.8 मिमी और तहसील दुर्ग में 366.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 20 जुलाई को तहसील दुर्ग में 16.6 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 17.0 मिमी, तहसील बोरी में 32.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 1.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 25.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

कांवर यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तार से हुई चर्चा

कुम्हारी। बोल बम कांवर यात्रा समिति की बैठक में सावन माह में प्रतिवर्ष होने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारी के लिये योजना बनाई गई। समिति के सदस्यों को विभिन्न दायित्व व जिम्मेदारियां दी गई। समिति के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि भगवान शंकर के आशीर्वाद और भक्तजनों के सहयोग से इस वर्ष भी कांवर यात्रा का आयोजन सावन के तीसरे सोमवार यानी 28 जुलाई को सर्वे भवंतु सुखिनः और जल संरक्षण के पावन उद्देश्य को लेकर निकाला जाएगा। जल की महत्ता को देखते हुए इस बार कांवर यात्रा निकालकर टोलाघाट में रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया जाएगा। गांव-गांव में तैयारी को लेकर प्रभारी बनाए जा रहे है। कुम्हारी में भी आमंत्रण पत्र लेकर घर-घर जाएं और कांवर यात्रा के लिए लोगों को आमंत्रित करें। एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से एकत्र चावल से महाप्रसादी बनेगा। इसे भी एकत्रित करें। भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। टोलाघाट में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका पायल साहू लोककला मंच ननकट्ठी की भक्तिमय प्रस्तुति का आयोजन किया गया है। आज बैठक में प्रमुख रूप से बोलबम समिति पाटन के संयोजक एवं निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भाजपा जिला भाजपा उपाध्यक्ष द्वय राजेन्द्र पाध्ये, दिलीप साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पीएन दुबे, गोल्डी गोस्वामी, महिला मोर्चा नेत्री तृप्ति चंद्राकर, योगिता वर्मा, पार्षद ओंकार मारकंडे, पीआईसी सदस्य उमाकांत साहू, उमेश्वरी साहू, सूरज यादव, उमेश साहू, गोविंद बघेल, तिलक परिहार आदि उपस्थित रहे।

रूंगटा यूनिवर्सिटी ने दर्ज किया वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया कीर्तिमान
सीएम बोले–छत्तीसगढ़ को स्किल हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

- 8183 युवाओं को दी गई ऑनलाइन स्किल ट्रेनिंग
- 25 युवाओं को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित
- गूगल, आईबीएम और इंटरनेशनल काउंसिल के साथ ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा यूनिवर्सिटी में आयोजित विश्व युवा कौशल उत्सव 2025 के समापन समारोह में आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर रूंगटा यूनिवर्सिटी ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया कीर्तिमान दर्ज किया। पहले चरण में 8183 युवाओं को ऑनलाइन मोड से विभिन्न देशों के विशेषज्ञों द्वारा एक से अधिक कौशलों की निशुल्क ट्रेनिंग दी गई। इनमें से 25 युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशस्ति पत्र देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस अवसर पर रूंगटा यूनिवर्सिटी ने अग्रणी कंपनियां गूगल, आईबीएम और इंटरनेशनल काउंसिल के साथ मिलकर ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम की शुरुआत की। हार्वर्ड और कैम्ब्रिज के बीच एमओयू हुआ। इससे युवाओं को वैश्विक स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह आयोजन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है।

गोल्ड बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम यहां आई है और उन्होंने यहां 8,183 प्रतिभागियों को एक सप्ताह के भीतर दिये गये प्रशिक्षण के लिए इसे प्रमाणित कर इसका सर्टिफिक्रेट संस्था को प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और हुनरमंद बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया है। जब डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री बने थे, तब राज्य में उच्च शिक्षा की संस्थाओं का विस्तार हुआ। आज छत्तीसगढ़ में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, सिपेट, एम्स और लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ''विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़'' निर्माण के लिए काम कर रहे हैं और यह इतना बड़ा कार्य है कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है और यह कार्य बड़े पैमाने पर होना चाहिए, जैसा कि आज हुआ है। प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के अगले वर्ष ही 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्किल इंडिया मिशन आरंभ किया।

इस मिशन ने देश की तस्वीर ही बदल दी। जब यह मिशन आरंभ हुआ, उस समय भारत दुनिया की दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था था। आज एक दशक के भीतर हमारा देश जापान को भी पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ चुका है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह से मेगा प्लेसमेंट कैंप देश भर में आयोजित किये हैं, उससे देश भर में नियोक्ताओं को कुशल लोग मिले हैं और कुशल लोगों को उपयुक्त नियोक्ता मिले हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना बेहद महत्वपूर्ण योजना है। कोई युवा जब किसी उद्योग में नौकरी के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें कहा जाता है कि अनुभव बताओ। एकदम से नया व्यक्ति संस्थान के लिए उतना उपयोगी नहीं होता, कुछ चीजें सीखता है तभी प्रभावी परिणाम दे पाता है। अब इंटर्नशिप योजना से युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान इंसेटिव मिल रहा है। इस पहल ने युवाओं के लिए संभावनाओं के द्वार खोल दिये हैं।

कार्यक्रम को सांसद विजय बघेल और विधायक रिकेश सेन ने भी संबोधित किया। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति संतोष रूंगटा ने स्वागत उद्बोधन में युनिवर्सिटी की कार्य गतिविधियों से अवगत कराया।

उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री साय व अन्य अतिथियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह व रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर, विषय विशेषज्ञ प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

शहर को मिली करोड़ों की सौगात, महापौर ने डिप्टी सीएम साव का जताया आभार

- सावन महोत्सव में शामिल होने का सौंपा आमंत्रण

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने दुर्ग शहर को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देने पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ डिप्टी सीएम साव के निवास पर सौजन्य भेंट की और शहर की विकास योजनाओं के लिये सहयोग देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

महापौर ने कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा विकास कार्यों के लिये राशि मंजूर करने से शहर के अधूरे कार्यों को पूरा किया जा सकेगा। आम नागरिकों को शीघ्र बेहतर सुविधाएं मिलेगी। महापौर अलका बाघमार ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की धर्मपत्नी मीना साव से भी शिष्टाचार भेंट की और उन्हें आगामी 2 व 3 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय सावन महाउत्सव में शामिल होने आमंत्रित किया।

महापौर ने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर सहयोग से दुर्ग नगर निगम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा है। निकट भविष्य में शहर की तस्वीर और अधिक निखरेगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, पार्षद रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, सरिता चन्द्राकर, पूर्व पार्षद ममता देवांगन सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

ग्रामीण विस क्षेत्र में 21.41 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

- उतई में बनेगा इंडोर स्टेडियम : चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों से उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए 21 करोड़ 41 लाख की विकास परियोजनाओं की स्वीकृति दी है। राशि की मांग विधायक ललित चंद्राकर ने की थी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर पंचायत उतई वार्ड एक उमरपोटी रोड में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 2 करोड़, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अन्तर्गत नगर निगम रिसाली में मुख्य मार्ग मैत्री कुंज से मधुरिशा आजाद चौक कृष्णा टॉकीज रोड और श्री राम चौक से बालाजी अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 19 करोड़ 41 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं। डिप्टी सीएम ने विश्वास जताया कि विधायक की सक्रियता से क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां स्थापित होंगी। डिप्टी सीएम अरुण साव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य विधायक ललित चंद्राकर के मार्गदर्शन में तय समय और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। उन्होंने यह भी कहा कि इन योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचे, ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और जनता का विश्वास और मजबूत हो।

अग्निवीर भर्ती हेतु 31 तक आवेदन

दुर्ग। भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के अविवाहित पुरूष व महिला आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष-2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक वेब साईट पर 31 जुलाई 2025 रात्रि 11 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे आवेदक जिनका जन्म 2 जुलाई 2005 और 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ है और जो 10+2 या 02 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स या इन्टरमिडिएट मेट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है ऑनलाईन पंजीयन करवा सकते है।

गूंजे बोल बम के नारे, सौ से अधिक कांवड़ियों का जत्था बाबाधाम रवाना

- जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार सहित पार्षदों ने दी यात्रा की शुभकामनाएं

दुर्ग/नवप्रदेश। सावन माह में कांवड़ यात्रा के तहत बाबा वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर गंगाजल चढ़ाने आज दुर्ग से शिवनाथ बोल बम कावंरिया समिति के सौ से अधिक शिवभक्त कावड़ियों का जत्था दरभंगा एक्सप्रेस से बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। बाबाधाम जाने वालों में शिवनाथ बोलबम समिति के संयोजक व पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, वरिष्ठ सदस्य शिवेंद्र परिहार, एमआईसी मेंबर मनीष साहू, पार्षद युवराज कुंजाम, पूर्व पार्षद दिलीप साहू सहित महिला कांवडिये भी बड़ी संख्या में शामिल हैं।

इस दौरान स्टेशन परिसर बोलबम व हर-हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। रेलवे स्टेशन पर कांवड़ियों का स्वागत कर यात्रा की शुभकामनाएं देने जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, शहर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार सहित एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे, लोकेश्वरी ठाकुर सहित अन्य भाजपा नेता रेल्वे स्टेशन पहुंचे। सभी शिव भक्तों को पुष्पगुच्छ देकर यात्रा के लिए मंगल कामना की गई। कोविड काल को छोड़कर समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का यह लगातार 19 वां साल है।

बाबाधाम जाने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश दीक्षित, भरत यादव, नरेंद्र सोनी, वीरेंद्र यादव, मन्नू साहू, विकास ताम्रकार, उत्तम साहू, अशोक सोनी, गणेश देशमुख, मुकेश सोनी, कृष्णा सिंह, प्रकाश ताम्रकार, पीतांबर महार, राम जी साहू, संजीता ताम्रकार, पोषण यादव, रामेश्वरी यादव, शारदा बिसेन, राजेंद्र यादव, मना राम, दीपक कुमार, विनय मानकर, नंदू निर्मलकर, खोमन साहू, सुरेंद्र साहू, ओम प्रकाश साहू, दशरथ साहू, नीलेश देवांगन, सहबीन बाई, मंशा अंबुले, बेनू अंबुले, राजा शर्मा, आकाश चंद्राकर, रेखा अंबुले, अनुराग वर्मा, संगीता अंबुले, भूषण पटेल, छोटू निर्मलकर, रागिनी अंबुले, उज्वल गुप्ता, भूपेश वर्मा, विरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांवरिया रवाना हुए।

सैनिक स्कूल में चयन

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी में बीते वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा 2025 में कक्षा 8वीं के कुंजला साहू, चित्रांशी निर्मलकर, पूर्वांश वर्मा, विद्यार्थियों ने चयनित होकर शाला का नाम रौशन किया है। इसके साथ ही जंजगिरी में इस परीक्षा में बीते 3 वर्षो में सैनिक स्कूल की चयन परीक्षा में कुल सफ्लता होने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढती ही जा रही है। प्राचार्य मिनी गोपीनाथन ने बताया की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा की मेंटर शिक्षिका अंजना सिंह के कुशल नेतृत्व में हर वर्ष बच्चे सफ्लता की नई कहानी लिख रहे हैं।

शहर को ग्रीन जोन बनाने विधायक गजेन्द्र ने किया पौधारोपण

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग वनमंडल द्वारा नगर सेनानी कार्यालय में आज एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। परिसर को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करने विधायक गजेन्द्र यादव ने पौधरोपण किया। जनप्रतिनिधियों और स्काउट्स-गाइड्स कैडेट्स ने मिलकर फ्लदार व छायादार पौधे रोपते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम जनमानस को प्रेरित किया। इस दौरान विधायक और कलेक्टर ने स्काउट्स के उत्कृष्ट कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। हरियाली के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से दुर्ग वन मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहर विधायक गजेन्द्र के अलावा निगम के जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्ष, एसडीआरएफ के जवान, स्काउट्स-गाइड्स ने अपनी सहभागिता निभाई और पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान सिर्फ एक पौधारोपण अभियान नहीं, इसमें प्रकृति के प्रति सम्मान की जड़ें हैं। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, कुलेश्वरी देवांगन, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वन मंडलाधिकारी दीपेश कपिल, वन रक्षक एम. मारिबेला, निगम आयुक्त, एसडीएम सहित नगर सेनानी कार्यालय के अधिकारी, जवान, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

5 हजार टन यूरिया और 1350 टन डीएपी की रेक आने पर किसानों को मिलेगी खाद

- दुर्ग संभाग में मांग के विरूद्ध 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध

दुर्ग/नवप्रदेश। संभाग में अच्छी बारिश होने के कारण खरीफ 2025 में फ्सलों की बोनी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। धान की रोपाई का काम चल रहा है। खाद, बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित करने कृषि विभाग द्वारा बीज एवं खाद के भण्डारण वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। संयुक्त संचालक कृषि के अनुसार दुर्ग संभाग में अप्रेल 2025 से 18 जुलाई तक मांग के विरूद्ध 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध कराया जा चुका है। यूरिया 99362 मे. टन, डीएपी 33856 मे. टन, एसएसपी 66818 मे. टन, पोटाश 26405 मे. टन और एनपीके 46079 मे. टन मार्कफेड द्वारा संभाग के डबल लॉक और सहकारी समितियों में भण्डारित कराया गया है। कुल 272519 मे. टन उर्वरक उपलब्धता के विरूद्ध 216908 मे. टन का किसानों को वितरण कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा चुका है।

आगामी 2-3 दिनों में यूरिया 5199.59 मे. टन और डीएपी 1350 मे. टन संभाग के विभिन्न जिलों को प्रदाय करने रेक लगने वाली है। इस वर्ष डीएपी खाद की उपलब्धता सीमित होने के कारण किसानों को वैकल्पिक खाद के रूप में एसएसपी और एनपीके खाद अपनाने की सलाह दी जा रही है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की अनुशंसा के अनुसार प्रति एकड़ संतुलित उर्वरक उपयोग के विकल्प से संबंधित पोस्टर बैनर सभी समितियों में लगाए गए हैं। मैदानी विस्तार अमलों के माध्यम से कृषकों के बीच इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

विशेष ... बहुआयामी संस्था चिन्हारी का रजत जयंती समारोह, सांसद बघेल को मिलेगा 'चिन्हारी' सम्मान

पीएम मोदी तक पहुंचाएंगे माता कौशल्या की जन्मभूमि 'कोसला' का महत्व : बघेल

भिलाई/नवप्रदेश। साहित्य, कला, संस्कृति की बहुआयामी संस्था 'चिन्हारी' के रजत जयंती वर्ष पर रविवार को आयोजित समारोह माता कौशल्या की जन्मभूमि 'कोसला' के महत्व पर केंद्रित रहा। बिलासपुर जिले में मल्हार के पास स्थित 'कोसला' से भिलाई पहुंचे 200 से ज्यादा निवासियों और अंचल के बुद्धिजीवी वर्ग के बीच मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने घोषणा करते हुए कहा कि माता कौशल्या की जन्मभूमि के रूप में 'कोसला' गांव को महत्व दिलाने हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर समूचे 'कोसला' गांव क्षेत्र का विकास केंद्र सरकार की 'प्रसादम' योजना के अंतर्गत कराने निवेदन करेंगे।

आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में हुए आयोजन में सभी अतिथियों का सम्मान गुलदस्ता धान की झालर के साथ किया गया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले रामचरितमानस की चौपाइयां प्रस्तुत की गई। स्वागत उद्बोधन में संयोजक और बहुआयामी संस्था चिन्हारी के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पारकर ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम शुरू कराने के प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 'कोसला' गांव की मान्यता जनश्रुतियों से लेकर ऐतिहासिक दस्तावेजों में माता कौशल्या की जन्मभूमि का उल्लेख है। कोसला गांव से आए लोगों का विशेष रूप से सम्मान करते हुए कहा कि आज इस तथ्य को देश और दुनिया के सामने लाने की जरूरत है। हाल ही में ब्राजील में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर दुर्ग सांसद विजय बघेल को चिन्हारी सम्मान-2025 से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक 'चिन्हारी' साहित्य समिति के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पारकर के संपादन में प्रकाशित पुस्तक 'माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला' का विमोचन अतिथियों ने किया। सांसद विजय बघेल ने सम्मान के लिए आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि माता कौसल्या का अटूट संबंध दक्षिण कोसल और उत्तर कोसल दोनों से रहा है। छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और तमाम तथ्यों से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों के विकास और पहचान के लिए केंद्र सरकार की 'प्रसादम' योजना में 'कोसला' गांव का विकास कराने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध करेंगे। विशिष्ट अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि माता कौशल्या का भव्य मंदिर उनकी जन्मभूमि 'कोसला' गांव में जरूर बनना चाहिए।

गोधन को दुर्घटना से बचाने चलाया अभियान सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ा

- आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर की गई कार्यवाही

रिसाली/नवप्रदेश। बारिश में सड़क पर बैठी मवेशियों से होने वाली दुर्घटना से बचने नगर पालिक निगम ने रविवार को अभियान चलाया।

आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा ।इस कार्य में 8 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बारिश के समय गो धन अक्सर सड़क के बीच में बैठ जाती है। गई बार बारिश की वजह से स्ट्रीट लाइट बंद भी रहती है। सड़क पर मवेशी होने से दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही है।

यही वजह है कि रिसाली आयुक्त के निर्देश पर निगम कर्मचारियों ने मुख्य मार्गो से गाय, बैल व बछड़े को पकड़ कर अवरुद्ध मार्ग को ठीक किया । इसके अलावा दर्जन भर मवेशियों को सड़क से खदेड़ा। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम कर्मचारी दशहरा मैदान में एकत्र हुए। इसके बाद बीएसपी मार्केट रिसाली और टाउनशिप के सड़कों पर बैठी मवेशियों को हटाया। बाद में कृष्णा टॉकीज रोड से धनोरा रेलवे फाटक पर बैठी मवेशी को कर्मचारियों ने पकड़ा।

शाला प्रबंधन समिति की प्रथम मासिक बैठक, विद्यार्थियों को गणवेश वितरित

अर्जुनी/नवप्रदेश। शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में 19 जूलाई को शाला प्रबंधन समिति की प्रथम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों, पालकों और शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। खासकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वच्छता उपस्थिति सुधार एवं शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

बैठक के उपरांत शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने करकमलों से सभी विद्यार्थियों को एक-एक सेट गणवेश वितरित किया और बच्चों को प्रतिदिन शाला गणवेश में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे बच्चों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल रहा।बैठक के दौरान निम्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई एवं निर्णय पारित किए गए शाला प्रबंधन समिति की संरचना उद्देश्य और कार्यों की जानकारी दिया

गया नामांकन शिक्षक संख्या संसाधनों की स्थिति आधारभूत सुविधाओं की जानकारी पिछले वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों और समस्याओं की चर्चा प्राथमिकता वाले मुद्दों की पहचान जैसे शौचालय पेयजल बाउंड्रीवाल शिक्षकों की आवश्यकता कक्षा फर्नीचर आदि बच्चों की उपस्थिति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नियमित मूल्यांकन सहित विद्यालय विकास योजना पर चर्चा एक शाला प्रबंधन समिति की ज़िम्मेदारियाँ स्पष्ट किया गया?।निगरानी समुदाय से संवाद, स्कूल निधियों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना,मिड-डे मील, छात्रवृत्ति, पोषण की गुणवत्ता जांचना, सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर एकत्र कर शाला प्रबंधन समिति व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया।

बैठक में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक एवं समिति अध्यक्ष लुकेश कुमार साहू ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक सहयोग की अपील की। बैठक में सह संयोजक गजपति प्रसाद ध्रुव शिक्षक हेमकुमार देवांगन सत्यनारायण बंजारे, उपाध्यक्ष चेतना साहू पंचायत प्रतिनिधि रौशन साहू उपसरपंच, सदस्य गण खिलावन साहू, उदेराम सेन, माधुरी वर्मा, मालती वर्मा, रिषी वर्मा, रमा ध्रुव आदि उपस्थित थे।

घर से साल और सागौन की लकड़ियां जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा वन परिक्षेत्र में बुधवार को बड़ी छापामार कार्रवाई की गई । मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने 60 नग सागौन व साल प्रजाति की चिरान लकड़ियां जब्त कीं, जो हेमंत पटेल के निवास स्थान ग्राम लोहरीनडोंगरी में संग्रहित की गई थीं। विभागीय अनुमान के अनुसार जब्त लकड़ियों का बाजार मूल्य लाखों रुपये है। वन मंडल अधिकारी महासमुंद मयंक पाण्डे ने कहा कि वन अपराधों के प्रति विभाग की नीति पूरी तरह सख्त है। अवैध कटाई, तस्करी और संग्रहण करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी, हमारी टीम लगातार गश्त कर रही है।

युवक से महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम धनसुली में एक युवक से महुआ शराब बरामद की है।पुलिस ने बताया कि ग्राम धनसुली के रविशंकर विश्वकर्मा (32) से 6 लीटर महुआ शराब (कीमत 1200 रुपए)जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

भाजपा खाद, बीज की कमी पर बहाने बना रही सरकार: झाबक

महासमुंद/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सोसाइटियों में खाद की कमी की निरंतरता बनी हुई है, सरकार सिर्फबहाने बना रही है। इस संबंध में 20 जून 2025 को आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सरकार को ज्ञापन सौंपा था और मांग की थी कि डीएपी, यूरिया और बीज की भारी कमी से राज्य के किसानों को भारी परेशानी हो रही है। आम आदमी पार्टी राज्य में किसानों को हो रही इन परेशानियों पर सरकार का विरोध करती है और यदि जल्द ही सरकार ने किसानों की परेशानियां दूर नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

अनुबंध शर्तों—तीन वर्ष में 10 प्रतिशत किराया वृद्धि और समय पर नवीनीकरण का पालन नहीं

30 साल से बिना नवीनीकरण चल रहे 'प्रियदर्शनी कॉम्प्लेक्स' की जांच, एक दुकान सील

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा जनपदपंचायतनगरी द्वारा 1995 में निर्मित 54दुकानों वाले'प्रियदर्शनी कॉम्प्लेक्स' में कथित अनियमितताओं की जांच तेज हो गई है। शनिवार को जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदयसाहू और दस सदस्यीय जांचसमिति ने परिसर की कई दुकानों का निरीक्षण किया और नियम विरुद्ध पाए जाने पर एक दुकान को सील कर दिया।

जांचसमिति के अनुसार दुकानें मूल अनुबंध शर्तों—तीन वर्ष में 10प्रतिशत किराया वृद्धि और समय पर नवीनीकरण—का पालन नहीं कर रहीं। बड़ेकक्ष के लिए 1,172रु. और छोटेकक्ष के लिए 733रु. मासिक किराया तय था, जो नियमानुसार अब लगभग पाँचगुना होना चाहिए था। समय पर नवीनीकरण न होने से जनपदपंचायत को प्रतिमाह लाखों रुपये का संभावित राजस्व नुकसान बताया जा रहा है।

सूत्रों का दावा है कि कई मूल आवंटी दुकानों का 'हस्तांतरण' कर चुके हैं, जबकि अनुबंधक्रमांक4 स्पष्ट रूप से किसी तीसरे पक्ष को कब्जा देने पर प्रतिबंध लगाता है। नियम उल्लंघन सिद्ध होने पर दुकान आवंटन स्वत: निरस्त माना जाएगा और नयी नीलामी प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

समिति ने पंद्रह से अधिक दुकानों का प्रारंभिक डेटा एकत्र किया है; शेष दुकानों की जांच आगामी चरणों में की जाएगी। दुकानदारों से लिखित विवरण लेते समय जनपदसदस्य प्रमोद कुंजाम, मुनेन्द्रध्रुव, पन्नामरकाम, सभापति पन्नालाल मरकाम, श्रीधनसोम, कलावतीनेताम सहित विभागीय कर्मी भी उपस्थित रहे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट सामान्य सभा में पेश की जाएगी, जहाँ आगे की कार्रवाई तय होगी।

युकां कार्यकर्ताओं ने फूंका ईडी-केंद्र सरकार का पुतला

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार कांग्रेस नेताओं को डराने तथा जनता की आवाज बनने वाले नेताओं को भाजपा के इशारे पर ईडी द्वारा अनैतिक कार्रवाई की जा रही है। ईडी सहित केंद्रीय एजेंसियों का इस्तमाल भाजपा गलत ढंग से कर रही है। जिसके विरोध में युवा कांग्रेस पटेवा के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य मार्ग में विरोध प्रदर्शन किया गया।

साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर उनके पुत्र चैतन्य बघेल के साथ अन्याय पूर्ण ईडी की दमनकारी कार्रवाई के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी के नेतृत्व में युकां जनों ने केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युकां जनों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने ईडी की कार्रवाई कर रही है। केंद्र सरकार के ईशारे पर लगातार पूर्व सीएम व उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। यही नहीं प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करने वाले कांग्रेस नेताओं पूर्व मंत्री व विधायक कवासी लखमा, विधायक देवेंद्र यादव को भी झूठे आरोप में फसाया गया।

इस अवसर पर मोहम्मद अज़हर, मोहम्मद अरसद, जीतू ध्रुव, पुरेंद्र ध्रुव, मोहम्मद रेहान, मनोज भाई, विकास साहू, देव साहू, हेमंत यादव, रोमन कोसले, हंशराज जांगड़े, कुलदीप रौतिया, रोशन साहू, झनक पटेल, ओंकार साहू आदि उपस्थित थे।

जिला ब्राम्हण समाज की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। जिला ब्राह्मण समाज धमतरी की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर चंद्रशेखर चौबे द्वारा की गई महासचिव श्री विनोद पांडे द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों का अभिनंदन करते हुए बैठक में चर्चा के महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी दी ।

डॉ चंद्रशेखर चौबे ने समिति के बैलॉज के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति की वार्षिक बैठक,मासिक बैठक ,ऑडिट एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों के कार्यकाल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया तत्पश्चात समाज के अध्यक्ष राकेश दिवान ने उपस्थित सदस्यों के समक्ष विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए जिसे सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया । प्रस्ताव में प्रमुख बिंदुओं में समाज के आय व्यय का प्रतिवर्ष ऑडिट कराने, समिति के पंजीयन का नवीनीकरण कराने, संगठन का विस्तार एवं नए सदस्यों को जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाने, भवन निर्माण, तहसील इकाई द्वारा जिला इकाई में परशुराम जयंती के आय व्यय का विवरण की जानकारी प्रस्तुत करने संबंधी,साख समिति के गठन, समाज के 75 वर्ष से वरिष्ठ जनों के सम्मान करने एवं समाज के बच्चों के लिए धार्मिक और संस्कार युक्त क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाने, जिले में पुरोहित समिति का गठन हेतु पुरोहितों की सूची तैयार करने, न101बटुकों का उपनयन संस्कार कराने, हेल्थ कैंप का आयोजन, पर्व, तीज त्यौहार कब मनाया जाए इस संबंध में विद्वत परिषद से निश्चित तिथि की जानकारी लेने, वृक्षारोपण करने, एवं समाज के ग्रुपों में सिर्फ अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही जन्मोत्सव,शोक संबंधी एवं विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति जारी करने संबंधी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ चंद्रशेखर चौबे, राकेश दिवान, मदनलाल पांडेय, विनोद कुमार पांडेय,लोकेश पांडेय, डॉ प्रदीप शर्मा, दीप शर्मा अतुल तिवारी, रोहिताश मिश्रा शैलेन्द्र दिवान,सुनील शर्मा,देवेंद्र मिश्रा, पूजा मिश्रा, आशा श्रोती, ममता मिश्रा,नलिनी मिश्रा, सरिता शर्मा,होमन प्रसाद शास्त्री अयोध्या प्रसाद पांडेय , हैग्रीव शर्मा,अनिल पांडेय,जनक प्रसाद तिवारी, जगजीवन मिश्रा,रामावतार शर्मा, भुवेद्र मिश्रा, अनूप मिश्रा एवं समस्त कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

प्रदेश में पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है: रश्मि

महासमुंद/नवप्रदेश। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडाणी को दे दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जंगलों को बर्बाद किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे, लेकिन उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। बीते 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन, ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है।

जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता आज से

राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 28 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी

महासमुंद/नवप्रदेश। विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिले में पंजीकृत वीटीपी संस्थाओं में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य विभिन्न कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई 2025 तक एवं राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 28 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जहाँ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिताएं चिन्हांकित कोर्सेस में आयोजित की जाएगी। जिसमें ड्राइविंग असिस्टेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, जल वितरण संचालक शामिल हैं। उक्त कोर्सों में वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अथवा प्रशिक्षणरत युवा सीएसएसडीए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, बरोंडाबाजार, महासमुंद (शासकीय पॉलिटेक्निक भवन) से संपर्क किया जा सकता है।

कफसिरप, नशीली दवा के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने स्कूटी सवारों से नशीला टेबलेट, इंजेक्शन और कफसिरप जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर स्कूटी ओडी 17 वाय 7663 को रोका । जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम कुलांटी थाना जगदलपुर जिला बरगढ़ ओडिशा निवासी कमल डड़सेना (25) तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने उड़ियापारा सरायपाली निवासी गौरव उर्फ गोलू सतपथी (19) बताया।

पुलिस के पूछने पर वाहन की सीट के नीचे डिक्की में नशीला टेबलेट, सिरप व इंजेक्शन होना और दीपक मिश्रा द्वारा देकर कहा गया कि उक्त टेबलेट, सिरप, इंजेक्शन को मेरे घर तक लेकर चलो और वह अपनी बाइक से पीछे-पीछे आने लगा। डिक्की की तलाशी के दौरान 5 नग कागज के कार्टून जिसके सामने भाग पर वल्केन 1 एमएल एक्स 50 एनआरएक्स पेंटोजोसाइन लेक्टेट इंजेक्शन आईपी के 04 कार्टून में 200 नग एंपुल्स तथा एक कार्टून में 45 नग एंपुल्स कुल 245 नग कीमत 7178 रुपए, 25 नग विन सेरेक्स कफसिरफ10 नग कीमत 4950 रुपए, नाइट्राजेपाम टैबलेट 10 स्ट्रीप कीमत 156 रुपए बरामद किया गया। आरोपियों के कब्जे से स्कूटी व मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफधारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

नालसा की टीम खेत में काम कर रही महिलाओं के बीच पहुंची

महासमुंद/नवप्रदेश। जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरुकता एक अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है ताकि, वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि नालसा के जागृति योजना-2025 के तहत जिला अथवा तालुका स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। इसी उद्देश्य से प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू तथा आरक्षी केंद्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों द्वारा वृहद रूप से नालसा की जागृति योजना 2025 का गांव, ग्राम पंचायतों, हाट बाजारों एवं खेतों में काम कर रहे खेतिहर किसानों एवं महिलाओं को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

खाद भंडारण की झूठे आंकड़े पेश कर रही भाजपा सरकार : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में भाजपा की साय सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है। सरकार द्वारा सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद भंडारण होने की झूठे आंकड़े प्रस्तुत की जा रही है। जबकि, हकीकत यह है कि कहीं भी किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है, केवल खुले बाजार में ही अधिक दाम पर डीएपी किसानों को मिल रही है। चंद्राकर ने कहा कि जिले के लिए खरीफ सीजन में 22200 मीट्रिक टन डीएपी की डिमांड थी। लेकिन, पूर्व स्कंध को मिलाकर

केवल 7470 मीट्रिक टन डीएपी ही जिले को मिली। इस तरह जिले को कुल 14730 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त ही नहीं हुई है। आंकड़े के अनुसार जो डीएपी मिली वह सोसायटियों में वितरण के लिए पहुंची या नहीं इस पर भी संशय है। चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं।

आवश्यकता

छुरा की 85 हजार महिलाएं इलाज के लिए बाहर जाने को मजबूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है महिला डॉक्टर, रिफर सेंटर बनकर रह गया अस्पताल

छुरा / नवप्रदेश। एक ओर सरकार 'नारी सशक्तिकरण' और 'हर घर स्वास्थ्य' की बातें करती है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। गरियाबंद जिले के छुरा ब्लाक में तकरीबन 85 हजार महिला आबादी निवास करती है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में एक भी महिला चिकित्सक नियुक्त नहीं है। यह स्थिति महिलाओं के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं है।

स्वास्थ्य केंद्र में महिला रोग विशेषज्ञ (गायनिकोलॉजिस्ट) की अनुपलब्धता के चलते महिलाओं को गर्भावस्था से लेकर अन्य स्त्री रोगों तक किसी भी समस्या के लिए या तो रायपुर, गरियाबंद जिला अस्पताल, या महंगे निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है।

इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्र की उन महिलाओं पर पड़ता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और बाहर इलाज कराने में सक्षम नहीं होतीं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब भी कोई महिला संबंधी गंभीर केस अस्पताल आता है, डॉक्टर की पहली प्रतिक्रिया होती है यहां सुविधा नहीं है, इसे जिला अस्पताल रेफर कर दो।

इस तरह यह स्वास्थ्य केंद्र धीरे-धीरे रिफर सेंटर बनकर रह गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि कई बार वादे तो करते हैं, लेकिन आज तक महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो पाई है। स्वास्थ्य विभाग भी मौन है, और इसकी वजह से महिलाओं को स्वास्थ्य के अधिकार से वंचित रहना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में त्वरित प्रभाव से महिला डॉक्टर की नियुक्ति की जाए ताकि ग्रामीण महिलाएं समय पर उचित इलाज प्राप्त कर सकें और अनावश्यक रेफर की प्रक्रिया से मुक्ति मिले।

जहां एक तरफ़ राज्य सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर योजनाएं बना रही है, वहीं दूसरी तरफ छुरा जैसे क्षेत्र में महिला डॉक्टर की कमी सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है। यदि जल्द इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह लापरवाही एक बड़ी जनस्वास्थ्य समस्या में तब्दील हो सकती है।

न्यूज गैलरी

गुडेलिया को सांसद गोद ग्राम बनने पर सरपंच ने जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। शनिवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में हुई दिशा समिति की बैठक के दौरान सांसद गोद ग्राम के रूप में भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत गुडेलिया को सांसद गोद ग्राम के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा का सरपंच संकेत अग्रवाल ने स्वागत करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।सरपंच संकेत अग्रवाल ने कहा कि सांसद गोद ग्राम बनने के बाद उनके गांव का अब और तेजी से विकास होगा,जिसका पूरा फायदा गांव के महिला,पुरुष,बच्चों को मिलने लगेगा।

दो सूत्रीय मांगों को लेकर स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षकों का गांधी मैदान में धरना

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर रविवार को गरियाबंद में गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदेशव्यापी इस आंदोलन के दौरान वेतनमान वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। धरने में जिले के लगभग 129 संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर सरकार से अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने कहा कि वे वर्ष 2020 से लगातार स्वामी आत्मानंद स्कूलों में समर्पण के साथ सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें न तो स्थायी दर्जा मिला है और न ही उचित वेतनमान। जब कि आज स्वामी आत्मानंद स्कूलों की सफलता का आधार वे शिक्षक और कर्मचारी हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों और अस्थायी सेवा शर्तों के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी है। इन शिक्षकों के मेहनत का ही परिणाम है कि ये स्कूल आज प्रदेश में शिक्षा की पहचान बन चुके हैं।

संघ के अध्यक्ष प्रीतम साहू ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों को बहुत ही सीमित वेतन मिल रहा है, जो उनके कार्य, योग्यता और अनुभव के अनुरूप नहीं है। महंगाई के इस दौर में यह वेतन अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि पांच साल से एक ही वेतन मिल रहा है। नियमित शिक्षको और कर्मचारियों के समान अन्य सुविधाएं भी नहीं है। हमारी मंगाई कि हर वर्ष वार्षिक वेतनवृद्धि की नीति लागू की जाए तथा कार्यभार के अनुसार वेतनमान सुनिश्चित किया जाए।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शक्ति कुमार खरे ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समाहित किया जाए और उनकी सेवाएं नियमित की जाएं, ताकि वे स्थायित्व और सुरक्षा के साथ कार्य कर सकें। पूर्व शिक्षा मंत्री व वर्तमान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा भी संविलयन की बात कही जा चुकी है। मालूम हो कि प्रदेश के आत्मानंद इंग्लिश स्कूलों में आज 13 से 14 हजार शिक्षक संविदा कार्यरत है। वर्तमान में आत्मानंद के व्याख्याता को 38100, शिक्षक को 35400 सहायक शिक्षक को 25400, लाइब्रेरीयन को 22400, चपरासी को 15600, लैब असिस्टेंट को 25300 फिक्स मिलता है। जबकि इसकी तुलना में नियमित वालों को प्रत्येक में 10 से 15000 रुपए मासिक अधिक मिलते हैं।

धरने पर बैठे शिक्षक

धरने में बैठे अन्य शिक्षकों ने कहा कि सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से ले और संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को सम्मान दे। यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है। धरने के अंत में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उक्त दोनों मांगों पर शीघ्र और ठोस निर्णय की अपील की गई। इस अवसर पर विनेश कुमार डडसेना, योगेंद्री कश्यप, रिया कुटारे, रमीज खान, विकास चंद्राकर, ईश्वर कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में संविदा शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाला आरोपी जेल दूसरे की तलाश

सिमगा/नवप्रदेश। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलराम यादव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19 जुलाई की दोपहर 03:30 बजे प्रार्थी अपने दोस्त के साथ ग्राम पौंसरी जाते हुए तिल्दा रोड सिमगा में गैस गोदाम के पास रुका था तभी आरोपी राहुल पंजवानी उम्र 26 साल निवासी नेवरा थाना तिल्दा जिला रायपुर अपने सांथी के साथ वहां पर आया एवं बटनदार चाकू निकालकर, प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए एवं डरा धमका कर प्रार्थी से 2500 लूटकर फरार हो गया। कि रिपोर्ट पर सिमगा थाने में अपराध दर्ज कर धारा 309 (4) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल पंजवानी को हिरासत में लिया गया। पुछताछ के दौरान अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ लूटपाट की घटना करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू तथा लूटे गए रकम में से ?1500 बरामद कर है। न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया गया है तथा प्रकरण में फरार एक आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

रमनटोला से बाइक की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। रमनटोला स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सचिन कुमार चंद्राकर ने बताया कि 13 जुलाई को उसने बाइक केटीएम 200 ड्यूक क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3167 को घर के नीचे रखा था, जिसे रात में अज्ञात ने पार कर दी। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफअपराध दर्ज किया गया है।

बारातियों ने डीजे बंद करने से की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। नाच रहे बारातियों ने डीजे बंद करने से एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। मामला पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डिघेपुर का है। पुलिस को मंजीत यादव ने बताया कि गांव में 18 जुलाई को उत्तम मिर्धा के घर ग्राम गांजर से बाराती आए थे। इस दौरान वह डीजे वाहन में बैठा था। रास्ता संकरा होने से डीजे को बंद किया और वाहन आगे ले गए। जैसे ही वह डीजे गाड़ी से उतरा वैसे ही ग्राम गांजर से आए बारातियों ने हमें नाचने नहीं दे रहा है, डीजे बंद करने वाला तू कौन होता है कहकर गाली -गलौज करते हुए मारपीट की । रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

बोरी से शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने एक अधेड़ से 20 लीटर ओडिशा निर्मित अवैध महुआ शराब जब्त किया है। प्रभारी ने बताया कि 18 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर बेलडीही -बोइरलामी मार्ग में टीम ने वार्ड 06 लिलेसर निवासी घनाराम नायक (52) को पकड़ा । आरोपी से प्लास्टिक बोरी में 100 पाउच चिड़ी छाप ओडिशा राज्य निर्मित शराब (20 लीटर कीमत करीब 4000 रुपए) बरामद किया गया। आरोपी ने उक्त शराब बेचने और रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। जिस पर उक्त शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ को चार बार आवेदन देने के बाद भी स्कूली बच्चों की समस्या ज्यों का त्यों

स्कूली छात्र-छात्राओं की समस्याओं के प्रति प्रशासन गंभीर नहीं कैसे बने बच्चों का भविष्य

■ **बिना शौचालय के पिछले 10 वर्षों से संचालित है डोकरीडीह का मिडिल स्कूल**

भटगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन तथा केंद्र शासन हर स्तर पर शिक्षा को लेकर बच्चों के भविष्य को लेकर हर तरह तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है तथा नित नये नीति के तहत बच्चों को किस स्तर में शिक्षा दी जाए कि मानसिक शरीरिक बौद्धिक विकास सभी स्तर को लेकर सरकार बच्चों को मध्यान भोजन , सरस्वती साइकिल योजना, पुस्तक, गणवेश तथा नि: शुल्क शिक्षा,स्कूल की स्वच्छता से लेकर बच्चों की बैठक व्यवस्था स्कूलों में शौचालय, बाथरूम तथा बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त खेल मैदान तथा बाउंड्री वॉल तक की निर्माण सरकार द्वारा कराया जा रहा है ताकि स्कूली बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो लेकिन शासन की इस योजनाओं तथा बच्चों की भविष्य की चिंता जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों को शायद नहीं है

आपको बता दे कि नगर भटगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोकरीडीह के मिडिल स्कूल के बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मिडिल स्कूल डोकरीडीह में विगत 10 वर्षों से एक भी शौचालय नहीं है जिसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों को भारी असुविधा एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में शौचालय की मांग को लेकर 27.09.2023, 15.03.2024, 1 जुलाई 2024 को पालक और बच्चे कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर जन दर्शन में जिला कलेक्टर धर्मेश साहू से स्कूल मे शौचालय की मांग की थी।बच्चो की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने जल्द से जल्द स्कूल में बालक और बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाने का आश्वासन दिया था। कार्य प्रारंभ नही होने पर पुन: 14.07.2024 को फिर जिला कलेक्टर को आवेदन दिया गया। किंतु पूरा शैक्षणिक सत् बीत जाने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है। साथ ही पालक भी सारंगढ़ कलेक्टर से मिलकर स्कूल मे जल्द शौचालय निर्माण कराने की मांग की थी। पिछले 18 महीनों में चार बार पालकों द्वारा कलेक्ट्रेट जाकर आवेदन दिया गया है किंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पालकों द्वारा सत्र के बीच चार बार और आवेदन दिया जा चुका है। इससे प्रतीत होता है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कलेक्टर स्कूल शिक्षा विभाग, और स्कूली बच्चों के समस्याओ के प्रति कितना गंभीर है। ग्राम डोकरीडीह में 2006 से मिडिल स्कूल संचालित है। पूर्व में आर ई एस से शौचालय बनाया गया था जो 2 वर्ष में ही जर्जर होकर टूट गया। पिछले 10ट्ट12 वर्षों से बिना शौचालय के स्कूल संचालित होते आ रहा है। शाला भवन भी अत्यंत जर्जर हो गया है।

> हम जिला मे प्रस्ताव भेज चुके है और जिला से कोई कार्यवाही नही कर रहे है। स्कूल मरम्मत के लिए ब्लाक स्तर से मांग के अधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अब तक कोई कार्यवाही नही हो पाया है। डीईओ के आदेश पर होना है।
>
> **फणेन्द्र सिंह नेताम**
> बीआरसीसी बिलाईगढ़
>
> कलेक्टर कार्य से अभी तक मेरे पास कोई लेटर नही आया है। बिलाईगढ़ ब्लाक मे जितने भी स्कूल है जहां जहां शौचालय की कमी, स्कूल भवन जर्जर और अतिरिक्त भवन के लिए प्रस्ताव भेज चुके है। लेकिन अभी तक जिले से कोई जवाब नही आया है। कलेक्टर सहाब से को भी बोले है वो चाहे तो किसी भी फंड से एक लाख शौचालय के लिए दे सकते है।
>
> **एस.एन.साहू**
> बीईओ बिलाईगढ़
>
> मै जिला शिक्षा अधिकारी से दिखवाता हूं। और उसकी जानकारी लेता हू।
>
> **संजय कन्नौजे**
> कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़

कृतिका ने लंदन में किया कुरूद का नाम रोशन

मास्टर इन इंटरनेशनल बिज़नेस में डिग्री लेकर ग्रीनविच यूनिवर्सिटी में है मैनेजमेंट ऑफिसर

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि स्व रामचंद्र अग्रवाल की पौत्री और व्यावसायी सुभाषचंद्र अग्रवाल की पुत्री कृतिका अग्रवाल ने लंदन में न केवल पूरे परिवार का बल्कि अपने क्षेत्र का भी मान बढ़ाया है ।कृतिका ने ग्रीनविच यूनिवर्सिटी से मास्टर इन इंटरनेशनल बिज़नेस की डिग्री प्राप्त की है ।

कृतिका ने विदेश में पढ़ाई करते हुए यूनिवर्सिटी से बेस्ट स्टूडेंट ऑफद ईयर का अवार्ड भी जीता है। साथ ही साथ उन्होंने अपने पूरे यूनिवर्सिटी में टॉप भी किया है। कुरूद जैसे छोटी से नगर से आगे जाकर विदेश में अपने नगर का नाम रोशन करने से पूरे परिवार में खुशी की लहर है ।वर्तमान में कृतिका ग्रीनविच यूनिवर्सिटी में मैनेजमेंट ऑफिसर के रूप में कार्य कर रही है। कृतिका की इस उपलब्धि पर चाचा सुनील अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल,मोहन अग्रवाल ,भाई अभिषेक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल और परिवार के सभी सदस्य गण ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और इसे परिवार के लिए गौरवान्वित पल बताया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने भी परिवार को बहुत शुभकामनाएं दी है ।

खेत से पंप और कंट्रोलर चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। पंप और कंट्रोलर चोरी की शिकायत पर सरायपाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अब्दुल नसीम ने बताया कि बरिहापाली में उनकी 6 एकड़ जमीन है, जहां साल 2020 में क्रेडा विभाग महासमुंद के सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी सोलर पंप लगाया था। इस पंप के माध्यम से कृषि की जाती थी।

दिशा समिति क़ी बैठक में क़ी गई केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन क़ी समीक्षा

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं जांजगीर चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े क़ी अध्यक्षता तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा क़ी विशिष्ट उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) क़ी समीक्षा बैठकशनिवार क़ो जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों क़ी विस्तृत समीक्षा क़ी गई। केंद्र सरकार क़ी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने अधिकारियों क़ो निर्देश दिये गए।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, अश्वनी शर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने हर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं लागू क़ी है इन योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत हितग्राही तक पहुंचाना होगा। सभी जरूरतमंदो क़ो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के भारत क़ो 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प क़ो साकार करना है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सही मायने में सरकार क़ी योजना तभी लागू होगी जब उसका लाभ सभी पात्र हितग्राही क़ो मिले। उन्होने कहा कि जिन विभागों में केंद्र सरकार क़ी ऐसे योजनाएं जो जिले में अब तक शुरु नहीं हुई है उन योजनाओं क़ो शुरु करने आवश्यक पहल करें। उन्होने तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया क़ो सांसद आदर्श ग्राम के रूप में विकसित कर मॉडल के रूप में स्थापित करने कहा। जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने अनुसूचित जाति- जनजाति छात्रावासों में शतप्रतिशत प्रवेश व व्यवस्थाएं दुरुस्त करने कहा। उन्होंने शासन क़ी योजनाओं क़ा लाभ पात्रता अनुसार लोगों क़ो दिलाने तथा विकास कार्यों में तेजी लाने अधिकारियो क़ो निर्देशित किया। बैठक में जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने, सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में भवन निर्माण क़ी अनुमति में वाटर हार्वेस्टिंग क़ो अनिवार्य शर्त रखने के निर्देश दिये गए।

स्कूल वाहन नहर में पलटा, सभी सुरक्षित

महासमुंद। भंवरपुर चौकी अंतर्गत एक गांव के नहर में स्कूल वाहन पलट जाने से हड़कंप मच गया, हालांकि इस हादसे में किसी बच्चे को कोई गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार भंवरपुर स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान अल्फा ओमेगा इंग्लिश मीडियम स्कूल छुट्टी होने के बाद करीब 27 बच्चे घर जा रहे थे, जिसमें से तीन बच्चों को पलसापाली में छोड़कर वाहन वापस पलसापाली से भंवरपुर मार्ग में अन्य गाँव के बच्चों को छोड़ने जा रहा था ।

कुरूद की स्वच्छता समिति की बैठक में लोकतंत्र का उल्लंघन

सभापति की जगह उनके पति चला रहे समिति!

कुरूद/नवप्रदेश। ए3जनपद पंचायत कुरूद की स्वच्छता समिति की हालिया बैठक में लोकतंत्र और पंचायत व्यवस्था को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। गुदगुदा क्षेत्र की निर्वाचित जनपद सदस्य एवं समिति की सभापति शकुन्तला देवांगन जी की के साथ में, उनके पति द्वारा न केवल बैठक में प्रतिनिधित्व किया गया, बल्कि अधिकारियों के समक्ष धौंस और मनमानी भी की गई।

जनपद सदस्य सिर्री लिली श्रीवास ने इसे गैरसंवैधानिक कृत्य करार देते हुए इसे महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन माना है।उन्होंने कहा कि यह घटना स्पष्ट रूप से प्रॉक्सी राज की ओर इशारा करती है, जहाँ महिला प्रतिनिधियों के नाम पर उनके परिजन शासन कर रहे हैं। यह स्थिति न केवल संविधान के खिलाफ है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है।

लिली श्रीवास ने मांग कि है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कर संबंधित अधिकारी व समिति पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाए ,जनप्रतिनिधि के नाम पर किसी भी प्रकार का अवैध प्रतिनिधित्व तत्काल रोका जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दृढ़ प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

एबीवीपी भाटापारा इकाई नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

■ **सोमेश अध्यक्ष और लक्ष्मी मानिकपुरी बनी नगर मंत्री**

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी छात्र संगठन निरंतर 77 वर्षों से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की ध्येय को लेकर समाज की बीच कार्य कर रही हैं । विद्यार्थियों की व्यक्तित्व विकास के कार्य को लेकर युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागृत हो इसी विचार को लेकर भाटापारा इकाई की नवीन कार्यकारिणी की गई घोषणा की गई जिसमें कार्यकर्ताओं को नवीन जिम्मेदारी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रांत छात्रा प्रमुख राशि त्रिवेदी, बलौदा बाजार विभाग संयोजक राधेश्याम साहू, बलौदा बाजार जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी उपस्थित रहे। राशि त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने को कहा।वह आगामी कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। विभाग संयोजक राधेश्याम साहू ने विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ साझा की वह विद्यार्थी परिषद के कार्य पद्धति से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा, नगर मंत्री लक्ष्मी मानिकपुरी, नगर सह मंत्री हरिओम मिश्रा, संस्कार सोनी व कनिका मिश्रा नगर के प्रमुख लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

प्रशासन सुध ले... ग्रामीण व किसानों के विरोध के बाद भी प्लांट की मनमानी से क्षेत्र में फैल रही अशांति

जनभावनाओं को ध्यान में रखकर प्लांट के सभी अवैध कार्य बंद कराए प्रशासन : निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने खैरझिटी स्थित करणीकृपा पावर प्लांट प्रबंधन के अनैतिक कार्यों के विरूद्ध क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के विरोध को जायज ठहराते हुए कहा कि किसानों के मांग अनुरूप तत्काल प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए। जनता से बड़ा कोई प्लांट, फैक्ट्री या कंपनी नहीं होता। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्लांट के सारे अवैध गतिविधियों पर प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि लगातार यह देखने में आ रहा है कि करणी कृपा पावर प्लांट द्वारा विरोध व आपत्ति के बाद भी अपनी मनमानी की जा रही है। पहले कोडार बांध से करणी कृपा प्लांट को पानी देने की सुगबुगाहट के बाद इसका भारी विरोध हुआ। अब गोपालपुर एनीकेट से पंचायत के बिना अनुमति करणी कृपा पावर प्लांट को पानी दिये जाने का विरोध क्षेत्र के ग्रामीण व किसान कर रहे हैं। इसके लिए मनमानी पूर्वक प्लांट प्रबंधन द्वारा पाइप लाइन बिछाकर क्षेत्र में अशांति फैलाने का काम किया जा रहा है।

नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि करणी कृपा पावर प्लांट के अनैतिक कार्यों के विरूद्ध सत्याग्रही किसान संगठन विगत 3-4 सालों से धरना आंदोलन कर रहे हैं। समय-समय पर प्लांट के अवैध कार्यों का किसान जमकर विरोध भी करते हैं। लेकिन, किसानों को प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने से करणी कृपा प्लांट अपनी मनमानी पर उतर आता है। किसानों का यह भी आरोप है कि प्लांट प्रबंधन ने कई किसानों की जमीन पर कब्जा भी किया है। गोपालपुर एनीकेट से गोपालपुर के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। यदि यहां का पानी एनीकेट को दे दिया जाएगा तो किसानों को पानी नहीं मिलेगा। बिना पंचायत प्रस्ताव के गुपचुप तरीके से पानी ले जाने के लिए प्लांट द्वारा मनमानी किया जा रहा है। जिस पर किसानों व ग्रामीणों का विरोध बिलकुल जायज है।

श्री साहू ने कहा कि करणी कृपा पावर प्लांट की मनमानी से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश है। प्लांट द्वारा अवैध रूप से सड़क निर्माण, पर्यावरण प्रदूषण और किसानों के रास्ते रोकने जैसे आरोप लग रहे हैं। इसके अलावा, प्लांट में लगातार हो रही दुर्घटनाओं और श्रमिकों की मौतें भी चिंता का विषय है। इन घटनाओं से क्षेत्र में आक्रोश है और किसान प्लांट प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। श्री साहू ने प्रशासन पर क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों की उपेक्षा करते हुए प्लांट प्रबंधन के हित में कार्य करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जनता से बड़ा कोई कंपनी, फैक्ट्री नहीं हो सकता। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्लांट के सारे अनैतिक कार्यों को बंद कराया जाए।

पारिवारिक विवाद में मारपीट के बाद इलाज के दौरान एक की मौत

भाटापारा/नवप्रदेश।भाटापारा ग्रामीण थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मोपका में शुक्रवार की शाम दो भाइयों के परिवार के मध्य दिवाल खड़ी करने की बात पर हुई मारपीट में घायल हुए एक भाई की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।ग्रामीण पुलिस ने सूचना मिलते ही आरोपी गणों को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है।

उपरोक्त संबंध में थाना प्रभारी ग्रामीण लखेश केवट ने बताया कि दिनांक 18/07/25 के शाम को मनाराम निषाद इसकी पत्नी और मनहरण निषाद इसकी पत्नी आपस में घर में दीवाली खड़ी करने के नाम पर वाद विवाद हुआ ।मनहरण निषाद और उसकी पत्नी के मारपीट से मना राम को सिर पर गम्भीर चोट आया जिसे ईलाज हेतु रायपुर डीके अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां ईलाज के दौरान मनाराम निषाद की मौत हो गई, मना राम की पत्नी सुरजौतिन की रिपोर्ट पर मारपीट गली गलौज हत्या करने का प्रयास और हत्या का मामला पंजीबद्ध कर मामले के दोनों आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री के विशेष प्रयास से स्वास्थ्य केंद्र के लिए 56 पदों की मिली स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पत्थलगांव विकास खंड के कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नयन करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कोतबा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण करने के लिए 4 करोड़ 37 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति भी दे दी है। कोतबा में लोगों तक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 56 पद स्वीकृत किए हैं। इनमें अस्पताल अधीक्षक, सर्जन, मेडिकल विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग सिस्टर, लैब टेक्नीशियन, ओटी टेक्नीशियन, स्टाप नर्स, लेखापाल, फार्मासिस्ट, सहायक ग्रेड 3, ड्रेसर, वार्ड बॉय, आया और भृतय के पद स्वीकृत किया गया है। शीघ्र ही उनकी पदस्थापना की जाएगी जिसमें लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके।

प्रोजेक्ट सुरक्षा के तहत सुरक्षा अधिकारियों को सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूकता और तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ÷प्रोजेक्ट सुरक्षा÷ के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में में आज 'प्रोजेक्ट सुरक्षा' के सीपीआर का जीवनरक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वी.आई.पी. सुरक्षा वाहिनी, माना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसओ के लिए 4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना रायपुर में किया गया। प्रशिक्षण का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के मास्टर ट्रेनर एवं राजभवन चिकित्सक डॉ. देवेश रायचा ने किया।प्रशिक्षण के दौरान, पीएसओ को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षण हेतु सीपीआर तकनीक की जानकारी दी गई। डॉ. रायचा ने बताया कि हृदय गति रुकने की स्थिति में कैसे समय रहते सीपीआर देकर किसी की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षुओं ने तकनीक को न केवल ध्यानपूर्वक सीखा बल्कि उसका प्रायोगिक अभ्यास भी किया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रोजेक्ट सुरक्षा फर्स्ट एड किट प्रदान की गई तथा उपयोग की जानकारी दी गई। जिसमें पैरासिटामोल, गैस की गोली, नॉरफ्लॉक्स-ड्ढं, कॉटन, बैंडेज, एडेसिव, बेटाडीन मलहम, ह्रस्त्रस् जैसे आवश्यक औषधीय सामग्री शामिल है।

परमात्मा और गुरु की आज्ञा में चलना ही धर्म है : मनीष सागर

रायपुर/नवप्रदेश टैगोर नगर पटवा भवन में शनिवार को धर्मसभा में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा आज्ञा का पालन करना ही सच्चा धर्म है और इस सिद्धांत के अनुसार हमें हमेशा परमात्मा और गुरु की आज्ञा का आदर करना चाहिए। यह न केवल हमारे आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। एक बार भी यदि आपके मन में कुछ गलत करने का भाव आ जाता है तो परमात्मा और गुरु के समझ अपनी बात रखने से यदि गलत भी करने जाओगे तो थम जाओगे। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि देव गुरु द्वारा प्रदर्शित मार्गदर्शन में गहराई और ज्ञान होता है, जो हमें नैतिकता, संयम और आत्म- नियंत्रण की ओर अग्रसर करता है। जब हम उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हैं, तो हम न केवल अपने जीवन को एक सकारात्मक दिशा में ले जाते हैं, बल्कि अपने भीतर की आत्मा की शुद्धता को भी बढ़ाते हैं। इस प्रकार आज्ञा में चलना न केवल एक धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि यह हमारे जीवन को उद्देश्य प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमें भोगों की असारता समझना है।

50प्रतिशत तक सस्ती हुई दिल्ली की फ्लाइट टिकट

रायपुर /नवप्रदेश। यदि आपको अब फ्लाइट से दिल्ली जाना हो तो 8-10 हजार रुपए खर्च नहीं करने होंगे। फ्लाइट की टिकट की कीमत आधी यानी 50 प्रतिशत तक सस्ती हो गई है अब सेम डे में आपको 5 हजार रुपए तक की टिकट में फ्लाइट टिकट बुक हो जाएगी। बिलासा एयरपोर्ट से दिल्ली जाने के लिए 5 हजार रुपए में उसी दिन टिकट मिल जा रहा है. इससे पहले 8 से 10 हजार रुपए लगता था. इसका कारण हवाई यात्रियों की संख्या में कमी होना बताया जा रहा है. इसके कारण किराए में कमी की गई है। स्थानीय एयरपोर्ट में हवाई सुविधा शुरू होने के बाद यह पहली बार है जब हवाई यात्रियों की संख्या में कमी आई है। सबसे अधिक टिकट दिल्ली, प्रयागराज रूट की बुक होती थी। इसकी कीमत भी अधिक होती थी. बिलासपुर से दिल्ली जाने के लिए तत्काल टिकट खरीदने पर 8 से 10 हजार रुपए लगता था. त्यौहार के सीजन में इसकी कीमत और बढ़ जाती थी. वर्तमान में यात्रियों की संख्या में कमी होने का कारण 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट का दुर्घटना ग्रस्त होना बताया जा रहा है।

रायपुर /नवप्रदेश। कोरबा विधानसभा अंतर्गत दर्री के कलमीडुग्गु, प्रगतिनगर के 10 लोगों की फरवरी माह में कुम्भ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में दु:खद निधन हो गया था। सभी शोक संतृप्त परिवार को वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी। मंत्री देवांगन ने आज कोहड़िया, कोरबा निवास कार्यालय में सभी 10 परिवार को 1-1 लाख की सहायता राशि का चेक वितरण किया। उन्होंने इसके लिए सवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद राधा महंत पार्षद मुकुंद सिंह कँवर भी उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने सभी जिलों में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला फूंका

- चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के इशारे पर, प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही एवं गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। ईडी भारतीय जनता पार्टी और अडानी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया। रायपुर सहित कुछ शहरों में कल ही पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। आज बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।

सरदार पटेल किसी घोटालेबाज के समर्थक नहीं रहे : रमेश सिंह ठाकुर

- भूपेश बघेल आत्ममुग्ध होकर बयान बाजी कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश।भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक वार पलटवार का दौर जारी है इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपने बेटे की गिरफ्तारी के संबंध में की गई बयानबाजी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया और मीडिया माध्यमों से गिरफ्तारी के संबंध में गलत बयान बाजी कर भावनाओं को जाहिर कर सहानुभूति बटोरने का कार्य कर रहे हैं वे स्वयं की तुलना महान क्रांतिकारी भारत के माटी पुत्र लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल से करने का दुस्साहस किया है ।परन्तु भूपेश बघेल को सहित पूरी कांग्रेस पार्टी ध्यान रखे कि सरदार वल्लभ भाई अपने जीवन में कर्त्तव्यपरायणता का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विभिन्न आंदोलन किए और आंदोलनों का नेतृत्व किया उन्होंने जीवन पर्यन्त अपने उसूलों और विचारों से कतई समझौता नहीं किया स्वयं की पत्नी के देहावसान की खबर सुनकर उन्होंने अपने कर्तव्य से मुख नहीं मोड़ा अपितु पूरी जिरह की और उसके पश्चात सुनवाई समाप्त होने के बाद न्यायाधीश के पूछने पर अपनी पत्नी के स्वर्गवास की सूचना बताई यह कर्त्तव्यपरायणता और अपने कार्य के प्रति समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण है ।आगे रमेश ठाकुर ने कहा कि इसके विपरीत भूपेश बघेल जब स्वयं की तुलना सरदार पटेल से करते हैं तो वह भूल जाते हैं कि उनके पुत्र किसी भी प्रकार से राज्य अथवा देश के हित में संघर्ष करते हुए रिमांड में नहीं लिए गए हैं , अपितु प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके पुत्र के खिलाफ शराब घोटाले के पुख्ता सबूत न्यायालय में प्रस्तुत किए गए जिसके आधार पर न्यायालय ने चैतन्य बघेल को पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश जारी किया

मराठों की पहली सेना का गठन शिवाजी ने किया : काले

- महाराष्ट्र मंडल में हुई छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती
- जयंती पर मंगल पांडे और डा. खूबचंद बघेल का भी किया गया स्मरण

रायपुर/नवप्रदेश । वह शिवाजी थे, जिन्होंने मराठों की पेशेवर सेना का गठन किया। उससे पहले मराठों की कोई अपनी सेना नहीं थीं। उन्होंने एक औपचारिक सेना, जहां कई सैनिकों को उनकी सेवाओं के लिए साल भर का भुगतान किया गया, उसका गठन किया था। मराठा सेना कई इकाइयों में विभाजित थी। प्रत्येक इकाई में 25 सैनिक थे। हिंदू और मुस्लिम दोनों को बिना किसी भेदभाव के सेना में भर्ती किया जाता था और योग्यता व अनुभव के आधार पर ओहदा भी।उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने शनिवार की देर शाम छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती के दौरान व्यक्त किए।

महाराष्ट्र मंडल के युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि प्रत्येक माह की 19 तारीख को होने वाली शिवाजी महाराज की महाआरती के साथ 1857 की क्रांति के महानायक शहीद मंगल पांडे और महान स्वाधीनता सेनानी व छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा डा. खूबचंद बघेल को उनकी जयंती पर नमन किया गया और उनके उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की गई।

डॉ. शुचिता देशमुख के अनुसार आरती के उपरांत अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उपस्थित सभासदों ने उनका पुण्य स्मरण किया।

मंडल सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत अमर शहीद मंगल पांडे ने असाधारण साहस के बूते देश के स्वाभिमान की रक्षा की और स्वतंत्रता के लिए राष्ट्र को जागृत करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं डा. खूबचंद बघेल ने डॉक्टरी की नौकरी छोड़कर देश की आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता संग्राम में कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

महिलाओं की आय बढ़ाने जिले में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती की शुरुआत

महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों (दीदियों) ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती की शुरुआत की है।

इस कार्य में ष्टस्ढ्ढक्रू केन्द्रीय औषधीय संस्थान और राष्ट्रीय औषधीय पौधा बोर्ड के विशेषज्ञों का तकनीकी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

दो सगे भाइयों ने पड़ोसी को उतारा मौत के घाट

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के भवानी नगर में शनिवार रात दो सगे भाईयों ने गैती और लोहे की रोड से हमला कर युवक की हत्या कर दी। आरोपियों ने मृतक को उनकी गैरमौजूदगी में घर आने से मना किया था. इसके बावजूद उसका घर में आना-जाना जारी रहा। बीती रात मौका पाकर ओमप्रकाश यादव और उसके भाई राहुल ने मिलकर पड़ोसी सुनील की हत्या कर दी।

चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी की कार्यवाही भाजपा का राजनैतिक षड्यंत्र : दीपक बैज

रायपुर /नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ की गई ईडी की कार्यवाही को कांग्रेस ने भाजपा का राजनैतिक षड्यंत्र बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़ की संपदा को लूटने वालो तथा छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाने वालों की लड़ाई है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार राज्य के जल, जंगल, जमीन सहित खनिज संपदा कोयला की खदानें तथा आयरनओर की खदानें अडानी को सौंप रही है।

थैलेसीमिया मुक्त बचपन की ओर कदम

रायपुर /नवप्रदेश। जिला अस्पताल पंडरी में आज थैलेसीमिया से जूझ रहे मासूम बच्चों के लिए प्रोजेक्ट जीवन के अंतर्गत निशुल्क परामर्श और उपचार हेतु विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य उन बच्चों को राहत देना है, जो थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के कारण लगातार रक्त चढ़वाने को विवश हैं। शिविर के माध्यम से ऐसे बच्चों को मुफ्त इलाज और बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा देकर एक बेहतर और स्वस्थ जीवन देने की पहल की गई। शिविर में देश के प्रतिष्ठित अस्पताल फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम से अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास दुआ और रक्त विकार विशेषज्ञ व ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. परमिंदर पाल सिंह ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं दीं। शिविर में 12 वर्ष से कम आयु के थैलेसीमिया पीड़ति बच्चों का निशुल्क परीक्षण, परामर्श और उपचार किया गया। मरीजों और उनके परिजनों को थैलेसीमिया की रोकथाम, लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस शिविर की सबसे महत्वपूर्ण पहल रही निशुल्क ॥रुजांच, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावना का पता लगाया जाएगा। जिन बच्चों की जांच में उपयुक्त मैच पाया जाएगा, उनका बोन मैरो ट्रांसप्लांट शासन की ओर से पूरी तरह निश्शुल्क कराया जाएगा। शिविर में कुल 30 मरीजों ने भाग लिया और 40 से अधिक ॥रु सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए गए। इस अवसर पर परिजनों को आगे के उपचार और देखभाल से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी गई।

शिविर के आयोजन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. संतोष भंडारी, प्रोजेक्ट जीवन की नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी, कंसल्टेंट मिथलेश सोनबेर, डॉ. राखी चौहान और जिला अस्पताल के अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल रहे। फील्ड स्तर से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को शिविर स्थल तक पहुँचाने में आरबीएसके टीम का विशेष योगदान रहा।

मैं एक बहू होकर गोल्ड मेडल लाई हूं, तो बेटियां कर सकती हैं और भी बेहतर : नमी राय पारेख

कैट ने जापान से गोल्ड मेडल जीतकर लौटी छत्तीसगढ़ की बेटी नमी राय पारेख का स्वागत सम्मान किया

रायपुर /नवप्रदेश । देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महिला प्रदेष अध्यक्षमधु अरोरा, महिला प्रदेष महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि बताया कि आज कैट के प्रदेष कार्यालय में कैट ने जापान से गोल्ड मेडल जीतकर लौटी छत्तीसगढ़ की बेटी और पावरलिफ्टिंग में तेजी से उभरती खिलाड़ी नमी राय पारेख का स्वागत सम्मान किया गया । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महिला प्रदेष अध्यक्ष मधु अरोरा एवं महिला प्रदेष महामंत्री पिंकी अग्रवाल बताया कि छत्तीसगढ़ की बेटी और पावरलिफ्टिंग में तेजी से उभरती खिलाड़ी नमी राय पारेख ने जापान में आयोजित एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम सीनियर वर्ग (क्लासिक पावरलिफ्टिंग, डेडलिफ्ट) में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। नमी राय पारेख की इस उपलब्धि ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है, और वह आज की पीढ़ी की लड़कियों के लिए एक मजबूत प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरी हैं। नमी राय पारेख ने गोल्ड जीतने के बाद नमी ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह जीत उनकी मंजिल नहीं, बल्कि एक शुरुआत है। ÷मेरा लक्ष्य है कि मैं आने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी गोल्ड जीतकर देश के लिए नए रिकॉर्ड बनाऊं। यह मेरे छह सालों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। छह महीने पहले मैंने नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीता था और उसी के बाद मुझे इंटरनेशनल लेवल पर खेलने का मौका मिला। प्रेरणादायक संदेश देते हुए नमी ने प्रदेश की बेटियों से कहा मेरे परिवार ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मैं सभी माता-पिता से अपील करती हूं कि वे अपने बच्चों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें और उनका हौसला बढ़ाएं।

न्यूज गैलरी

नेपाल ने वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर टेलीग्राम ऐप किया बैन

नई दिल्ली। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण (एनटीए) ने देश के सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के एक्सेस को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। यह निर्णय नेपाल पुलिस के साइबर ब्यूरो द्वारा महीनों से लगातार दी जा रही चेतावनियों और अनुरोधों के बाद आया है, जिसने इस ऐप को फाइनेंशियल फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एक टूल के रूप में फ्लैग किया है।एनटीए ने एक बयान में इस निर्देश की पुष्टि करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उठाई गई गंभीर चिंताओं के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। एनटीए ने कहा, नेपाल में टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी लगातार बढ़ रही है और यह ऐप कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों में शामिल है, इसलिए सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को टेलीग्राम को तुरंत ब्लॉक करने का निर्देश दिया जाता है।प्राधिकरण ने कहा कि टेलीग्राम के माध्यम से धोखाधड़ी की घटनाएं हाल ही में बढ़ी हैं। इनमें फर्जी नौकरी के प्रस्ताव, क्रिप्टो घोटाले और अन्य भ्रामक तरीके शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय और अन्य प्रमुख अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए बैठकें कीं।टेलीग्राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामलों की जानकारी मिलने के बाद, प्रधानमंत्री कार्यालय ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को एक आधिकारिक पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया। प्रतिबंध का एक अन्य प्रमुख कारण टेलीग्राम द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग न करना था।मंत्रालय ने टेलीग्राम के आधिकारिक प्रतिनिधि से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई स्थानीय संपर्क सूत्र नहीं मिल सका। बीते शुक्रवार को मंत्रालय ने एनटीए को पत्र लिखकर इस ऐप को ब्लॉक करने का अनुरोध किया। इसके तुरंत बाद, प्राधिकरण ने सभी टेलीकॉम और इंटरनेट प्रोवाइडर्स को ऐप तक एक्सेस बंद करने का निर्देश दिया। टेलीग्राम की लंबे समय से असुरक्षित होने और यूजर्स का डेटा अधिकारियों के साथ साझा न करने के लिए आलोचना की जाती रही है।

इंफ्रास्ट्रक्चर' विकसित भारत की भव्य इमारत का मजबूत स्तंभ : हरदीप

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जोर देकर कहा है कि भारत अपने एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन पर काम आगे बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 तक देश में केवल 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें थीं, जो अब बढ़कर लगभग 25,000 किलोमीटर हो गई हैं और कई किलोमीटर निर्माणाधीन हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनकी दिशा बदलना आसान नहीं है। लेकिन जब दूरदर्शी नेता, देशवासियों के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर, संरक्षक बनते हैं, तो यह संभव हो जाता है।

वीजा को पछाड़कर यूपीआई बना दुनिया का बादशाह

भारत की यूपीआई क्रांति : 18 अरब मासिक लेनदेन के साथ बना दुनिया का नंबर 1 पेमेंट सिस्टम

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में भारत को तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर के रूप में मान्यता दी है । इस क्रांति के केंद्र में भारत का अपना यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) है, जिसने देश में डिजिटल लेनदेन की परिभाषा ही बदल दी है । जून 2025 में 18.39 बिलियन लेनदेन के माध्यम से 24 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजैक्शन कर यूपीआई ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में लॉन्च किया गया यह प्लेटफॉर्म आज भारत के 85त्न डिजिटल भुगतानों को संचालित करता है।आंकड़ों में यूपीआई की बेमिसाल सफलता को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसका विकास अभूतपूर्व रहा है, जहाँ केवल एक साल में ही इसके लेनदेन की संख्या में लगभग 32त्न की भारी वृद्धि हुई है; जून 2024 के 13.88 बिलियन लेनदेन की तुलना में जून 2025 में यह आंकड़ा 18.39 बिलियन तक पहुंच गया। वर्तमान में, यह प्रणाली 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को अपनी सेवाएं दे रही है और 675 बैंकों को एक ही मंच पर सफलतापूर्वक एकीकृत करती है, जिससे उपयोगकर्ता आसानी से भुगतान कर पाते हैं। यूपीआई की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण इसकी वैश्विक हिस्सेदारी है, जहाँ यह दुनिया भर में होने वाले कुल रियल-टाइम डिजिटल भुगतानों का लगभग 50त्न हिस्सा संचालित करता है। दैनिक लेनदेन के मामले में यूपीआई ने दुनिया की सबसे बड़ी भुगतान कंपनी वीजा को भी पीछे छोड़ दिया है। जहाँ वीजा प्रतिदिन 639 मिलियन ट्रांजैक्शन प्रोसेस करता है, वहीं यूपीआई अब हर दिन

640 मिलियन से अधिक ट्रांजैक्शन संभाल रहा है। यह उपलब्धि इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि यूपीआई ने यह बेमिसाल मुकाम अपनी शुरुआत के केवल नौ वर्षों के भीतर ही हासिल कर लिया है। यूपीआई की सफलता की कहानी अब भारत की सीमाओं के पार भी गूंज रही है, जो इसकी बढ़ती वैश्विक धमक को दर्शाता है। यह भुगतान प्रणाली पहले से ही सात देशों- संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में उपलब्ध है। फ्रांस में इसका प्रवेश एक विशेष मील का पत्थर है, क्योंकि यह यूरोप में यूपीआई का पहला कदम है। अपनी वैश्विक पहुंच को और विस्तार देने के लिए, भारत अब यूपीआई को ब्रिक्स (क्र्नह्रञ्जस्) समूह में एक मानक भुगतान प्रणाली बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को भारत में रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना दिया है। इसने लेनदेन को आसान, तेज और सुरक्षित बनाया है। अब लोग बैंक खुलने का इंतजार किए बिना 24म7 कभी भी, कहीं भी तुरंत पैसे भेज सकते हैं। एक ही मोबाइल ऐप से अपने सभी बैंक खातों को प्रबंधित करना संभव हो गया है, जिससे वित्तीय प्रबंधन बेहद सरल हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने गोपनीयता और सुरक्षा को बढ़ाया है; अब भुगतान के लिए बैंक विवरण साझा करने की कोई जरूरत नहीं है, केवल एक यूपीआई आईडी ही काफी है और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन इसे और भी सुरक्षित बनाता है। इसके अलावा, क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान करने की सुविधा ने छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े शोरूम तक, हर जगह लेनदेन को अविश्वसनीय रूप से तेज और सुविधाजनक बना दिया है।

डिजिटल एक्सीलेंस और राष्ट्र निर्माण की दिशा में इसकी यात्रा में एक बड़ी छलांग

दिल्ली के डाकघरों में आज से एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया जाएगा : संचार मंत्रालय

नई दिल्ली। डाक विभाग (डीओपी) ने शनिवार को कहा कि 21 जुलाई से दिल्ली के डाकघरों में एक एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म लागू किया जाएगा। नेक्स्ट-जनेरेशन एपीटी एप्लिकेशन का रोलआउट, डिजिटल एक्सीलेंस और राष्ट्र निर्माण की दिशा में इसकी यात्रा में एक बड़ी छलांग है। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस परिवर्तनकारी पहल के तहत, अपग्रेडेड सिस्टम 21 जुलाई को दिल्ली के डाकघरों में लागू किया जाएगा। संचार मंत्रालय की ओर से दिल्ली के डाकघरों की लिस्ट भी साझा की गई है, जिनमें अपग्रेडेड सिस्टम को लागू किया जाएगा। इन डाकघरों में अलीगंज, अमर कॉलोनी, एंड्रयूजगंज, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, दरगाह शरीफ, डिफेंस कॉलोनी, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कॉम्प्लेक्स साकेत, ईस्ट ऑफ कैलाश फेज ढ्ढ, ईस्ट ऑफ कैलाश, गौतम नगर, गोल्फ लिंक्स, गुलमोहर पार्क, हरि नगर आश्रम, हजरत निजामुद्दीन, जंगपुरा, कस्तूरबा नगर, कृष्णा मार्केट, लोदी रोड, लाजपत नगर, मालवीय नगर, एमएमटीसी-एसटीसी कॉलोनी, नेहरू नगर, एनडी साउथ एक्सटेंशन-ढ्ढ, पंचशील एन्क्लेव, प्रगति विहार, प्रताप मार्केट, पुष्प विहार, सादिक नगर, सफदरजंग एयर पोर्ट, साकेत, संत नगर, सर्वोदय एन्क्लेव, दक्षिण मालवीय नगर, श्रीनिवासपुरी और जीवन नगर बीओ शामिल हैं।इस एडवांस्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित ट्रांजिशन को सक्षम करने के लिए 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है।डाक विभाग ने कहा, 21 जुलाई को इन डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेनदेन नहीं होगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के लिए आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नया सिस्टम सुचारू और कुशलतापूर्वक क्रियान्वित हो सके। एपीटी एप्लिकेशन को बेहतर यूजर एक्सपीरियंस, तेज सेवा वितरण और अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए मंत्रालय की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।विभाग ने आगे कहा, हम अपने सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि कृपया अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें और इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान हमारे साथ धैर्य रखें।

पहली तिमाही के नतीजों के बीच घरेलू बाजारों में इस हफ्ते गिरावट

नई दिल्ली। विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट का सिलसिला जारी रहा और निफ्टी इंडेक्स 25,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुए। यह गिरावट वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजों, खासकर आईटी और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के नतीजों की धीमी शुरुआत के कारण देखी गई। वैश्विक मांग अनिश्चितता के बीच सुस्त प्रदर्शन और सतर्क दृष्टिकोण के कारण आईटी सेक्टर दबाव में रहा, जबकि अपेक्षित एनआईएम कॉन्ट्रैक्शन और परिसंपत्ति गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के भी सुस्त नतीजे आने की उम्मीद है।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, एफएमसीजी शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसे शहरी उपभोग रुझानों में संभावित पुनरुद्धार की ओर इशारा करने वाले विकास अनुमानों का समर्थन मिला। मैक्रोइकोनॉमिक अनुकूल परिस्थितियों से बेहतर आय गति निवेशकों की पसंद को उपभोग शेयरों की ओर मोड़ सकती है।

इलाका सीरीज में कैसा होगा अपूर्वा अरोड़ा का किरदार

हिंदी, गुजराती, पंजाबी और कन्नड़ फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा जल्द ही नई वेब सीरीज इलाका में अविवा का किरदार निभाती नजर आएंगी। इलाका सीरीज में अविवा साउथ बॉम्बे की एक अमीर लड़की है। वह एक ऐसे लड़के से प्यार कर बैठती है जो मुंबई के चॉल में रहता है। वह लोगों को उनके परिवार, पैसे या समाज में उनकी स्थिति से नहीं देखती। वह हर किसी को उनकी असली पहचान, उनके दिल और उनके अच्छे गुणों से देखती है। वह प्यार और इंसानियत को सबसे ऊपर रखती है। अपूर्वा ने कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि अविवा और उसके बॉयफ्रेंड का रिश्ता एक ऐसी उम्मीद की किरण बन जाता है जो प्रेम कहानियों में खुशियों की रोशनी लेकर आता है।

उन्होंने कहा, अविवा बहुत अमीर लड़की है जो साउथ बॉम्बे से है, और वह एक चॉल के लड़के को डेट कर रही है। उसे लोगों के सोशल स्टेटस की परवाह नहीं है, वह लोगों को उनकी असली पहचान से देखती है। उसका दिल बहुत साफ और सच्चा है। इस सीरीज में कई रहस्य और रोमांच हैं, इसलिए मैं कहानी के बारे में ज्यादा नहीं बता सकती, लेकिन अविवा और उसके बॉयफ्रेंड का रिश्ता इस मुश्किल दुनिया में खुशियां लेकर आता है। हाल ही में मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया है कि यहां सब कुछ वैसा नहीं होता जैसा दिखता है। लोग और उनके इरादे अक्सर अलग होते हैं। कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती, अपूर्वा का किरदार खास और असरदार छाप छोड़ता जाता है। ये कहानी रिश्ते की जटिलता, प्यार, तनाव, टकराव और रहस्य से भरी हुई है। अपूर्वा ने अक्षय कुमार की फिल्म हॉलिडे में उनकी बहन का किरदार निभाया था। इसके अलावा, वह परेश रावल और अक्षय कुमार की फिल्म ओ माय गॉड का भी हिस्सा रहीं।

सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

मोहित सूरी एक बेहतरीन निर्देशक हैं, जो आशिकी 2 से लेकर एक विलेन जैसी अपनी कई फिल्मों से यह साबित भी कर चुके हैं। 18 जुलाई को उनकी फिल्म सैयारा आई तो फिल्म देखने के लिए दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी। पहले ही दिन अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए कलाकारों की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़े-बड़े सितारों की फिल्मों को मात दे दी। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने कितनी कमाई की। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक सैयारा ने रिलीज के पहले दिन 20 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है। नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सैयारा में अपनी एक्टिंग से बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धुआं उड़ाया है कि इन्होंने इस साल आई आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे बड़े सितारों की फिल्मों को भी धूल चटा दी है।आमिर की फिल्म सितारे जमीन पर ने पहले दिन 10.70 करोड़ रुपये की कमाई की थी तो अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स ने 15.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। उधर अजय की रेड 2 ने 19.71 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। सैयारा का बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ओपनिंग डे पर 20 करोड़ कमाने के बाद अब अनुमान यही है कि शनिवार और रविवार को भी यह धमाकेदार कारोबार करेगी।रिलीज से पहले ही सैयारा ने 9.39 करोड़ रुपये की दमदार एडवांस बुकिंग की थी। अनुमान लगा जा रहा था कि यह फिल्म 14-16 करोड़ रुपये कमाएगी, लेकिन 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूना किसी आश्चर्य से कम नहीं है।

0नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर के मैदान पर खेला जाएगा। इस मुकाबले में जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं इसको लेकर अब तक कुछ साफ तय नहीं हो पाया है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
आम-सूचना

विषय : सीमांकन बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तहसीलदार दुर्ग के 1639/वा. ना.तह./2025, दुर्ग दिनाँक 10/06/2025 के पालन में ग्राम फूलगांव प.ह.नं. 20 भूमि स्वामी श्री मनोज कुमार कुखरानिया पिता/पति हाजेन्द्र कुमार कुखरानिया निवासी नेहरूनगर भिलाई आवेदित ग्राम फूलगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 262/254 रकबा हे. जिसकी सीमा उत्तर में 1. शिवनाथ ऑटो मोबाइल्स प्रा.लि. डायरेक्टर श्याम किशोर गुप्ता पिता शिवनाथ प्रसाद गुप्ता निवासी कांकेर, 2. सिद्धी विनायक बिल्डर्स पार्टनर योगेश्वरी रावत पति राजेश रावत निवासी भिलाई, दक्षिण में डॉ. गोपाल कृष्ण अग्रवाल पि. स्व. श्री कृष्ण अग्रवाल नि. 3 चाले माउट वरसाल यूके, 1. रोहन कुखरानिया पि. राजेन्द्र कुखरानिया वगै नि. नेहरू नगर, पूर्व में डॉ गोपाल कृष्ण अग्रवाल पि स्व. श्रीकृष्ण अग्रवाल नि- 3 चालेमाउट वरसाल, यूके, पश्चिम में मनोज कुमार कुखरानिया पि. राजेन्द्र कुमार नि. सेक्टर-07 भिलाई है। का सीमांकन दिनॉक 23/07/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 2:30 बजे किया जावेगा ।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नम्बर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202507100600033 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री वेदप्रकाश साहू आ./पति श्री शैलेन्द्र कुमार झा निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम छाटा प.ह.न. 21 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 339/5 रकबा 0.0100 हें/ भूमि पर व्यवसायिक प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.07.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती सुनिती यादव — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400250/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुनिती यादव आ./पति स्व. कृष्णचन्द्र यादव निवासी स्मृतिनगर जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	1/279	0.0330 हें वर्गफीट 3600	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202507100600010 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सुधांशु व्यास आ./पति श्री महेश कुमार व्यास निवासी सिमरन सिटी मठपुरैना सुंदर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.न. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2203/15 रकबा 0.0276 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 11.07.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री रजनीश कुमार — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400244/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री रजनीश कुमार आ./पति श्री जयप्रताप सिंह निवासी गिरधारी नगर जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	97/12	0.0092 हें वर्गफीट 1000	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री रजनीश कुमार — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400243/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री रजनीश कुमार आ./पति श्री जयप्रताप सिंह निवासी गिरधारी नगर जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	97/13	0.0092 हें वर्गफीट 1000	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400246/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू आ./पति श्री रामसिंह साहू निवासी कादम्बरी नगर जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	769/10	0.0143 हें वर्गफीट 1560	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन साहू पिता स्व. रामकुमार साहू निवासी पंचशील नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा रामकुमार साहू पिता जगमोहन साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 22.09.2023 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00004 अंजोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430100100022

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी सोनिया बेवा पिता/पति मनबोधीचंद पता अंजोरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2034(0.0600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीला जोशी पिता/ पति स्व. देवचंद चतुर्वेदी पता अंजोरा, पुरुषोत्तम चतुर्वेदी पिता/पति स्व. देवचंद चतुर्वेदी पता अंजोरा, श्रीमती पीयरियादास चतुर्वेदी पिता/पति स्व. देवचंद चतुर्वेदी पता अंजोरा, कौशिल्याबाई बंजारे पिता/पति स्व. देवचंद चतुर्वेदी पता अंजोरा, नरोत्तम दास पिता/पति स्व. देवचंद चतुर्वेदी पता अंजोरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202507100700098 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सतनाम सिंग पिता स्व. सुरजीत सिंग निवासी आशा नगर, तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 16/355 रकबा 0.0075 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ती श्रीमती चरणजीत कौर पति स्व. सुरजीत सिंग धुन्ना के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार / वसीयतकर्ती श्रीमती चरणजीत कौर पति स्व. सुरजीत सिंग धुन्ना के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 21/01/2025 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता नागेश कुमार पिता श्री रमेश कुमार 25 वर्ष, निवासी मकान न. 250, वार्ड न. 54, पुलागाँव दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त बताये अनुसार सही व सत्य हैं। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नरेन्द्र कुमार साहू पिता रमेश साहू दर्ज हैं किन्तु मेरे कक्षा पाँचवी के अंकसूची एवं कक्षा आठवी के स्थानांतरण प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में मेरा नाम नागेश कुमार पिता श्री रमेश कुमार दर्ज हैं। यह कि, मै अपने आधार कार्ड एवं भविष्य में जारी होने वाले समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के अनुसार अपना नाम नागेश कुमार पिता श्री रमेश कुमार दर्ज करवाना चाहता हूं। यह की, शपथपत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना हैं।

शपथकर्ता
नागेश कुमार
पिता श्री रमेश कुमार
निवासी मकान न. 250, वार्ड 54, पुलागाँव दुर्ग,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना
नाम परिवर्तन होने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुशा राजेश पति श्री राजेश के के उम्र 39 वर्ष, निवासी क्वा नं.-9 सी. सड़क- 76, सेक्टर-6 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के है, उनके पुत्र सुजेश राजेश (SUJESH RAJESH) जन्म प्रमाण पत्र में नाम- सुजेश (SUJESH) दर्ज है, जो कि लघु नाम है। जबकि मेरे पुत्र का सही एवं पूरा नाम-सुजेश राजेश है, कि सुजेश राजेश एवं सुजेश दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार के पुत्र का नाम है। भविष्य में मेरे पक्षकार को सुजेश राजेश पिता राजेश के के, के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावेगा। अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

आम-सूचना
नाम परिवर्तन होने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अरूणा ताम्रकार पति हितेन्द्र कुमार ताम्रकार निवासी- मकान नं.-293, सुभाष चौक, बोडेगांव, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की है, मेरे पक्षकार के नाम पर भारत शासन द्वारा एक आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका आधार क्रमांक-2174 6940 1504 है, कि उक्त आधार कार्ड में नाम सुधार करते समय लिपिकीय त्रुटिवश मेरे पक्षकार का नाम भूलवश हितेन्द्र कुमार ताम्रकार दर्ज हो गया है जो कि मेरे पक्षकार के पति का नाम है, जबकि मेरे पक्षकार का सहीं एवं वास्तविक नाम अरूणा ताम्रकार है जो कि मेरे पक्षकार के समस्त आवश्यक दस्तावेजों में दर्ज है।

भविष्य में मेरे पक्षकार अरुणा ताम्रकार पति हितेन्द्र कुमार ताम्रकार, के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावेगा। अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम पूना बघेल — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400191/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पूना बघेल आ./पति श्री महेन्द्र सिंह बघेल निवासी सेक्टर-05 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	565/31	0.021 हें वर्गफीट 2335	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। भवानी नगर खदान के पास स्थित मैदान के पास दो युवकों ने एक युवक पर रॉड व कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है।
मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुनील राव 24 वर्ष भवानी नगर खम्हारडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि भवानी नगर खदान के पास बैठा था, तभी आरोपी राहुल यादव 20 वर्ष और प्रकाश यादव 19 वर्ष आया और पुरानी रंजिश के चलते सुनील राव से विवाद कर रॉड एवं कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। मामले में खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है।

ऑटो सेंटर के पास खड़ी मोपेड पार

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव स्थित बॉबी ऑटो सेंटर के पास खड़ी मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक अग्रवाल 51 वर्ष राधास्वामी नगर पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी मोपेड क्रमांक सीजी 04 एमएम 6020 को बॉबी ऑटो सेंटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तलवार लहराते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस ने गांधी मैदान के पास तलवार लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तलवार जब्त किया है।
मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांधी मैदान के पास दो युवक तलवार लेकर आतंक फैला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी विजय साल्वे 20 वर्ष और राहुल कश्यप 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से तलवार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राखड़ परिवहन गाड़ी ने व्यक्ति का सिर कुचला, फरार

कोरबा/नवप्रदेश। कोयलांचल बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में राखड़ परिवहन कार्य में लगी एक वाहन ने एक व्यक्ति को इस कदर कुचल दिया कि उसके धड़ से सिर चकनाचूर होकर गायब हो गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार शाम करीब 6.20 बजे के आस पास दो नम्बर दफाई राखड़ डेम के पास घटित हुई। ग्राम रोहिना से पहले एक अज्ञात व्यक्ति को राखड़ परिवहन में लगी एक गाड़ी दबा कर फरार हो गई। व्यक्ति की तत्काल मौत हो गई।

बस्तर में माल गाड़ियों के लिए लाइन क्लियर

- यात्रियों को 20 दिन से इंतजार है रेलवे के शार्ट टर्मिनेशन खत्म होने का
- आम लोगों को हो रही परेशानी से किसी को नहीं कोई सरोकार
- शार्ट टर्मिनेशन है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा
- उड़ीसा के कोरापुट से हो रहा संचालन बस्तर से छूटने वाली गाडियों का

जगदलपुर/नवप्रदेश। 1 जुलाई को मल्लीगुड़ा और जड़ती स्टेशन के बीच भूस्खलन से &0 हजार धन लीटर मलबा बोल्डर रेल ट्रैक पर गिरा था। उसके बाद जिसे साफ करने में रेलवे को 4 दिन का समय लग गया। यहां तक तो ठीक है लेकिन उसके बाद रेलवे ने माल गाडिय़ों का नियमित संचालन बस्तर से करना शुरु कर दिया। ये गाडियां बस्तर से लौह अयस्क ले कर निर्बाध विशाखापट्टनम की और दौड़ रही है। इनके लिए लाइन क्लियर है। अपने गंतव्य तक पहुंचने कहीं कोई दिक्कत नहीं है। वहीं दूसरी ओर बस्तर से छूटने वाली सभी यात्री गाडिय़ों को शॉर्ट टर्मिनेशन बताते हुए उड़ीसा के कोरापुट से संचालित किया जा रहा है। पिछले 20 दिन से यह शार्ट टर्मिनेशन खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा। इसका नतीजा यह हुआ है कि यहां के लोगों को यात्री गाडिय़ां पकडऩे के लिए कोरापुट जाना मजबूरी है। इसके लिए परेशानी के अलावा उन्हें अतिरिक्त खर्च भी करना पड़ रहा है। उधर ऐसा लग रहा है कि इस बड़े मुद्दे को लेकर रेलवे के अफसरों को कोई सरोकार नहीं रहा।

विशाखापट्टनम ही नहीं रांची तक जाते हैं लोग इलाज के लिए : दीगर कामों के अलावा काफी बड़ी संख्या में बस्तर और आसपास के लोग विशाखापट्टनम इलाज के लिए जाते हैं। विशाखापट्टनम ही नहीं काफी संख्या में लोग झारखंड के रांची भी ट्रीटमेंट के लिए आना जाना करते हैं। ऐसी स्थिति में लोगों को ट्रेन पकडऩे के लिए घर से निकलते ही अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। इधर रेलवे ने अभी 22 से 24 जुलाई तक शार्ट टर्मिनेशन की अवधि बढ़ाई हुई है।

आटो रिक्शा से भी सफर करने की मजबूरी

जगदलपुर से जयपुर फिर कोरापुट तक लोग काफी मशक्कत के साथ पहुंच रहे हैं। जयपुर से कोई बस तो कोई आटो रिक्शा या जिसे जो भी साधन मिल रहे हैं उनके माध्यम से कोरापुट तक पहुंच रहे हैं। जगदलपुर के गीदम रोड निवासी ने बताया कि पहले मुश्किल से जयपुर पहुंचे हैं। वहां से फिर ऑटो रिक्शा लेकर कोरापुट तक पहुंच पाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रति सवारी सौ रुपए ऑटो रिक्शा चालक को देने पड़े हैं। उल्लेखनीय है कि जयपुर के बाद कोरापुट तक पूरा घाट इलाका है। घाट इलाके में ऑटो रिक्शा से सफर करना काफी कष्ट प्रद है।

दंतैल हाथी ने घरों को किया तहस-नहस

- जायजा लेने पहुंचे भाजपा जनप्रतिनिधि

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ क्षेत्र में दतैल हाथी का तांडव लगभग चार दिनों से जारी था कइयों के मकान तथा फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिसका जायजा लेने भाजपा के अंतागढ़ क्षेत्र में हाथी के आने से क्षेत्र के गांवों में हाथी ने घरों को नुकसान पहुंचा है जिसका जायजा लेने भाजपा के जनप्रतिनिधिओ में जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मांडवी, जनपद उपाध्यक्ष कुबलसिंग भूसाखरे ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश उइके,मंडल मंत्री शंभु नाथ दर्रो ने मलमेटा ,सरंडी,आमाकड़ा मुरामेर गांव पहुंचे, जहां घर घर जाकर पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी आपबीती सुनी वही हाथी के द्वारा किए मकान को देख हुए नुकसान की भरपाई के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशित दिया गया तथा जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया

बता दे कि दतैल हाथी अंतागढ़ क्षेत्र में सोमवार मंगलवार के दरमियान अंतागढ़ हिमोड़ा नाहकसा गांव में विचरण करते देखा गया था जिसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया जहां वन विभाग की टीम पहुंचकर गांवों में मुनादी कराकर लोगों को हाथी से सतर्क रहने कहा गया था दूसरे दिन हाथी मलमेटा के जंगल में देखा गया जो दो दिन उसी क्षेत्र मे विचरण करता रहा और ज्यादा वही घरों को नुकसान पहुंचाया है ज्ञात हो कि कल पहली बार अंतागढ़ में दंतेल हाथी को देखा गया क्षेत्र के लोगों में उत्सुकता और दहशत का माहौल था लोग हाथी की खबर हर कोई जानना चाहता था

हाथी को रविवार को दुर्गुकोदल दमकसा क्षेत्र के जंगलो में देखा गया

गौरतलब हो कि हाथी चार दिनों से अंतागढ़ वन परिक्षेत्र में आतंक मचाने के बाद आज दुर्गुकोदल परिक्षेत्र में देखा गया कल शनिवार को हाथी आखिरी बार सुबह अंतागढ़ से होते हुए मासबरस बुलावंड के जंगलों में पहुंचा थाऔर दिन भर वही रहने के बाद शाम को करीब 6 बजे कानागांव हुए आज दुर्गुकोंदल दमकसा में देखा गया है हालांकि सभी रेंज के वन विभाग की टीम सतर्क है और रात दिन हाथी की देखरेख में लगे हुए हैं अंतागढ़ में भी वन विभाग की टीम लोगों को सतर्क रहने और किसी प्रकार की कोई घटना न हो इस प्रयास रात दिन गांवों में डटे रहे।

लहराई तरवार आरोपी गिरफ्तार

कुरूद/नवप्रदेश। 19 जुलाई को थाना कुरूद को सूचना प्राप्त हुई कि शांति नगर, कुरूद स्थित नया तालाब के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार तलवार लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने की हरकत कर रहा है। प्राप्त सूचना पर थाना कुरूद पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपी को मौके पर ही काबू किया। आरोपी अमन यादव लोगों को खुलेआम तलवार लहराकर धमका रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, जिसे तत्परता से पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन यादव बताया। एक लोहे की धारदार तलवार - अनुमानित मूल्य 1,000/-रूपये , एक लाल मखमल कपड़े से ढका मयान-कुल लंबाई 29 इंच ,उपरोक्त सामग्री को गवाहों के समक्ष विधिवत् रूप से जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 187/2025 अंतर्गत धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

हिमानी सिंह बनी 2025 की 'सावन सुंदरी'

- सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया
- सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया

रायपुर/नवप्रदेश। सावन के पावन अवसर पर हरसंभव फाउंडेशन द्वारा सावन सुंदरी प्रतियोगिता 2025 - सीजन 6 का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में महिलाओं की पारंपरिक संस्कृति, सौंदर्य और प्रतिभा का उल्लासपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.वर्णिका शर्मा जी उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रुना शर्मा, डॉ. प्रीति उपाध्याय, डॉ. आस्था बाफना, कविता कुंभज, दीपिका वैष्णव, ममता पटेल, गीता वर्मा और पूजा शुक्ला शामिल रहीं।

संस्था की संस्थापक/अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना एवं पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, गायन जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को भी उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश स्तुति एवं भक्ति गीतों से हुई, जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

निर्णायक मंडल में उमा कुशवाहा, शीतल मार्को, शकीला खान एवं शिवांगी मित्रा ने अपनी भूमिका निभाई और संयुक्त निर्णय के आधार पर परिणाम घोषित किए।

प्रथम स्थान एवं सावन सुंदरी 2025 बनीं: .. हिमानी सिंह, द्वितीय स्थान प्राप्त अलीशा कर्ण , तृतीय स्थान पर रहीं: बरखा अंदानी.रही

गायन प्रतियोगिता में खुशबू त्रिपाठी एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रीति चौहान सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में रागिनी साहू इशिता जुमरानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया किया द्वितीय स्थान पर ज्योति झा एवं मान्य पूजा जुमरानी रहीं तृतीय स्थान पर कनक लता वर्मा पिंकी पटेल सारिका वर्मा रहीं विशेष आकर्षण शिव पार्वती के रूप में अनुषा मुखर्जी एवं गौरी चौबे की प्रस्तुति से सारा माहौल शक्तिमय हो गया।

52 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। नया सेवरा अभियान अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब एवं वन्य जीव के परिवहन एवं बिक्री में रोक लगाने के साथ कड़े कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया था। दिनांक 20.07.2025 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला की एक व्यक्ति ग्राम मडेली रंग मंच के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रख कर अवैध धन अर्जित के करने के लालच में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मुखबीर द्वारा बताये गये सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ के रवाना हो कर मुखबीर द्वारा गये घटना स्थल में पहुच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। जिसक नाम पता पुछने पर अपना धनेश्वर सिंह ठाकुर पिता चैनसिंह ठाकुर उम्र 39 वर्ष, निवासी कोकनाझर, वार्ड नम्बर 08, थाना महासमुद, जिला महासमुद छ0ग0, हॉल पता ग्राम मड़ेली, थाना छुरा, जिला गरियाबंद छ0ग0 का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से 52 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 10400 रूपये को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी धनेश्वर सिंह ठाकुर के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना गरियाबंद पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

कुंदन भवन में तीज का कार्यक्रम

भाटापारा:/नवप्रदेश। श्री आदिगौड़ ब्राह्मण सभा महिला शाखा द्वारा कुंदन भवन में सावन के महीने में तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर वर्ष की तरह सावन में तीज का त्यौहार बहुत ही रंगारंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष श्री कृष्ण एवं राधा थीम एवं कई नए परंपरागत रूप मैं श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महिला के सभी सदस्यों ने आनंदपूर्ण तरीके से मनाया। अध्यक्ष बबीता शरद भृगु ने बताया कि समाज में महिलाओ को जागरूक करने एवं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त होना आज के युग में बहुत आवश्यक है। तीज के इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने समाज की सभी महिलाओं को सामाजिक रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मै पुष्पों की वर्षा एवं स्वादिष्ट भोजन का सभी ने आनंद लिया। सावन तीज कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बबीता शरद भृगु उपाध्यक्ष लता शर्मा सहित सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा।

बेटे ने की मां की हत्या, दिया आत्महत्या कर रुप

सरसींवा /नवप्रदेश। सरसीवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंड्रीपाली में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की सनसनीखेज साजिश का खुलासा पुलिस ने किया है। जमीन विवाद को लेकर मृतिका के ही गोद लिए बेटे ने अपनी पत्नी और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना रची और 40 हजार रुपये में सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलाया। सरसीवां पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

घटना 15 जुलाई की रात की है, जब मंझलीबाई नामक वृद्धा खाना खाकर अपने कमरे में सोने गई थी। अगली सुबह जब वह बाहर नहीं निकली तो ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ा और उसे मृत अवस्था में पाया। पुलिस को शुरुआत में मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हुआ, लेकिन जांच में अनेक संदेह सामने आए। पीएम रिपोर्ट में गला घोंटे जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया।

पुलिस अधीक्षक अंजनेय वाष्णेय के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमिषा पांडे एवं एसडीओपी विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक वीणा यादव के नेतृत्व में जांच तेज की गई। पूछताछ के दौरान मृतिका का गोद लिया पुत्र भजनलाल कठौतिया टूट गया और हत्या की साजिश स्वीकार की। उसने बताया कि मंझलीबाई उसके खिलाफ लगातार शिकायतें करती थी जिससे वह परेशान था। पत्नी नोनीबाई के साथ मिलकर उसने गांव के राजा कुर्रे को हत्या के लिए 40 हजार रुपये की सुपारी दी, जिसने अपने साथी सावनदास मानिकपुरी के साथ मिलकर मंझलीबाई की गला घोंटकर हत्या कर दी।

हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए आरोपियों ने शव के हाथ में चाबी वाली चूड़ी फंसा दी और दरवाजा अंदर से बंद कर खिड़की से फरार हो गए। सुबह गांव वालों को खबर दी गई कि मंझलीबाई की स्वाभाविक मौत हो गई है। लेकिन पुलिस की सूझबूझ, तकनीकी साक्ष्य और गांव वालों के बयानों ने पूरी साजिश को उजागर कर दिया।

संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा प्रदान की जाएगी

रायपुर/नवप्रदेश। सर्वत्र शिक्षा समिति नई दिल्ली द्वारा संचालित संस्कार पाठशाला योजना के अंतर्गत मंडल परियोजना नियंत्रण अधिकारी डी.के. शर्मा ने रायपुर में नवपदस्थ संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर शर्मा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिवादन किया तथा संस्कार पाठशाला योजना की विस्तृत जानकारी दी।

शर्मा ने बताया कि यह योजना प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के समग्र विकास पर केंद्रित है। इसमें संस्कार पाठशाला के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा कौशल विकास, नैतिक शिक्षा, एवं भारतीय संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा प्रदान की जाएगी।संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएँ न केवल शिक्षा को सशक्त बनाती हैं, बल्कि बच्चों में नैतिक और सामाजिक मूल्यों का भी विकास करती हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की रणनीतियों एवं संभावनाओं पर डी.के. शर्मा से विस्तार से चर्चा की।

सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-चाम्पा मार्ग पर उरगा बाजार से करीब 200 मीटर आगे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में अधिवक्ता नरेंद्र जायसवाल की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर में सड़क पर वे गिर पड़े और उनके सिर के ऊपर से वाहन का पहिया गुजर गया। घटना स्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। अधिवक्ता श्री जायसवाल उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम अंजोरीपाली भैसमा के निवासी थे। वह हर दिन अंजोरीपाली से जिला न्यायालय कोरबा आना- जाना किया करते थे। कल भी न्यायालय में कामकाज निपटा कर घर लौट रहे थे कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।

जिले में हादसों की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है और वाहन चालकों की लापरवाही लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों के साथ-साथ अंधेरी सड़कें और सड़कों पर गड्ढे, इन गड्ढों से बचने की कोशिश और बिना कॉलर वाली ऊबड़-खाबड़ सड़कों से बचकर चलना बड़ा ही मुश्किल होने लगा है। इन तमाम तरह की मुसीबत से गुजर कर जो अपने घर सही सलामत पहुंच जाता है, वह ईश्वर को धन्यवाद देता है वरना सड़क पर यूं ही मौत मिल रही है। लोग जान हथेली पर लेकर आना-जाना कर रहे हैं। अधिवक्ता नरेंद्र जयसवाल के निधन की खबर मिलते ही अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी व परिजनों में कोहराम मच गया। उरगा पुलिस ने दुर्घटना की सूचना बाद मौके पर पहुंचकर शव को मार्ग पंचनामा की कार्रवाई उपरांत जिला अस्पताल की म'र्युरी में रखवा दिया है। आज पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com